हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, सोमवार 21 सितंबर 2026

FOR THE FIRST TIME IN THE
HISTORY OF CHHATTISGARH

SAHELI AURUM
PURE & PROMISING FOREVER
presents

BIGGEST JEWELLERY SHOW 2026

21st TO 25th SEPTEMBER | 11 AM TO 9 PM

Launch Date - 21st September | Time - 11:00 AM | Venue - Shree Shivam Mall, Durg

आमंत्रित अतिथिगणों की गरिमामयी उपस्थिति में




श्री विजय बघेल एवं श्रीमति रजनी बघेल
माननीय सांसद, दुर्ग लोकसभा



श्री आई. पी. मिश्रा
कुलाधिपति श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई
चेयरमेन, शंकराचार्य मेडिकल कॉलेजेस एवं ग्रुप ऑफ कॉलेजेस

CREATIVE HUB ADVERTISING

Launching 11 New Collection in the Presence of Our Esteemed Guests

ROYALIS Timeless Heritage Art
EKAM THE LIMITED MASTERPIECES
ETERN MAGIC OF HANDCRAFT DIAMONDS
Glint THE DIAMONDS GLAM
Rajsa The Royal Touch
Nia ITS LITE IT'S A DELIGHT
SHUBH RATNA THE RIGHT GEMSTONE
Riva Polki Classics
Bomat THE ANTIQUE ARTISTRY
Rosette ROSE GOLD AFFAIR
inara OPEN POLKI ELEGANCE

SADAR BAZAAR, RAIPUR
+91 9584411144

SHREE SHIVAM MALL, DURG
+91 9244509870

BAZAAR CHOWK, UTAI
+91 7647072145

200 बिस्तरों का सुपरस्पेशिलिटी कैंसर हॉस्पिटल एवं वृहद सुपरस्पेशिलिटी डॉक्टर्स की टीम

कैंसर का पूरा इलाज श्री बालाजी हॉस्पिटल में आयुष्मान से...



डॉ. नीता नायक
मैनेजिंग डायरेक्टर



डॉ. देवेन्द्र नायक
चेयरमैन

श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एवं कॉलेजेस

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के मोवा स्थित श्री बालाजी कैंसर हॉस्पिटल के रूप में राज्य के चिकित्सा जगत को एक ऐतिहासिक और वरदान स्वरूप सौगात मिली है। अब छत्तीसगढ़ सहित आसपास के राज्यों के कैंसर पीड़ितों को महंगे इलाज के लिए महानगरों के चक्कर काटने से मुक्ति मिल जाएगी। आधुनिक तकनीक, अत्याधुनिक मशीनों और विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस इस 200 बेड के सुपर स्पेशियालिटी कैंसर हॉस्पिटल का उद्देश्य हर वर्ग के मरीज को सुलभ और उच्च गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है। सबसे राहत भरी बात यह है कि यहां कैंसर का संपूर्ण इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत किया जाएगा, जिससे गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है।

अब बिना पैसों की चिंता के होगा कैंसर का संपूर्ण इलाज

अब रायपुर के श्री बालाजी कैंसर हॉस्पिटल मोवा की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यहां कैंसर का पूरा और संपूर्ण इलाज आयुष्मान योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराया जा रहा है। इसका मतलब यह है कि अब आर्थिक तंगी के कारण किसी भी मरीज को इलाज से वंचित नहीं होना पड़ेगा। कीमोथैरेपी, रेडियो थैरेपी, अंको सर्जरी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट जैसी महंगी चिकित्सा प्रक्रियाएं भी आयुष्मान कार्ड के जरिए होंगी। यह कदम उन हजारों परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है जो पाई-पाई जोड़ने के बाद भी अपने मरीज को बचाने में असमर्थ महसूस करते थे। छत्तीसगढ़ सरकार और श्री बालाजी अस्पताल का यह सहयोगात्मक प्रयास राज्य के स्वास्थ्य ढांचे में एक क्रांतिकारी बदलाव लेकर आया है, जहां अब पैसा इलाज में रोड़ा नहीं बनेगा।

कैंसर हॉस्पिटल में उपलब्ध सुविधाएं एवं सेवाएं

मेडिकल ऑन्कोलॉजी: कॉम्प्रिहेंसिव कीमोथेरेपी सर्विसेज़ ।
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी: एडवांस्ड कैंसर सर्जरी, एंडोस्कोपी एवं लैप्रोस्कोपी।

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी: IGRT, IMRT, 3D-CRT, ब्रेकीथेरेपी, 128 स्लाइस CT स्कैन सिम्युलेटर।

हीमैटोलॉजी एवं हीमैटो-ऑन्कोलॉजी: ब्लड डिसऑर्डर्स, ब्लड कैंसर ट्रीटमेंट एवं डेडिकेटेड बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट।
न्यूक्लियर मेडिसिन एवं रेडियोलॉजी: PET-CT, SPECT, आयोडीन थेरेपी, स्ट्रेस थैलियम, HIDA एवं एडवांस्ड सिंटिग्राफी।

इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी: एडवांस्ड इमेज-गाइडेड मिनिमली इनवेसिव डायग्नोस्टिक एवं थेराप्यूटिक प्रोसीजर्स।


ऑन्कोपैथोलॉजी: स्पेशलाइज्ड कैंसर डायग्नोसिस, हिस्टोपैथोलॉजी, इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री एवं मॉलिक्यूलर टेस्टिंग।

क्रिटिकल केयर एवं इंटेंसिविस्ट सर्विसेज़: क्रिटिकली इल एवं कैंसर मरीजों के लिए 24×7 एक्सपर्ट इंटेंसिव केयर।

कैंसर उपचार से लेकर अत्याधुनिक जांच तक, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की नई श्रृंखला उपलब्ध

स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक उन्नत और प्रभावी बनाने के लिए अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों को शामिल किया जा रहा है। उपलब्ध सुविधाओं में एडवांस्ड लिनियर एक्सीलेटर (ट्रू बीम), हैल्सयॉन लिनियर एक्सीलेटर, वेरियन ब्रैकीथेरेपी, स्पेक्ट गामा स्कैन, फिलिप्स 64-स्लाइस पेट स्कैन और 128-स्लाइस सीटी स्कैन सिमुलेटर जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं। कैंसर के इलाज के लिए ट्रू बीम और हैल्सयॉन लिनियर एक्सीलेटर जैसी प्रणालियां रेडिएशन थेरेपी (विकिरण चिकित्सा) में आधुनिक तकनीक का उपयोग करती हैं, जबकि वेरियन ब्रैकीथेरेपी आंतरिक विकिरण उपचार (ब्रैकीथेरेपी) में उपयोगी है। वहीं पेट स्कैन, स्पेक्ट गामा स्कैन और 128-स्लाइस सीटी सिमुलेटर जैसी तकनीकें बीमारियों की पहचान, इमेजिंग (चित्रांकन) और उपचार की सटीक योजना बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इसके साथ ही IHC (इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री) एवं फ्रोजन सेक्शन जैसी पैथोलॉजी सुविधाएं तथा CMR रोबोटिक सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीकें भी चिकित्सा क्षेत्र में उच्च स्तरीय सेवाओं को दर्शाती हैं।



HALCYON LINEAR ACCELERATOR



128 SLICE CT SCAN SIMULATOR



ADVANCED LINEAR ACCELERATOR (TRUE BEAM)



PHILIPS 64 SLICES PET SCAN



IHC & frozen



CMR ROBOTIC SYSTEM

ऑन्कोपैथोलॉजी / हिस्टोपैथोलॉजी -डॉ. तान्या चाबा, MBBS, MD - Pathology



ऑंकोपैथोलॉजी विभाग की प्रभारियों में से एक डॉ. तान्या चाबा कैंसर के सटीक निदान (Diagnosis) की धुरी हैं। हिस्टोपैथोलॉजी, इम्युनोहिस्टोकैमिस्ट्री (IHC) और मॉलिक्यूलर टेस्टिंग कैंसर के प्रकार और उसकी आक्रामक प्रकृति को समझने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। डॉ. चाबा बायोप्सी और ट्यूमर सैंपल की सूक्ष्म जांच करके यह तय करती हैं कि मरीज पर कौन सी दवा या थेरेपी सबसे प्रभावी होगी। उनकी सटीक पैथोलॉजिकल रिपोर्ट्स पर ही मेडिकल और सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट की आगे की उपचार योजना निर्भर करती है।

100 बेड का आईसीयू, 8 बोन मैरो ट्रांसप्लांट रूम एवं 8 अस्तयाधुनिक ऑपरेशन थियेटर से सुसज्जित 200 बैड का सुपर स्पेशलिटी कैंसर हॉस्पिटल

इम्पैक्ट फीचर

रायपुर के मोवा में स्थापित श्री बालाजी कैंसर हॉस्पिटल ने चिकित्सकीय तकनीक के मामले में नए आयाम गढ़े हैं। कैंसर जैसी गंभीर और जटिल बीमारी से लड़ने के लिए केवल डॉक्टरों का अनुभव ही नहीं, बल्कि अत्याधुनिक तकनीक का होना भी उतना ही अनिवार्य है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस अस्पताल में छत्तीसगढ़ का सबसे उन्नत तकनीक वाला इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। अस्पताल के भीतर बनाए गए 100 आईसीयू बेड गंभीर से गंभीर मरीजों को जीवन रक्षक सुविधाएं देने के लिए 24 घंटे मुस्तैद रहेंगे।

वहीं, संक्रमण के खतरे को शून्य करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया हेपा फिल्टर ऑपरेशन थिएटर और एक साथ 8 बोन मैरो ट्रांसप्लांट रूम चिकित्सा जगत में इस संस्थान की उच्च दक्षता को दर्शाते हैं। इसके अतिरिक्त, रोबोटिक सर्जरी तकनीक के जुड़ने से सर्जनों को ट्यूमर निकालने में अत्यधिक सटीकता मिलती है, जिससे रिकवरी बेहद तेज होती है। यह तकनीक आधारित दृष्टिकोण छत्तीसगढ़ के कैंसर मरीजों के लिए एक नई उम्मीद और जीवन की नई सुबह लेकर आया है।



11 दिवसीय नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड श्री बालाजी कैंसर हॉस्पिटल का नाम गोल्डन बुक में दर्ज

51 घंटे का लगातार कैंसर जागरूकता पर सबसे लंबे रेडियो प्रसारण

राजधानी के मोवा स्थित श्री बालाजी कैंसर हॉस्पिटल और 94.3 माय एफएम रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कैंसर जागरूकता अभियान ने एक नया इतिहास रच दिया है। अस्पताल में चल रहे 11 दिवसीय विशाल निःशुल्क कैंसर जांच एवं निदान शिविर के दौरान कैंसर जागरूकता को लेकर एक विशेष उपलब्धि हासिल करते हुए गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है।

कैंसर की रोकथाम, समय पर जांच और शुरुआती पहचान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 15 से 17 सितंबर 2026 तक तीन दिवसीय रेडियो कैंसर अवेयरनेस मैराथन का आयोजन किया गया था। इस मैराथन के दौरान कैंसर से जुड़ी जागरूकता, स्क्रीनिंग, मरीजों के अनुभवों और विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर लगातार चर्चा का प्रसारण किया गया। इस अनूठी पहल को ÷कैंसर जागरूकता पर सबसे लंबे रेडियो प्रसारण मैराथन' के रूप में गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान मिला है।



श्री बालाजी ग्रुप के चेयरमैन ने दी बधाई

वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज होने पर श्री बालाजी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक ने 94.3 माय एफएम की पूरी टीम के साथ-साथ हॉस्पिटल के सभी कंसल्टेंट्स, चिकित्सकों और स्टाफ को बधाई दी है। उन्होंने इस पहल को 'कैंसर मुक्त छत्तीसगढ़ मिशन' के तहत जनता में जनजागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण प्रयास बताया है।

शिविर को मिल रहा है बंपर प्रतिसाद

दूसरी ओर, श्री बालाजी कैंसर हॉस्पिटल में चल रहे 11 दिवसीय निःशुल्क कैंसर जांच एवं निदान शिविर को भी आम जनता और मरीजों का भारी उत्साहजनक प्रतिसाद मिल रहा है। शिविर के छठवें दिन कुल 198 मरीजों ने ओपीडी में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया और स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। इस दौरान डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर उनकी आवश्यकतानुसार आगे के उपचार के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया।

शिविर में मिल रही प्रमुख सुविधाए

निःशुल्क ओपीडी, निःशुल्क मैमोग्राफी जांच ,जांचों पर 50% की छूट एवं PET-CT Scan मात्र 10,000 में 200 बिस्तरों वाले एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी कैंसर हॉस्पिटल में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य कैंसर की समय रहते पहचान, सही जांच और उचित उपचार के प्रति लोगों को जागरूक करना है। अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम शिविर के दौरान लगातार मरीजों की जांच एवं काउंसलिंग में जुटी हुई है।अस्पताल प्रबंधन ने नागरिकों से अपील की है कि कैंसर से जुड़े किसी भी लक्षण को नजरअंदाज न करें और समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लें। 15 से 25 सितंबर 2026 तक चलने वाले इस विशेष शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाया जा सकता है।

ये है श्री बालाजी कैंसर हॉस्पिटल में एक्सपर्ट्स डॉक्टरों की टीम

मेडिकल ऑनकोलॉजी
डॉ. सत्यांकर गुप्ता
(M.B.B.S, M.D. - Internal Medicine, DNB - Medical Oncology)



श्री बालाजी कैंसर हॉस्पिटल के मेडिकल ऑनकोलॉजी विभाग में पदस्थ डॉ. सत्यांकर गुप्ता कैंसर के मरीजों के इलाज में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा और विशेष प्रशिक्षण के जरिए इंटरनल मेडिसिन और मेडिकल ऑनकोलॉजी के क्षेत्र में महारत हासिल की है। अस्पताल में वे कैंसर के जटिल मामलों में कीमोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी जैसी आधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। डॉ. गुप्ता का मुख्य उद्देश्य मरीजों को दर्दमुक्त और उन्नत चिकित्सा तकनीक के माध्यम से नया जीवन देना है। वे आयुष्मान भारत और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के तहत आने वाले मरीजों की निरंतर सेवा कर रहे हैं, जिससे छत्तीसगढ़ और आसपास के राज्यों के कैंसर पीड़ितों को विश्वस्तरीय इलाज स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो पा रहा है।

हेमाटोलॉजी एवं हेमाटो-ऑनकोलॉजी
डॉ. अंबर गर्ग
MBBS, MD, DNB - Haematology



हेमाटोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. अंबर गर्ग ब्लड कैंसर और रक्त से जुड़ी अन्य गंभीर बीमारियों के विशेषज्ञ हैं। ल्यूकेमिया, लिंफोमा, मल्टीपल माईलोमा और थैलेसीमिया जैसी खून की जटिल बीमारियों के इलाज में उनका विशेष अनुभव है। श्री बालाजी कैंसर हॉस्पिटल में स्थापित डेडिकेटेड बोन मैरो ट्रांसप्लांट (BMT) यूनिट के संचालन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। वे रक्त विकारों से ग्रस्त मरीजों के लिए बोन मैरो प्रत्यारोपण और आधुनिक कीमोथेरेपी प्रोटोकॉल के जरिए नया जीवन सुनिश्चित कर रहे हैं।

रेडिएशन ऑनकोलॉजी
डॉ. हेमंत कुमार बंजारे
MBBS, MD - Radiation Oncology



रेडिएशन ऑनकोलॉजी विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे डॉ. हेमंत कुमार बंजारे कैंसर के मरीजों को विकिरण चिकित्सा (रेडिएशन थेरेपी) देने में दक्ष हैं। रेडिएशन ऑन्कोलॉजी कैंसर के इलाज का एक अहम स्तंभ है, और डॉ. बंजारे अत्याधुनिक मशीनों जैसे ट्रू बीम (True Beam) लीनियर एक्सेलेरेटर और हेलियन (Halcyon) लीनियर एक्सेलेरेटर के माध्यम से ट्यूमर पर सटीक प्रहार करने में माहिर हैं। वे IGRT, IMRT, xD-CRT और ब्रैकीथैरेपी (Brachytherapy) जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए स्वस्थ ऊतकों को बचाकर केवल कैंसर ग्रसित कोशिकाओं को लक्षित करते हैं। उनकी समर्पित देखरेख में मरीजों को सुरक्षित और प्रभावी विकिरण उपचार मिल रहा है।

सर्जिकल ऑनकोलॉजी
डॉ. वैभव कुशवाह
MBBS, MS, MCh - Surgical Oncology



सर्जिकल ऑनकोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. वैभव कुशवाह एक अनुभवी कैंसर सर्जन हैं। वे टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल (MPMMCC, वाराणसी) के पूर्व सीनियर रेजिडेंट रह चुके हैं, जहाँ उन्होंने कैंसर सर्जरी के क्षेत्र में गहन अनुभव प्राप्त किया है। डॉ. कुशवाह स्तन कैंसर, हेड एंड नेक कैंसर, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर और अन्य सॉलिड ट्यूमर की जटिल से जटिल सर्जरी को अपनी कुशल तकनीकों से सफलतापर्वक अंजाम देते हैं। वे न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी (लेप्रोस्कोपिक) और रोबोटिक सर्जरी में भी विशेष रुचि रखते हैं, जिससे मरीजों को सर्जरी के बाद कम दर्द और तेजी से रिकवरी मिलती है। उनकी प्रतिबद्धता और सटीक सर्जिकल कौशल से अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर परिणाम मिल रहे हैं।

न्यूक्लियर मेडिसिन
डॉ. विवेक बघेल
MBBS, MD - Nuclear Medicine



न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ डॉ. विवेक बघेल AIIMS New Delhi के पूर्व सीनियर रेजिडेंट, FAONI - दक्षिण कोरिया, MCANM - कनाडा, मलेशिया, सिंगापुर) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित चिकित्सक हैं। उन्होंने देश के सर्वोच्च संस्थान एम्स (नई दिल्ली) के अलावा विदेशों से भी फेलोशिप प्राप्त की है। वे पेट-स्कैन (PET-CT), स्पेक्ट (SPECT), आयोडीन थेरेपी और विभिन्न प्रकार की उन्नत स्कैनिंग व रेडियोलॉजिकल जांचों में विशेषज्ञता रखते हैं। कैंसर की शुरुआती पहचान और उसकी सटीक स्टेजिंग तय करने में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनकी देखरेख में न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग मरीजों को अत्याधुनिक रेडियो-आइसोटोप उपचार और सटीक डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान कर रहा है।

पेन मैनेजमेंट एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी
डॉ. रितेश साहू
MD - Radiodiagnosis, DM-Interventional Radiology



रेडियोलॉजी एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ डॉ. रितेश साहू इमेज-गाइडेड और न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रियाओं में विशेषज्ञता रखते हैं। वे 128 स्लाइस सीटी स्कैन, एमआरआई और अन्य आधुनिक इमेजिंग तकनीकों के जरिए बीमारियों की सटीक पहचान करते हैं। इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के क्षेत्र में वे बिना बड़े चीरे के केवल बारीक नसों के जरिए कई जटिल बीमारियों और कैंसर का सटीक उपचार करने में सक्षम हैं। उनकी डायग्नोस्टिक रिपोर्टिंग डॉक्टरों की पूरी टीम को सही ट्रीटमेंट प्लान बनाने में मदद करती है, जिससे मरीजों का इलाज और अधिक सटीक हो जाता है।

शिविर के अंतिम 5 दिन । इस शिविर में अग्रीम पंजीयन आवश्यक है, पंजीयन हेतु संपर्क करें- 7879424697, 9685724697

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹116258/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹141990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹154995/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें!
ANAND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions Apply


हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 21 सितंबर 2026



सरगुजा में 10 में करीब सात महिलाएं श्रम बल में

एनएसओ की 18 सितंबर 2026 को जारी रिपोर्ट में अलग-अलग जिलों के श्रम बाजार की पहली जिला-स्तरीय तस्वीर सामने आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के करीब 57.8 फीसदी जिलों में महिलाओं का एलएफपीआर 40 फीसदी या उससे अधिक है। छत्तीसगढ़ के मामले में रिपोर्ट ने राज्य के महिला आबादी के हिसाब से सबसे बड़े जिलों में से सबसे अधिक महिला एलएफपीआर और डब्लूपीआर वाले जिले के रूप में सरगुजा को दर्ज किया है। सरगुजा में महिला एलएफपीआर 69 फीसदी और महिला इबलूपीआर 68 फीसदी है। इसका सीधा अर्थ यह नहीं है कि सरगुजा की 69 फीसदी महिलाएं नौकरी कर रही हैं। एलएफपीआर में वे महिलाएं भी शामिल होती हैं जो काम कर रही हैं या काम तलाश ▶▶| शेष पेज 5 पर

एनएसओ की पहली जिला-स्तरीय श्रम बाजार रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ की अलग तस्वीर

छत्तीसगढ़ में महिला श्रम शक्ति...देश की राजधानियों में रायपुर तीसरा, टॉप पर शिमला, जिलों में सरगुजा को मिला चौथा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानि एनएसओ ने पहली बार जिला स्तरीय श्रम बाजार रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ के जिले सरगुजा से बेहद महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है। श्रम बाजार रिपोर्ट में सरगुजा को छत्तीसगढ़ के प्रमुख जिलों में महिला श्रम बल भागीदारी के लिहाज से सबसे ऊपर रखा गया है। यहां 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं का लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट यानी एलएलपीआर 69 फीसदी है, जबकि वर्कर पापुलेशन रेशियों यानी डब्लूपीआर 68 ▶▶| शेष पेज 5 पर

खास खबर

रायपुर भी देश की शीर्ष राजधानी जिलों में

रायपुर की तस्वीर अलग है। यहां एनएसओ ने महिलाओं के बजाय 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र की पूरी आबादी के श्रम बाजार संकेतक दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक रायपुर का एलएफपीआर 61.5 फीसदी और इबलूपीआर 59.4 फीसदी है। राज्य की राजधानियों में इससे ऊपर शिमला का एलएफपीआर 70 फीसदी और इबलूपीआर 65.1 फीसदी तथा तिरुवनंतपुरम का एलएफपीआर 64.4 फीसदी और ▶▶| शेष पेज 5 पर



देश के दूसरे जिलों की तुलना में सरगुजा

एनएसओ की रिपोर्ट में राज्यों के सभी जिलों की पूरी रैंकिंग नहीं दी गई है। महिला एलएफपीआर के लिए राज्यों के महिला आबादी के लिहाज से चुने गए प्रमुख जिलों में सबसे अधिक ▶▶| शेष पेज 5 पर

टीम हरिभूमि पहुंची मेहनतकशों तक, बोले- हमें भनक तक नहीं लगी

जीएसटी में ऐसे हुआ खेल, नौकरी दस हजार की, धंधा किया करोड़ों का, ऐसे दस केस

फर्जी कंपनी बनाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट लाभ लेने वाले कारोबारी अमन अग्रवाल के कारनामे गजब है। उन्होंने जिन लोगों के नाम फर्जी कंपनी बनाई, उनमें ऐसे लोग भी हैं, जो कही दस हजार की नौकरी कर रहे हैं और उनके नाम की कंपनी करोड़ों में बिजनेस कर रही है। ऐसे कई नाम सामने आए हैं।

गिरीश केशरवानी/
मनोज नायक ▶▶| रायपुर

अमन के खिलाफ स्टेट जीएसटी ने पिछले वर्ष कार्रवाई करते हुए उनकी गिरफ्तारी की थी। टैक्स चोरी प्रकरण की जांच के दौरान कूटरचित दस्तावेज बनाकर एक दर्जन से ज्यादा कंपनी बनाने के साक्ष्य मिलने के बाद थाने में अब एफआईआर दर्ज कराई गई है। आरोपी ने जिन लोगों के नाम से फर्जी कंपनियां बनाई थीं,उनसे हरिभूमि की टीम ने संपर्क ▶▶| शेष पेज 5 पर

हरिभूमि फॉलोअप

ऐसे लगाया करोड़ों का चूना

इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने कारोबारी ने अलग-अलग लोगों के नाम से दस्तावेजों के आधार पर उनके नाम से फर्म बनाकर जीएसटी नंबर हासिल किया। जिन लोगों के नाम से कारोबारी ने फर्म बनाया था उनसे अपने फर्म अगस्त्य और अग्रवाल ▶▶| शेष पेज 5 पर



जिनके नाम पर फर्म उनकी जुबानी

अफजल अंसारी

बैजनथापारा निवासी अफजल अंसारी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि उनके नाम पर करोड़ों रुपए की कंपनी संचालित होने की जानकारी पिछले वर्ष जीएसटी का नोटिस मिलने के बाद मिली। अफजल अंसारी के नाम से गरियाबंद में अंसारी ट्रेडर्स के नाम से फर्म संचालित हो ▶▶| शेष पेज 5 पर

हाफिज इसराइल

बोरियाकला निवासी हाफिज इसराइल से उनके नाम पर फर्म संचालित होने की जानकारी देने पर उन्होंने बताया कि उन्हें इस बात की जानकारी पिछले वर्ष मिली थी कि कोई उनके नाम पर फर्म बनाकर करोड़ों रुपए का कारोबार किया ▶▶| शेष पेज 5 पर

टैक्स रिकॉर्ड और दस्तावेजों की जांच

गुटखा फैक्ट्री पर जीएसटी का छापा 2 मशीनें और 30 बोरा माल जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रविवार को सेंट्रल जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने गुटखा निर्माण से जुड़े एक ठिकाने पर बड़ी कार्रवाई की। कुम्हारी के स्टेशन चौक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री और गोदाम में टीम ने छापा मारकर गुटखा निर्माण में इस्तेमाल होने वाली दो मशीनें जब्त कीं। मौके से करीब 30 बोरा तैयार गुटखा भी बरामद किए जाने की जानकारी सामने आई है। जानकारी के अनुसार स्टेशन चौक इलाके में एक फैक्ट्री के भीतर सितार कंपनी का गुटखा तैयार किए जाने की सूचना सेंट्रल जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम को मिली थी। सूचना ▶▶| शेष पेज 5 पर

सुरेश गुप्ता के गोदाम की जांच

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक जिस गोदाम से गुटखा और मशीनें बरामद हुई हैं, उसके मालिक का नाम सुरेश गुप्ता बताया जा रहा है। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम गोदाम और फैक्ट्री में मिले दस्तावेजों, खरीद-बिक्री से जुड़े रिकॉर्ड और अन्य कागजात की जांच कर रही है। अधिकारियों द्वारा यह भी देखा जा ▶▶| शेष पेज 5 पर

सीएम साय ने कहा- राहुल गांधी जहां-जहां गए, वहां कांग्रेस का हुआ बंटाधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राहुल गांधी के अलग-अलग राज्यों में राजनीतिक दौरों को लेकर तंज कसा है। रविवार को ओडिशा रवाना होने से पहले मीडिया से बातचीत में सीएम साय ने राहुल गांधी के पूर्व दौरों का जिक्र करते हुए कहा कि जिन-जिन जगहों पर राहुल गांधी गए, वहां कांग्रेस का बंटाधार हुआ। उन्होंने राहुल गांधी के मध्यप्रदेश दौरे को लेकर भी इसी तरह की टिप्पणी की। उन्होंने कहा, उनका पिछला रिकॉर्ड उठाकर देख लीजिए। वे जहां-जहां गए हैं, वहां कांग्रेस को फायदा कम और नुकसान ज्यादा हुआ है। देश की जनता लगातार कांग्रेस की राजनीति को देख और समझ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, अभी दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के चुनाव परिणाम भी हमारे सामने हैं। श्री साय ने कहा,छात्रसंघ चुनावों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव के तीन प्रमुख पदों पर जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस समर्थित एनएसयूआई एक भी केंद्रीय पद नहीं जीत सकी। ये चुनाव परिणाम अपने आप में बहुत कुछ कहते हैं। उन्होंने कहा, देश का युवा बहुत जागरूक है। वह केवल नारों या बातों के आधार ▶▶| शेष पेज 5 पर


दिल्ली छात्रसंघ चुनाव के नतीजों ने युवाओं का रुझान सामने रखा

बिश्नोई-अमन साव गैंग ने पूर्व महापौर ढेबर को कॉल कर मांगी 50 करोड़ की फिरौती

- लगातार तीन दिन तक कॉल कर दे रहे थे धमकी
- हल्के में लेने पर परिजनों को नुकसान पहुंचाने की बात कही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व महापौर एजाज ढेबर को अमन साव तथा बिश्नोई गैंग से जुड़े गैंगस्टरों द्वारा कॉल कर 50 करोड़ रुपए फिरौती मांगी गई है। फिरौती नहीं देने पर कॉल करने वाले ने पूर्व महापौर को अंजाम भुगतने की धमकी देने के साथ ही परिवार के लोगों को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी है। लगातार फिरौती के लिए कॉल आने के बाद पूर्व महापौर ने इसकी लिखित शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई। पूर्व महापौर की शिकायत को पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं।

पूर्व महापौर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ फिरौती, जान से मारने की धमकी तथा अन्य धाराओं के तहत ▶▶| शेष पेज 5 पर



अंतिम कॉल में परिजनों के नाम पर धमकी

तीसरी बार किए गए कॉल में अज्ञात ने पूर्व महापौर को धमकाते हुए कहा कि वो उनकी कॉल को हल्के में ले रहा है। इसके बाद कॉल करने वाले ने पूर्व महापौर को धमकाते हुए कहा कि उसके कॉल को हल्के में लेने पर उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उसने चेतावनी भरे अंदाज में धमकाते हुए कहा कि उनके परिवार के किसी सदस्य को नुकसान होने पर उन्हें समझ में आएगा कॉल हल्के में लेने का नतीजा। तीसरी बार चेतावनी भरे कॉल को पूर्व महापौर ने गंभीरता से लेते हुए इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई।

फिरौती के लिए कॉल, इसलिए गंभीर

झारखंड पुलिस के एनकाउंटर में ढेर अमन साव तथा मयंक सिंह गैंग से जुड़े बदमाश पूर्व में भी कारोबारी जगत से जुड़े लोगों को कॉल कर फिरौती की मांग कर चुके हैं। फिरौती नहीं देने पर कोरबा तथा रायपुर में फायरिंग कर चुके हैं। जेल में रहने के दौरान अमन साव तथा उसके साथियों की जेल ▶▶| शेष पेज 5 पर

ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE ♥ WISDOM ♥ HUMANITY
BCI Bar Council of India
Association of Indian Universities
Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission
UGC University Grant Commission
All India Council for Technical Education
PCI Pharmacy Council of India



LAUNCH YOUR FUTURE WITH
ISBM UNIVERSITY
New Campus in Heart of Raipur
❖ Ultra Modern Campus
❖ A.I. + M.L. Classes for All Student
❖ Personalised Career Guidance with Prior Appointment
CHOOSE A UNIVERSITY THAT PUTS YOU FIRST!
NAAC ACCREDITED
INTERNATIONAL ASSOCIATION OF UNIVERSITIES
AACSB Business Education Alliance Member
ADMISSION OPEN 2026-27
Hostel Facility Available Boys/Girls
10,000+ Students & Alumni
25+ Awards & Recognitions
150+ Recruiters Network
200+ National & International Conferences
50+ MoUs & Tie-Ups
750+ Research Publications
20+ Patents
₹2.5cr+ Research Fellowship
OUR PROGRAMS
PHARMACY
LAW
INFORMATION & TECHNOLOGY
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
COMMERCE & MANAGEMENT
JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
HOTEL MANAGEMENT
INNOVATION & COMPUTING
DESIGN
ENGINEERING & TECHNOLOGY
SCIENCE
ARTS & HUMANITIES
YOGA & NATUROPATHY
Ph.D
Shreeram Addiction
+91 9109333333, +91 7880170727
Raipur Campus - ISBM University, Near Nalanda Parisar, Raipur, Chhattisgarh- 492099
Main Campus - ISBM University, Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh - 493996
www.isbmuniversity.edu.in
(SCAN QR TO VISIT WEBSITE)

टाटा संस बनाम टाटा ट्रस्ट, दोबारा नियुक्ति को दी चुनौती

चंद्रशेखरन के नए कार्यकाल पर टाटा ट्रस्ट का ऐतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

टाटा ट्रस्ट्स ने एन चंद्रशेखरन को फिर से चेयरमैन नियुक्त करने के टाटा संस के 17 सितंबर के फैसले की वैधता को चुनौती दी है। टाटा ट्रस्ट्स ने तर्क दिया कि कंपनी के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन (एओए) के तहत ट्रस्ट द्वारा नामित निदेशकों के बहुमत का समर्थन अनिवार्य है और चेयरमैन का निर्णायक मत इस शर्त को दरकिनार नहीं कर सकता। देश के सबसे बड़े औद्योगिक समूह के निदेशक मंडल में यह विवाद पिछले सप्ताह उस समय गहरा गया, जब टाटा संस के निदेशकों ने कार्यकारी चेयरमैन के रूप में ▶▶| शेष पेज 5 पर



बोर्ड ने इस शर्त को नहीं किया पूरा

टाटा ट्रस्ट्स का साफ कहना है कि बोर्ड की बैठक में पड़े 4:1 के वोट का कोई कानूनी मतलब नहीं है, क्योंकि कंपनी के नियमों के तहत चेयरमैन की नियुक्ति के लिए ट्रस्ट्स के नॉमिनी डायरेक्टर्स की सहमति होना एक अनिवार्य शर्त है। चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति के लिए इसे पूरा नहीं किया गया था।

क्यों मचा घमासान?

बता दें कि टाटा संस बोर्ड और टाटा ट्रस्ट के बीच का यह टकराव इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि जिस बोर्ड ने एन चंद्रशेखरन की नियुक्ति पर मुहर लगाई थी उसमें टाटा ट्रस्ट्स के दो नॉमिनी हैं- नोएल टाटा और वेणु श्रीनिवासन। श्रीनिवासन ने चंद्रशेखरन के दोबारा अपॉइंटमेंट का सपोर्ट किया था, लेकिन जबकि नोएल टाटा ने इसके खिलाफ वोट दिया। चार डायरेक्टर्स ने इस प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया, जबकि चंद्रशेखरन ने वोट नहीं दिया। फिर भी बोर्ड ने घोषणा की कि उसने बहुमत से चंद्रशेखरन को अगले पांच साल के लिए फिर से अपॉइंट करने का फैसला किया है।

कानूनी हिसाब से फेल

रविवार को टाटा ट्रस्ट्स की ओर से दिए गए एक बयान में कहा गया कि बोर्ड ने जिस शर्त के आधार पर यह नियुक्ति की थी वह प्रस्ताव कानूनी हिसाब से फेल हो गया है। ट्रस्ट की ओर से कहा गया है, चेयरमैन का वोट तभी मिलता है जब पूरे बोर्ड लेवल पर वोट बराबर हों। यह टाटा ट्रस्ट्स के नॉमिनी डायरेक्टर्स पर लागू नहीं होता। वोट का नतीजा 4:1 था या कोई और आंकड़ा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। शर्त या तो पूरी होती है, या नहीं पूरी होती। इस मामले में शर्त पूरी नहीं हुई थी।



एजेंसी ▶▶| मेरठ

भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम ने रविवार को मेरठ के आसमान में इतिहास रच दिया। टीम के नौ विमानों ने रोमांचक करतब दिखाए। एयर शो के दूसरे दिन देश के रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ पहुंचे तो स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने वायु सैनिकों के शौर्य की सराहना की। भाजपा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी के प्रयास से मेरठ में दो दिन का भारतीय वायु सेना के सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम ने एयर शो किया। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण सभी वर्गों के लोग एयर शो देखने आए। ठीक 10 बजकर 26 मिनट पर नौ विमानों ने मेरठ के आसमान में करतब दिखाने शुरू किए। कभी तिरंगे की आकृति बनाई तो कभी दिल की आकृति बनाकर लोगों का दिल जीत लिया।

मेरठ में एयरशो में 'सूर्यकिरण एयरोबैटिक टीम' ने दिखाई विमानों की कलाबाजी

लड़ाकू विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए, आसमान में बनाया तिरंगा



लोगों ने लगाए जय हिंद के नारे

एयर शो वायुसेना की सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम के धुरंधर पायलटों ने किया। दो दिन चलने वाला एयर शो शनिवार सुबह 10:30 बजे न्यू इंटीग्रेटेड टाउनशिप में शुरू हुआ। 9 लड़ाकू विमानों ने गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से उड़ान भरी। करीब 30 मिनट तक हजारों लोग गर्दन ऊपर करके विमानों के स्टंट देखते रहे। तालियां और सीटियां बजाते रहे। जैसे विमान उनके ऊपर आकाश में पहुंचता लोग अपनी जगह पर उछल पड़ते। 'भारत माता की जय' और 'जय हिंद' के नारे लगाते।

लड़ाकू विमानों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

एयरफोर्स में लड़ाकू विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। 9 हॉक एमके -132 विमानों की गड़गड़ाहट से आसमान गूंज उठा। जमीन से महज 200 फीट की ऊंचाई पर विमानों ने धुएं से लकीरें खींचकर तिरंगा बनाया। लड़ाकू विमान एक-दूसरे से 5 मीटर से भी कम दूरी पर एक साथ उड़े। हवा में कभी सीधे तो कभी पलटियां खाते हुए नीचे आए।

सूर्यकिरण में मेरठ के ही तीन पायलट

खास बात यह है कि सूर्यकिरण टीम में मेरठ के तीन पायलट हैं। इनमें से स्क्वाड्रन लीडर अमन गोयल और स्क्वाड्रन लीडर राहुल सिंह ने विमान उड़ाया, जबकि स्क्वाड्रन लीडर शरद गोयल ने जमीन (ग्राउंड) से शो का मैनेजमेंट संभाला। एयर शो देखने के लिए 10 से अधिक स्कूलों के छात्र, एनसीसी और एनएसएस कैडेट्स समेत करीब 10 हजार लोग मौजूद रहे।

सूर्यकिरण टीम क्या है?

- साल 1996 में सूर्य किरण की स्थापना हुई थी। सूर्य किरण वायुसेना की 52वें स्क्वाड्रन का हिस्सा है। ये टीम इंडियन एयरफोर्स की एयरोबैटिक्स प्रदर्शन टीम है
- इस टीम में 13 पायलट होते हैं। इसमें से केवल 9 एक साथ उड़ान भरते हैं। केवल लड़ाकू विमान उड़ाने वाले पायलटों को इसके लिए चुना जाता है। इनके पास किरण एयरक्राफ्ट चलाने का 1,000 घंटे और लगभग 2,000 घंटे की लड़ाकू उड़ान का अनुभव होता है
- पायलटों के अलावा टीम में फ्लाइट कमांडर, एक प्रशासक और क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर होते हैं। यह टीम देश के कई हिस्सों में एयर शो के जरिए हवा में करतब दिखा चुकी है

खबर संक्षेप

राष्ट्रपति आज से तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 21 से 23 सितंबर तक गुजरात के दौरे पर रहेंगी। कार्यालय से जारी बयान



में कहा गया है कि वह 22 सितंबर को केवड़िया के एकता नगर में 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता करेंगी। राष्ट्रपति 23 सितंबर को वडोदरा स्थित महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा के 75वें सालाना दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।उसी दिन, वह ब्रह्माकुमारीज के अभियान 'विश्व नव निर्माण हेतु आध्यात्मिक जागरण' की शुरुआत करेंगी। इसके बाद वडोदरा में 'ग्लोबल स्पिरिचुअल पैलेस रिट्रीट सेंटर' का उद्घाटन करेंगी।

केरलम मिट्टी धंसने से दो की मौत, एक घायल

इडुक्की। केरलम के इडुक्की जिले के कोट्टाकम्बूर में रविवार को मिट्टी धंसने के कारण एक झोपड़ी गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और एक महिला घायल हो गई। दमकल अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान वट्टावडा के पास कोट्टाकम्बूर निवासी बालकृष्णन और उनकी बहन चिन्नू के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि बालकृष्णन की पत्नी मरियम्मा भी इस घटना में घायल हो गईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों के अनुसार, बालकृष्णन और उनका परिवार खेतों तेज बारिश के कारण खेत के पास बनी एक झोपड़ी में शरण लिए थे तभी भूस्खलन हो गया।

पांच लाख रिश्वत लेते हुए सीआईडी निरीक्षक गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रविवार को सीआईडी के एक निरीक्षक को कथित तौर पर पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए



गिरफ्तार किया। एसीबी के अनुसार, आरोपी की पहचान हरियाणा सीआईडी में तैनात निरीक्षक राजेश कुमार के तौर पर हुई है, जिन्होंने यमुनानगर और करनाल के बीच खनन सामग्री ले जाने वाले वाहनों की निर्बाध आवाजाही के बदले एक ट्रांसपोर्टर से कथित रूप से पैसों की मांग की थी।

रूस में संसदीय चुनावों के अंतिम दिन हुआ अटैक

मॉस्को पर यूक्रेन का सबसे बड़ा हमला 1000 से अधिक ड्रोन दागे, दो की मौत

रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष ने एक नया और भीषण मोड़ ले लिया है, जब यूक्रेनी सेना ने रूसी राजधानी मॉस्को को निशाना बनाते हुए अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया और प्राप्त जानकारी के अनुसार, यूक्रेन ने रात भर में रूस पर 1000 से अधिक ड्रोन दागे हैं। यह हमला उस समय किया गया जब रूस में संसदीय चुनावों का तीसरा और आखिरी दिन चल रहा था।

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

मॉस्को के मेयर ने इस हमले की गंभीरता को देखते हुए इसे रूसी राजधानी पर अब तक का सबसे बड़ा हमला करार दिया है। इन हमलों ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी है, बल्कि मॉस्को के भीतर स्थित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचाया है। हालांकि इस बड़े हमले को लेकर यूक्रेन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक या तुरंत बयान सामने नहीं आया है, लेकिन हमले की व्यापकता ने रूसी रक्षा तंत्र को हिलाकर रख दिया है।

तेल रिफाइनरी और आवासीय क्षेत्रों में तबाही : यूक्रेन की ओर से किए गए इस व्यापक हमले में मॉस्को की एक प्रमुख तेल रिफाइनरी तथा एक रेजिडेंशियल बिल्डिंग यानी आवासीय इमारत को भी क्षति पहुंची है। स्थानीय गवर्नर आंद्रे वोरोब्योव के मुताबिक, इस भीषण हमले में फिलहाल दो लोगों की मौत हो गई है और 20 लोग घायल हुए हैं। जान गंवाने वालों में एक 74 साल का बुजुर्ग पुरुष और एक 44 साल की महिला शामिल है। घायलों को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई है।

एक तेल रिफाइनरी और आवासीय इमारत को पहुंचा नुकसान

पहली बार बड़े हमले से लोगों में दहशत

मॉस्को के मेयर ने स्पष्ट किया कि इन हमलों का उद्देश्य रणनीतिक ठिकानों के साथ-साथ शहरी इलाकों में भी प्रभाव डालना था और आसमान से बरसती इस तबाही ने स्थानीय निवासियों के बीच दहशत का माहौल पैदा कर दिया है, क्योंकि यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में ड्रोन एक साथ राजधानी की सुरक्षा दीवार को भेदने की कोशिश कर रहे थे।



देश का पहला युद्धकालीन चुनाव

रूस में हाल ही में संपन्न हुए संसदीय चुनाव कई मायनों में अलग रहे। ये चुनाव पूरी तरह से राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनकी सरकार यानी क्रेमलिन के कड़े नियंत्रण में आयोजित किए गए थे और चुनाव प्रक्रिया के दौरान पुतिन की नीतियों का विरोध करने वाला कोई भी प्रमुख चेहरा मैदान में नहीं था। चूंकि यह पूरी चुनावी प्रक्रिया यूक्रेन के साथ जारी युद्ध के साये में संपन्न हुई, इसलिए इसे रूस का पहला युद्धकालीन चुनाव कहा जा रहा है।

यूक्रेन की ड्रोन तकनीक और रणनीतिक उद्देश्य

रूस द्वारा किए गए हमले के चार साल से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद, यूक्रेन अब मिलिट्री ड्रोन टेक्नोलॉजी के मामले में दुनिया का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। यूक्रेन अब रूस के काफी अंदर तक हमला करने के लिए मिसाइलों के साथ-साथ अपने देश में विकसित किए गए लंबी दूरी के ड्रोनों का सफलतापूर्वक उपयोग कर रहा है। यूक्रेन की इस उन्नत ड्रोन तकनीक ने दुनिया भर की सरकारों और रक्षा विशेषज्ञों को हैरान किया है।

यूक्रेन का उद्देश्य शांति समझौते के लिए दबाव बनाना

कीव का मुख्य उद्देश्य इन हमलों के जरिए रूसी जनता को युद्ध के वास्तविक परिणामों का एहसास कराना है। साथ ही, यूक्रेन का लक्ष्य रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर शांति समझौते के लिए दबाव बनाना है, हालांकि पुतिन ने अब तक युद्ध रोकने का कोई संकेत नहीं दिया है।

पाकिस्तान में बवाल

इमरान खान की बहन अलीमा लाहौर में गिरफ्तार, भेजा जेल

एजेंसी ▶▶| लाहौर

पाकिस्तान में 27 सितंबर को होने वाले बड़े विरोध प्रदर्शन से पहले राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान को लाहौर पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। पीटीआई ने इस गिरफ्तारी की निंदा की है और देश में राजनीतिक टकराव और ज्यादा बढ़ने की चेतावनी दी है। इधर, रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद इमरान की सेहत बिगड़ने पर डॉक्टरों की विशेष जेल पहुंची है।



ऐसे हुई अलीमा की गिरफ्तारी

पीटीआई के अनुसार, अलीमा को लाहौर पुलिस ने एक जमात खाना के बाहर से हिरासत में लिया। पीटीआई के आगामी 27 सितंबर के 'इस्लामाबाद मार्च' और धरने को देखते हुए अलीमा को लोक व्यवस्था रखरखाव कानून की धारा 3 के तहत हिरासत में लेकर कोट लखपत जेल स्थानांतरित कर दिया गया है। पार्टी अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली खान ने कहा कि अलीमा को हिरासत में रखना टकराव की आग में घी डालने का काम करेगा।षपीटीआई अध्यक्ष ने कहा कि अलीमा की यह गिरफ्तारी पीटीआई के खिलाफ सरकार द्वारा चलाए जा रहे एक बड़े अभियान का हिस्सा है। 27 सितंबर के इस्लामाबाद धरने को रोकने अब तक पीटीआई के 50 से अधिक कार्यकर्ताओं और नेताओं को हिरासत में लिया जा चुका है।

इमरान को देखने जेल पहुंची डॉक्टरों की टीम

इधर, अडियाला जेल में इमरान की तबीयत बिगड़ने पर शिफा इंटरनेशनल और पिम्स के विशेषज्ञ डॉक्टरों का एक विशेष दल उनकी जांच के लिए जेल पहुंचा। इमरान की कानूनी टीम और परिवार का आरोप है कि जेल प्रशासन की लापरवाही के कारण पूर्व प्रधानमंत्री सेंट्रल रेटिनल वेन अक्लूजन का शिकार हो गए हैं, जिससे उनकी दाहिनी आंख की लगभग 85 प्रतिशत रोशनी चली गई है। हालांकि, सरकार इन दावों का खंडन करती है।

एएसआई की हत्या का आरोपी 24 घंटे में ढेर, आतंकी संबंधों की जांच जारी

एजेंसी ▶▶| अमृतसर

पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस के सहायक उप निरीक्षक हरजीत सिंह की हत्या के मुख्य आरोपी दीपक सिंह को एक मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। शनिवार की रात को हुई घटना के बाद पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। मारे गए आरोपी का संबंध पाकिस्तान में बैठे एक आतंकवादी से होने का संदेह है, जिसकी जांच सुरक्षा एजेंसियां कर रही हैं। म

ठभेड़ स्थल से पुलिस ने एक .30 बोर की पिस्तौल, 2 मैगजीन, 8 जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन और अपराध में इस्तेमाल की गई होंडा एक्टिवा स्कूटी बरामद की है। पुलिस जांच में इस हत्याकांड के पीछे सीमा पार के आतंकवादियों का हाथ होने की बात सामने आई है।

मारा गया आरोपी मुल्चक गांव का दीपक

पंजाब पुलिस ने बताया कि मारा गया आरोपी अमृतसर के मुल्चक गांव निवासी दीपक सिंह है। शनिवार रात 9:45 बजे पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान स्कूटी सवार 2 संदिग्धों को रुकने का इशारा किया। आरोपियों ने खुद को घिरता देख पुलिस पर 4 राउंड गालियां चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दीपक को गोलियां लगीं। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरा आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

वाराणसी में 30 लाख का इनामी नक्सली कमांडर मुठभेड़ में ढेर

वाराणसी में रविवार की सुबह यूपी एटीएस और एक इनामी नक्सली कमांडर के बीच मुठभेड़ हो गई। रामनगर थाना क्षेत्र के लंका मैदान के पास हुई इस कार्रवाई में झारखंड के रहने वाले नक्सली कमांडर बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता को गोली लगी। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक बृजेश गंझू प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी का कमांडर था और उस पर कुल 30 लाख रुपये का इनाम घोषित था। यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण ने एटीएस की टीम को 2 लाख रुपये का इनाम दिया गया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा

जन्म आधारित भेदभाव हिंदू संस्कृति का हिस्सा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

समाज में ऊंच-नीच, जाति और किसी भी प्रकार के भेदभाव को दूर करते हुए समर्थ समाज बनाने की दिशा में प्रयास करना होगा। हम सब एक ही माता की संतान हैं और ईश्वर की संतान हैं, इसलिए मनुष्यों के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। जन्म आधारित भेदभाव हिंदू संस्कृति का हिस्सा नहीं है। यह बात राजधानी के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा रविवार को राजधानी स्थित लाल परेड ग्राउंड में शताब्दी वर्ष की गतिविधियों के क्रम में 'शाखा संगम' और 'स्वयंसेवक एकत्रीकरण' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एम्स भोपाल के डायरेक्टर रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल नरेंद्र कोतवाल, मध्यभारत प्रांत संघचालक अशोक पांडेय तथा भोपाल विभाग संघचालक सोमकांत उमालकर मंचस्थ रहे।



जाति के नाम पर होने वाला किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार समाज को कमजोर और दुर्बल करता है

संघ ने समाज के सामने 'पंच परिवर्तन' का विषय रखा है

संघ समाज से अलग नहीं, समाज का ही अंग

सरकार्यवाह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वयं को समाज से अलग मानकर काम नहीं करता। संघ समाज का ही एक अंग है। समाज की शक्ति को संगठित करना, व्यक्ति में चरित्र निर्माण करना और समाज को अपने दायित्व के प्रति जागृत करना उसके कार्य का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। व्यक्ति निर्माण से समाज संगठन और समाज संगठन से राष्ट्र निर्माण की यात्रा निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

हम मिलकर काम करेंगे तो हर समस्या का समाधान

होसबाले ने कहा कि हम सब हिंदू राष्ट्र के ही हैं। हिंदू होने के नाते समाज के सामने आने वाले प्रश्न किसी एक हिस्से के नहीं, बल्कि हम सभी के हैं। इसी भाव से यदि हम मिलकर काम करेंगे तो समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। इसी सोच के साथ संघ ने समाज के सामने 'पंच परिवर्तन' का विषय रखा है। भगवान राम शबरी की कुटिया में जाकर उसके जूठे बेर खाते हैं, फिर हम जाति के नाम पर भेदभाव कैसे कर सकते हैं। जाति के नाम पर होने वाला किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार समाज को कमजोर और दुर्बल करता है।

एक अक्टूबर से देशभर में लागू होंगे नए और सख्त नियम

जन्म-मृत्यु का रजिस्ट्रेशन कराने में हुई देरी तो बढ़ेगी मुश्किल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रेशन से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2026 के प्रावधान 1 अक्टूबर 2026 से लागू हो जाएंगे। नए कानून में जन्म या मृत्यु का रजिस्ट्रेशन कराने में देरी होने पर प्रक्रिया को पहले के मुकाबले ज्यादा सख्त किया गया है। खास तौर पर 2 साल से ज्यादा देर से किए जाने वाले रजिस्ट्रेशन के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश की जरूरत होगी। भारत के रजिस्ट्रार जनरल मृत्युंजय कुमार नारायण ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने गजट अधिसूचना जारी कर बताया कि केंद्र सरकार ने 1 अक्टूबर 2026 को उस तारीख के रूप में तय किया है, जिस दिन अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे।

खास बातें

- 2 साल बाद रजिस्ट्रेशन के लिए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट का आदेश जरूरी होगा
- एक-दो साल की देरी पर डीएम, एसडीएम या अधिकृत मजिस्ट्रेट की मंजूरी लेनी होगी



दो साल से ज्यादा देरी पर मजिस्ट्रेट का आदेश जरूरी

अब अगर जन्म या मृत्यु की घटना के दो साल से ज्यादा समय बाद रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया जाता है, तो इसके लिए प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट का आदेश जरूरी होगा। यानी 2 साल से ज्यादा पुरानी घटना का रजिस्ट्रेशन अब सिर्फ सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया के जरिए नहीं हो सकेगा। इसमें न्यायिक स्तर पर जांच और मंजूरी जरूरी होगी।

नए कानून में प्रक्रिया को बनाया गया है सख्त

नए कानून में देरी से जन्म या मृत्यु के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को ज्यादा सख्त बनाया गया है। इसके लिए 1969 के कानून की धारा 13(3) में संशोधन किया गया है। यह धारा 2023 में किए गए संशोधन के बाद भी लागू थी। जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 का उद्देश्य देश में जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रेशन को नियंत्रित करना और इससे जुड़े मामलों के लिए कानूनी व्यवस्था उपलब्ध कराना है।

संसद के दोनों सदनों से पास हुआ था कानून

जन्म और मृत्यु पंजीकरण से जुड़े इस संशोधन विधेयक को संसद के दोनों सदनों ने पारित किया था। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह पिछले महीने कानून बन गया। नए कानून का मुख्य उद्देश्य जन्म और मृत्यु की घटनाओं की जानकारी समय पर दर्ज कराना है। सरकार का कहना है कि इसके जरिए जन्म और मृत्यु की घटनाओं की समय पर रिपोर्टिंग को बढ़ावा मिलेगा। यह कानून मूल जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 में बदलाव करता है।

कुकी समुदाय के लोगों की सुरक्षा बलों से मुठभेड़

6 लोगों को हिरासत में लेने पर मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सुरक्षा बलों द्वारा छह ग्रामीणों को हिरासत में लिए जाने के विरोध में कुकी समुदाय के लोगों ने हिंसक प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि उग्र प्रदर्शन शनिवार रात करीब 10 बजे शुरू हुआ और आधी रात तक मोटबुंग और उसके आसपास के इलाकों में चलता रहा। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाकर रास्ता रोका और सरकारी वाहनों पर जमकर पथराव किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि सुरक्षा बलों ने बिना कोई कारण बताए खोलेन गांव के छह ग्रामीणों को हिरासत में लिया है। खोलेन गांव नागा बहुल चवांगकिनिंग गांव के पास स्थित है, जहां हाल ही में हथियारबंद बदमाशों ने हमला किया था।

पुलिस को रोकने सड़क को खोदा

भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के कई गोले दागे। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों की गाड़ियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए भारी निर्माण मशीनों का इस्तेमाल किया और मोटबुंग में नेशनल हाईवे-2 (इम्फाल से दीमापुर) के कुछ हिस्सों को खोद दिया।

रायपुर, सोमवार 21 सितंबर 2026 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष दशमी | वर्ष : 25, अंक : 62 | पृष्ठ : 12+4+4=20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



एलावेनिल वलारिवन ने जीता रजत पदक

एशियन गेम्स के पहले दिन भारत की 'चांदी'

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारत ने 20वें एशियन गेम्स के पहले दिन 2 सिल्वर मेडल जीत लिए हैं। दोनों मेडल 10 मीटर राइफल शूटिंग में आए। इलावेनिल वलारिवान के शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को यहां एशियाई खेलों में अपने पदकों का खाता निशानेबाजी में दो रजत के साथ खोला जबकि 'मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स' में अप्रत्याशित रूप से पदक पक्का किया। रविवार को एलावेनिल वलारिवन ने 10 मीटर ▶▶|शेष पेज 5 पर



रजत पदक के साथ विदर्सा कोचलुमकल, सोनम मस्कर, एलावेनिल वलारिवन (बाएं से दाएं)

शूटिंग क्वीन एलावेनिल

एलावेनिल वलारिवन भारत की बेहतरीन राइफल शूटरों में से एक हैं और 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में एक जाना-माना नाम हैं। ▶▶|शेष पेज 5 पर

सोनम बोलीं- यह पदक मां-पापा को समर्पित

रजत पदक जीतने के बाद सोनम मस्कर ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया। उन्होंने कहा कि उनके बिना वह इस ▶▶|शेष पेज 5 पर

मंधाना ने रचा इतिहास



100 छक्के और टी20आई में नंबर-1 बल्लेबाज

नागोया। भारत ने एशियन गेम्स के विमेंस क्रिकेट सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 114 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली। इस बीच, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना अब टी20आई क्रिकेट (महिला और पुरुष दोनों) इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गई हैं। मंधाना के नाम अब टी20आई क्रिकेट में 4,788 रन दर्ज हैं, इसके साथ ही उन्होंने सुजी बेट्स के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। मंधाना महिला T20I में 100 छक्के पूरे करने वाली पहली भारतीय भी बन गई हैं। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने अपने नाम एक और खास रिकॉर्ड दर्ज कर लिया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

माता वैष्णो देवी हेलीपैड टर्मिनल में आग

जम्मू। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित



माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के आधार शिविर कटरा में एक हेलीपैड टर्मिनल रविवार तड़के आग लगने से आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

ट्रैक्टर की ट्रक से टक्कर, 3 की मौत

मंदसौर। मप्र के मंदसौर जिले में एक ट्रक ने मजदूरों को ले जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे दो बच्चों और एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई तथा 13 अन्य लोग घायल हो गए। हादसा मंदसौर से करीब 24 किलोमीटर दूर दलोदा थाना क्षेत्र में लखमा खेड़ी चौराहे के पास महू-नीमच राजमार्ग पर शनिवार रात करीब एक बजे हुआ।

आकाशीय बिजली गिरने से दो भाइयों की मौत

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में



आने से दो किसानों की की मौत हो गई। मरने वाले दोनों किसान चचेरे भाई थे। यह घटना शनिवार रात मोहपा थाना क्षेत्र के तिष्टी खुर्द गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि दोनों मवेशियों को चराने के लिए खेत गए थे।

वाघ बकरी टी ग्रुप के चेयरमैन का निधन

अहमदाबाद। वाघ बकरी टी ग्रुप के चेयरमैन पीयूषभाई देसाई का 15 सितंबर को निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। चाय कारोबार को गांधीवादी मूल्यों, परोपकार और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ने वाले देसाई के निधन की जानकारी वाघ बकरी टी ग्रुप ने एक बयान में दी।

पूर्व नियोजित था झीरम कांड...पहले रेकी, फिर रिहर्सल, 9 दिन की थी तैयारी

नक्सलियों को पता था आएंगे कर्मा और बड़े नेता, तीसरे दिन ही हत्याकांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/जगदलपुर

- झीरम कांड में अदालत के आदेश में दर्ज गवाहियों से सामने आई हमले की तैयारी
- पहले रास्ते में पेड़ गिराकर अवरोध पैदा किया गया और इसके बाद आईईडी ब्लास्ट
- आईईडी ब्लास्ट और फायरिंग, वारदात के बाद जंगल में हथियारों का प्रदर्शन

झीरम घाटी में 25 मई 2013 को हुए हमले की जांच से जुड़े न्यायालयीन दस्तावेजों से साबित होता है कि झीरम कांड पूर्व नियोजित था। अदालत के आदेश में दर्ज आत्मसमर्पित और पूर्व नक्सलियों की गवाहियों के मुताबिक हमले से पहले इलाके की रेकी कराई गई, एक सप्ताह पहले रिहर्सल हुई और अलग-अलग टीमों का गठन कर उन्हें आईडी लगाने तथा मोर्चा संभालने की जिम्मेदारी दी गई। गवाहियों में यह भी बताया गया है कि नक्सलियों ने नौ दिनों तक एम्बुश में रहने की योजना बनाई थी, लेकिन तीसरे दिन ही उन्हें वह काफिला मिल गया जिसका इंतजार किया जा रहा था। नक्सलियों को पता था कि बस्तर के दिग्गज नेता महेंद्र कर्मा वहां से गुजरेंगे। 25 मई को महेंद्र कर्मा के सुकमा से जगदलपुर की ओर आने की खबर मिलने के बाद सुरक्षा बलों और नेताओं के काफिले को निशाना बनाया गया। गवाही के मुताबिक पहले रास्ते में पेड़ गिराकर अवरोध पैदा किया गया और इसके बाद आईईडी ब्लास्ट तथा फायरिंग की गई। वारदात के बाद ▶▶|शेष पेज 5 पर







बिंदु क्रमांक 185, सन्नु पोटाम ने कहा-रेकी और रिहर्सल कराई गई

सरेन्डर नक्सली सन्नु पोटाम की गवाही के आधार पर आदेश के बिंदु क्रमांक 185 में कहा गया है कि नक्सली कमांडर देवा ने झीरम रोड पर हमले की योजना बनाई थी। हमले से पहले देवा सभी डिविजन कमांडरों को साथ लेकर गया था और रास्ते की रेकी करवाई थी। गवाही के मुताबिक हमले से एक सप्ताह पहले रिहर्सल भी कराया गया था। इस रिहर्सल में देवा, विनोद, मासा, अनिल, जगदीश, सोनाधर, श्यामलाल, ▶▶|शेष पेज 5 पर

बिंदु क्रमांक 189-190, हिड़मा ने बताया-हमले में 150 से ज्यादा नक्सली शामिल

अदालत के आदेश में बिंदु क्रमांक 189 एवं 190 में कवासी हिड़मा की गवाही का भी उल्लेख है। गवाह के अनुसार झीरम घाटी हमले में लगभग 150 नक्सली और ▶▶|शेष पेज 5 पर

बिंदु क्रमांक 191, देउनाग ने कहा-रास्ता रोकने के लिए कटवाए पेड़

बिंदु क्रमांक 191 में देउनाग की गवाही के मुताबिक नक्सलियों ने ग्रामीणों का इस्तेमाल कर रास्ता रोकने के लिए पेड़ कटवाए थे। तोंगपाल की ओर से जैसे ही गाड़ियों का काफिला आया, पेड़ को सड़क पर गिराकर रास्ता ▶▶|शेष पेज 5 पर

बुधराम ने कहा- लूटे हथियारों की नुमाइश की गई

हमले के बाद की गतिविधियों का उल्लेख बिंदु क्रमांक 206 में साक्षी बुधराम वेट्टी की गवाही में है। गवाह के मुताबिक वारदात को अंजाम देने के बाद नक्सली तीन दिनों तक कांदानार के जंगलों में ठहरे रहे। वहां लूटकर लाए गए अत्याधुनिक हथियारों की नुमाइश की गई। गवाही में नौ एके-47, दो एसएलआर, चार इंसास, पांच पिस्टल और वायरलेस सेट आदि का उल्लेख है। इसी दौरान वरिष्ठ नेताओं महेंद्र कर्मा और नंद कुमार पटेल को मारने का दावा करते हुए सफलता का जिक्र किया गया। इसके बाद बिंदु क्रमांक 207 में सन्नु पोटाम की गवाही के संदर्भ में न्यायालयीन आदेश में एम्बुश लगाने, डिविजन कमांडरों से रेकी कराने और एक सप्ताह पूर्व रिहर्सल कराने संबंधी गवाही का उल्लेख किया गया है।

सिम बंद होते ही बैंक खाते से उड़ गए 11 लाख रुपए



एजेंसी ▶▶| शिमला

शिमला के चिड़गांव में साइबर ठगी का मामला सामने आया है, जहां बुजुर्ग के बैंक खाते से 33 अनधिकृत यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिए 11.04 लाख रुपए निकाल लिए गए। पीड़ित के मुताबिक, 5 सितंबर को अचानक उसका मोबाइल सिम बंद हो गया था। कॉल और मैसेज आना बंद होने के बाद उसे बैंक खाते से रकम निकलने की जानकारी मिली। पुलिस को सिम क्लोनिंग के जरिए ठगी का शक है। 65 साल के व्यक्ति के खाते से बिना जानकारी और अनुमति के कुल 11,04,799.61 रुपए ट्रांसफर किए गए। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने इनमें से कोई लेनदेन नहीं किया था।

33 ट्रांजेक्शन

शिकायत के मुताबिक 5 सितंबर से 18 सितंबर के बीच कुल 33 ट्रांजेक्शन हुए। इनसे खाते से 11 लाख 4 हजार 799 रुपए ट्रांसफर किए गए। शिकायतकर्ता ने पुलिस को सभी 33 लेनदेन की डिटेल्स भी सौंपी है। इसमें हर लेनदेन की तारीख, ट्रांजेक्शन आईडी या यूटीआर नंबर और संबंधित रकम का ब्योरा शामिल है। उनका कहना है कि इन लेनदेन के कारण उन्हें बड़ी आर्थिक क्षति हुई है।

पहले सिम बंद हुई फिर जाते रहे पैसे

दारा सिंह बांशा शिमला जिला के चिडगांव तहसील के चिचवाड़ी गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चिडगांव स्थित यूको बैंक में उनका खाता है। 5 सितंबर को उनका मोबाइल सिम अचानक काम करना बंद हो गया। इसके बाद मोबाइल पर न तो कॉल आ रही थी और न ही मैसेज मिल रहे थे। उन्होंने इसे सिम स्वैप या सिम क्लोनिंग से जुड़ी घटना होने की आशंका जताई है।

बीएमडब्ल्यू कार फ्लाईओवर से 75 फीट नीचे गिरी, तीन की मौत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई के कोस्टल रोड पर रविवार सुबह एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार के अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन पार्किंग स्थल में कई फुट नीचे जा गिरने से एक नाबालिग समेत तीन युवकों की मौत हो गई और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना सुबह 5.20 बजे हुई जब कार मरीन ड्राइव से हाजी अली की ओर तेज रफ्तार से जा रही थी। दुर्घटना के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया।



10.58 किमी लंबा हाई-स्पीड फ्रीवे

अभी यह पता नहीं चल पाया है कि गाड़ी कौन चला रहा था, क्योंकि हादसे में बचे व्यक्ति का बयान अभी दर्ज किया जाना बाकी है। मुंबई कोस्टल रोड 10.58 किलोमीटर लंबा हाई-स्पीड फ्रीवे है, जो मरीन ड्राइव को बांद्रा-वर्ली सी लिंक के वर्ली वाले छोर से जोड़ता है। इससे पहले, 15 जुलाई को कोस्टल रोड सुरंग के अंदर एक कार में आग लग गई थी। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं थी।

कांग्रेस अनुशासन समिति ने 20 नेताओं का निष्कासन रद्द किया

- आनंद कुकरेजा
- पूनम पांडेय
- समेत राजनांदगांव से सबसे अधिक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अनुशासन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों के निष्कासित कांग्रेसियों का निष्कासन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू 5 आदेश जारी करते हुए कांग्रेस के 20 नेताओं का निष्कासन रद्द किया। अनुशासन समिति को 36 नेताओं ने निष्कासन रद्द करने के लिए आवेदन दिया था। जिन लोगों का निष्कासन रद्द किया गया, उनमें रायपुर जिले से आनंद कुकरेजा, पूनम पाण्डेय, विशाल रजानी के नाम प्रमुख हैं। ▶▶|शेष पेज 5 पर



'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में बुजुर्ग महिला के अपमान का आरोप

पीएम मोदी की मिमिक्री पर घिरे राहुल, भड़की भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में पीएम मोदी की मिमिक्री की गई थी। इस दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिसे लेकर अब राहुल गांधी निशाने पर हैं। भाजपा ने पीएम मोदी की मिमिक्री किए जाने के दौरान एक बुजुर्ग महिला का अपमान किए जाने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी के मंच पर एक मिमिक्री आर्टिस्ट पुलकित मनी पहुंचे थे. उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की मिमिक्री की थी और उनकी एक रैली के दौरान बुजुर्ग महिला के लिए कुर्सी मांगे जाने का मजाक उड़ाया था। अब ▶▶|शेष पेज 5 पर



रिजिजू बोले- कांग्रेस जोकर्स की पार्टी

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को एक्स पर पोस्ट में लिखा- कांग्रेस पार्टी कॉमेडियंस और जोकर्स की पार्टी बन गई है। वे हमेशा के लिए बाहर हो गए हैं रेस्ट इन पीस।

क्या है मिमिक्री विवाद



यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ, जब इंदौर के कार्यक्रम में मंच पर मौजूद मिमिक्री आर्टिस्ट पुलकित मनी ने पीएम मोदी की एक रैली का मजाक उड़ाया, जिसमें पीएम ने एक बुजुर्ग महिला को बैठने के लिए कुर्सी देने को कहा था। भाजपा नेता सीआर केसवन और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इसे बुजुर्ग नारी शक्ति और प्रधानमंत्री की दिवंगत मां का घोर अपमान बताया। भाजपा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने मंच पर ठहाके लगाकर असंवेदनशीलता दिखाई और नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा को गिराया है।

जोशी ने राहुल और कांग्रेस पर साधा निशाना



शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा- राहुल और कांग्रेस पार्टी नैतिक दिवालियापन के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। छात्र संवाद का इस्तेमाल पीएम मोदी की दिवंगत मां का मजाक उड़ाने और उनका अपमान करने के लिए करना बुनियादी मानवीय संवेदना और राजनीतिक संस्कृति की चौंकाने वाली कमी दिखाता है।

राहुल के बचाव में उतरी कांग्रेस

भाजपा के हमलों के बाद अब पूरी कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के बचाव में उतर आई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा- राहुल गांधी ने उस 'सिस्टम' का पर्दाफाश कर दिया है जो छात्रों की आवाज दबा रहा है। रमेश ने कहा, 'यह सिस्टम कौन है? यह भाजपा-आरएसएस के लोग हैं, जिन्होंने देश की शिक्षा, अर्थव्यवस्था, राजनीति और हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। इन्होंने शिक्षा व्यवस्था को खोखला और भ्रष्ट बना दिया है।

चिंतन

सिर्फ सुर्खियां बटोरने के लिए फूहड़ता ठीक नहीं

राजनीति में व्यंग्य और हास्य के लिए जगह होनी चाहिए। सत्ता और विपक्ष के नेताओं पर कटाक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई नई बात नहीं है, लेकिन राजनीतिक विरोध को व्यक्त करने के लिए भाषा और प्रस्तुति की एक मर्यादा भी होती है। केवल चर्चा पाने, सुर्खियां बटोरने या सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कराने के लिए फूहड़ता दिखाना ठीक नहीं है। ऐ करना स्वस्थ राजनीतिक संस्कृति का संकेत नहीं हो सकता। इंदौर में राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में हुआ घटनाक्रम इसी सवाल को सामने लाता है। 19 सितंबर को हुए इस कार्यक्रम में छात्रों ने शिक्षा, भर्ती, परीक्षा, आरक्षण, छात्रावास और रोजगार से जुड़े गंभीर सवाल उठाए। कार्यक्रम का उद्देश्य ही छात्रों की समस्याओं को सामने लाना था। राहुल गांधी ने भी पेपर लीक, भर्ती और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरा और कहा कि छात्रों का सवाल पूछना जरूरी है, लेकिन कार्यक्रम के एक हिस्से ने पूरे संवाद की दिशा बदल दी। स्टैंडअप कॉमेडियन पुलकित मणि ने मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंदाज की नकल की। राहुल उनके साथ नजर आए और उनसे मजाकिया अंदाज में संवाद भी किया। इसके बाद भाजपा ने आरोप लगाया कि प्रस्तुति में प्रधानमंत्री की दिवंगत मां का भी अपमान किया गया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर तीखी टिप्पणी की, जबकि शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इसे राजनीतिक मर्यादा और मानवीय संवेदनशीलता से जुड़ा विषय बताया। दूसरी तरफ, कांग्रेस की ओर से भाजपा के आरोपों को खारिज किया गया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी इस आरोप को नकारते हुए कहा कि कार्यक्रम को लेकर नकारात्मक माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है। यहां मूल सवाल किसी एक दल के आरोप या प्रत्यारोप से आगे का है। राजनीतिक व्यंग्य आखिर कितना व्यक्तिगत होना चाहिए? किसी नेता की नीतियों, फैसलों, भाषणों और राजनीतिक शैली पर तीखा व्यंग्य लोकतांत्रिक बहस का हिस्सा हो सकता है, लेकिन जब हास्य किसी नेता के निजी या पारिवारिक संदर्भ तक पहुंच जाए और उससे किसी की गरिमा आहत होने की स्थिति पैदा हो, तब मंच पर मौजूद लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। खासकर तब, जब कार्यक्रम का केंद्र देश के युवा और छात्र हों। दुर्भाग्य यह है कि छात्रों के गंभीर सवालों के बीच हुई एक प्रस्तुति ने पूरी चर्चा को राजनीतिक विवाद में बदल दिया। सोशल मीडिया के दौर में राजनीतिक दलों के लिए यह समझना और भी जरूरी है कि कुछ मिनट की वायरल चर्चा के लिए कही गई बात लंबे समय तक राजनीतिक संवाद की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर सकती है। राजनीति में हास्य खत्म करने की जरूरत नहीं है। व्यंग्य सत्ता से सवाल पूछने का प्रभावी माध्यम हो सकता है, लेकिन व्यंग्य की धार व्यवस्था और नीतियों पर होनी चाहिए, व्यक्तिगत गरिमा को चोट पहुंचाने पर नहीं। इसी तरह विपक्ष को सरकार की आलोचना करने का पूरा अधिकार है, लेकिन आलोचना को प्रभावी बनाने के लिए फूहड़ता जरूरी नहीं है। आज युवाओं के सामने परीक्षा, रोजगार, कौशल, महंगी शिक्षा और सुरक्षित छात्रावास जैसे वास्तविक प्रश्न हैं। वे राजनीतिक दलों से केवल भाषण या मनोरंजन नहीं, अपने भविष्य को लेकर स्पष्टता चाहते हैं। इसलिए छात्र संवाद के मंच पर ऐसी कोई बात नहीं होनी चाहिए जो मूल मुद्दों को पीछे धकेल दे। छात्रों की आवाज को राजनीतिक शोर में नहीं, गंभीर संवाद और समाधान में जगह मिलनी चाहिए।



यूपीआई पर शुल्क

सतीश सिंह

भारत में चाय की छोटी दुकान से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल तक, यूपीआई भुगतान रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। मोबाइल से कुछ ही सेकंड में भुगतान की सुविधा ने नकदी पर निर्भरता घटाने के साथ छोटे कारोबारियों को भी डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। ऐसे में 15 अक्टूबर 2026 से कुछ बड़े यूपीआई मर्चेंट भुगतानों पर एमडीआर लागू होने का फैसला स्वाभाविक रूप से चर्चा में है। हालांकि इसका सीधा बोझ उपभोक्ता पर नहीं पड़ेगा और अधिकांश छोटे भुगतान शुल्क-मुक्त रहेंगे, फिर भी व्यापारियों की लागत और डिजिटल भुगतान की रफ्तार पर इसके असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए नई व्यवस्था में सुविधा, पारदर्शिता और टिकाऊपन के बीच संतुलन जरूरी है।

डिजिटल भुगतान पर संतुलन की चुनौती

भारत में चाय की दुकान से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल तक, यूपीआई भुगतान का सबसे सहज माध्यम बन चुका है। जेब में नकदी हो या न हो, मोबाइल फोन और बैंक खाते के सहारे कुछ ही सेकंड में भुगतान पूरा हो जाता है। इस सरलता ने न केवल लेन-देन की आदत बदली, बल्कि छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी वालों और दूरदराज के क्षेत्रों को भी डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। ऐसे में 15 अक्टूबर 2026 से कुछ यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगाने का निर्णय स्वाभाविक रूप से चर्चा और चिंता का विषय बन गया है। नई व्यवस्था को लेकर सबसे पहले यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि यह शुल्क सामान्य उपभोक्ता से नहीं लिया जाएगा। किसी मित्र या रिश्तेदार को पैसे भेजने वाले व्यक्ति-से-व्यक्ति यानी पी2पी लेन-देन पहले की तरह निशुल्क रहेंगे। इसी तरह दुकानदार को किए जाने वाले 2,000 रुपये तक के भुगतान पर भी कोई मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानी एमडीआर नहीं लगेगा। शुल्क केवल चुनिंदा व्यक्ति-से-व्यापारी यानी पी2एम लेन-देन पर लागू होगा।

15 अक्टूबर से 2,000 रुपये से अधिक के पात्र यूपीआई मर्चेंट भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाया जाएगा। इसका भुगतान व्यापारी को करना होगा। अधिकतम शुल्क प्रति लेन-देन 300 रुपये निर्धारित किया गया है। इसका अर्थ है कि 3,000 रुपये के भुगतान पर व्यापारी को 12 रुपये और 10,000 रुपये के भुगतान पर 40 रुपये एमडीआर देना होगा। 75,000 रुपये अथवा उससे अधिक के भुगतान पर शुल्क 300 रुपये से अधिक नहीं होगा। हालांकि, सभी व्यापारियों और क्षेत्रों पर एक जैसी दर लागू नहीं होगी। यूपीआई क्यूआर कोड के माध्यम से एक महीने में एक लाख रुपये तक प्राप्त करने वाले छोटे व्यापारियों को इस शुल्क से बाहर रखा गया है। रेलवे, ईंधन, दूरसंचार, बीमा, कृषि सामग्री, उपयोगिता बिल और कुछ अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान पर 5 रुपये का निश्चित एमडीआर रखा गया है। पूंजी बाजार से जुड़े चुनिंदा भुगतानों पर 0.02 प्रतिशत की रियायती दर लागू होगी, जिसकी अधिकतम सीमा भी 300 रुपये होगी। सबसे महत्वपूर्ण है कि 2,000 रुपये तक के भुगतान यूपीआई मर्चेंट लेन-देन की कुल संख्या के 95 प्रतिशत से अधिक हैं। इसलिए अधिकांश रोजमर्रा के भुगतान शुल्क-मुक्त ही बने रहेंगे। नई व्यवस्था का सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि एमडीआर का बोझ ग्राहक पर डालने की अनुमति नहीं है। बैंक, भुगतान सेवा प्रदाता और व्यापारी किसी पात्र भुगतान पर लागू शुल्क ग्राहक से अलग से नहीं वसूल सकते। फिर भी व्यावहारिक स्तर पर चुनौती बनी रहेगी। कोई व्यापारी ग्राहक से प्रत्यक्ष रूप से यूपीआई शुल्क न लेकर वस्तु या सेवा की कीमत में उसे शामिल कर सकता है। वह यूपीआई भुगतान पर छूट देने से मना कर सकता है अथवा नकद भुगतान को प्राथमिकता दे सकता है। कम लाभ वाले कारोबारों में 0.4 प्रतिशत की दर छोटी दिखाई देने के बावजूद संचयी रूप से उल्लेखनीय लागत बन सकती है। उदाहरण के लिए, किसी व्यापारी को महीने में 10 लाख रुपये के ऐसे पात्र यूपीआई भुगतान मिलते हैं तो सैद्धांतिक रूप से एमडीआर का बोझ 4,000 रुपये तक पहुंच सकता है। खुदरा व्यापार, दवा, किराना और वितरण जैसे क्षेत्रों में,



जहां लाभ का अंतर सीमित होता है, यह लागत संवेदनशील हो सकती है।

सोशल मीडिया पर यह कहा जा रहा है कि यूपीआई भुगतान पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जा रहा है। यह दावा भ्रामक है। जीएसटी ग्राहक द्वारा भुगतान की गई पूरी राशि पर नहीं, बल्कि व्यापारी से लिए गए एमडीआर पर लागू होगा। यदि 10,000 रुपये के पात्र भुगतान पर 40 रुपये एमडीआर बनता है तो 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी 7.20 रुपये होगा। अर्थात व्यापारी की कुल लागत 47.20 रुपये होगी। जीएसटी में पंजीकृत पात्र व्यापारी नियमानुसार इस कर का इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त कर सकता है। लेकिन गैर-पंजीकृत व्यापारी को इसका लाभ नहीं मिलेगा। इसलिए उसके लिए जीएसटी भी वास्तविक अतिरिक्त व्यय बन सकता है। यूपीआई उपयोगकर्ता को भले निशुल्क दिखाई देता हो, लेकिन इसकी पूरी व्यवस्था लागत-मुक्त नहीं है। प्रत्येक लेन-देन के पीछे बैंकों, एनपीसीआई, भुगतान ऐप, डेटा केंद्रों और तकनीकी सेवा प्रदाताओं का विस्तृत ढाँचा काम करता है। सर्वर क्षमता बढ़ाने, साइबर सुरक्षा मजबूत करने, धोखाधड़ी रोकने, शिकायतों का निपटारा करने और लेन-देन विफल होने पर धन वापसी सुनिश्चित करने में लगातार निवेश करना पड़ता है। जुलाई 2026 में यूपीआई से 2,366 करोड़ लेन-देन हुए, जिनका कुल मूल्य 29.9 लाख करोड़ रुपये था। इतने विशाल तंत्र को केवल सरकारी प्रोत्साहन राशि के सहारे लंबे समय तक चलाना आसान नहीं है। सीमित और बड़ी व्यापारिक अदायगियों पर शुल्क लगाकर बुनियादी ढांचे को टिकाऊ बनाने का तर्क इसलिए पूरी तरह अनुचित नहीं कहा जा सकता। एक स्थायी आय मॉडल से छोटे भुगतान ऐप और नई कंपनियां भी बाजार में टिक सकेंगी, जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है। दूसरी ओर, यूपीआई की असाधारण सफलता का एक प्रमुख कारण उसका निशुल्क होना है। भुगतान की सुविधा के साथ शून्य लागत ने व्यापारियों को क्यूआर कोड अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसी से छोटे भुगतान भी तेजी से डिजिटल हुए और अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी। यदि शुल्क का दायरा धीरे-धीरे बढ़ता गया तो डिजिटल भुगतान की रफ्तार प्रभावित हो सकती है। 2,000 रुपये की सीमा भी व्यवहारगत विकृति पैदा कर सकती है। संभव है कि कुछ व्यापारी 2,000 रुपये से अधिक के एक भुगतान को दो हिस्सों में स्वीकार करने लगें। इससे व्यवस्था का उद्देश्य कमजोर होगा और लेन-देन की संख्या अनावश्यक रूप से बढ़ेगी। ऐसे व्यवहार को रोकने के लिए नियम स्पष्ट होने चाहिए, लेकिन निगरानी ऐसी भी न हो कि ईमानदार छोटे व्यापारियों पर अनुपालन का अतिरिक्त दबाव पड़ने लगे। व्यापारी को स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए कि किस लेन-देन पर कितना एमडीआर और जीएसटी काटा गया, राशि किसे मिली और उसे कितना शुद्ध भुगतान प्राप्त हुआ। शिकायत-निवारण की सरल व्यवस्था भी जरूरी है। गलत वर्गीकरण के कारण किसी छोटे व्यापारी से शुल्क कटे तो उसे समयबद्ध तरीके से वापस किया जाना चाहिए। यूपीआई को टिकाऊ बनाने और वित्तीय समावेशन की मौजूदा गति में व्यवधान न आए के बीच संतुलन साधना होगा। सरकार को नई व्यवस्था की समीक्षा करनी होगी, जिसमें यह देखना होगा कि शुल्क के बाद बड़े यूपीआई भुगतानों की संख्या घटी या नहीं, व्यापारी नकदी की ओर लौटे अथवा शुल्क परोक्ष रूप से ग्राहकों तक पहुंचा आदि और आए बदलाव के अनुकूल फैसला लेना होगा। एमडीआर से प्राप्त आय का एक हिस्सा साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी पीड़ितों की सहायता, ग्राहक सेवा और ग्रामीण डिजिटल बुनियादी ढांचे पर खर्च किया जाना चाहिए, ताकि शुल्क से इस प्रक्रिया को और भी सुरक्षित और भरोसेमंद बनाया जा सके।

(लेखक वरिष्ठ आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

चिंता

बलकार सिंह पूनिया




जलाशय सूखे, क्षमता घट रही मानसून के भरोसे कब तक?

गर्मी बढ़ते ही देश में पानी को लेकर चिंता बढ़ना कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस बार चिंता का कारण केवल आसमान से होने वाली बारिश नहीं, बल्कि जमीन पर उपलब्ध पानी को संभालने की हमारी घटती क्षमता भी है। देश के प्रमुख जलाशयों में जलस्तर तेजी से नीचे जाना और दूसरी ओर उन्हीं जलाशयों की भंडारण क्षमता का गाद के कारण लगातार कम होते जाना आने वाले समय के लिए गंभीर संकेत है। सवाल यह नहीं है कि मानसून इस बार कितना अच्छा रहेगा, बल्कि बड़ा सवाल यह है कि मानसून से मिलने वाले पानी को हम कितना बचा पाएंगे। केंद्रीय जल आयोग 166 प्रमुख जलाशयों के जलस्तर की नियमित निगरानी करता है। इन जलाशयों की कुल लाइव स्टोरेज क्षमता 183.565 अरब घन मीटर है। समाचार में उद्धृत मध्य-मई की स्थिति के अनुसार इनमें करीब 63 बीसीएम पानी ही बचा था, यानी लगभग 34.45 प्रतिशत। इसका अर्थ साफ है कि गर्मी के चरम दौर में देश के प्रमुख जलाशयों का लगभग दो-तिहाई भंडारण खाली हो चुका था। कई राज्यों में स्थिति इससे भी अधिक चिंताजनक रही और अनेक बांधों में पानी 40 से 50 प्रतिशत से नीचे पहुंच गया, लेकिन देश की जल समस्या का शायद सबसे गंभीर और अपेक्षाकृत कम चर्चित पहलू जलाशयों में लगातार बढ़ती गाद है। केंद्रीय जल आयोग द्वारा तैयार 'भारत में जलाशयों में गाद जमाव संबंधी संकलन-2024' में 548 जलाशयों के आंकड़ों का अध्ययन किया गया, जिनमें से 439 जलाशयों के आंकड़े विश्लेषण के लिए उपयुक्त पाए गए। अध्ययन के अनुसार, इन 439 जलाशयों की सकल भंडारण क्षमता में गाद जमने के कारण औसतन 19.24 प्रतिशत की कमी हो चुकी है। वहीं, जलाशयों की भंडारण क्षमता में प्रत्येक वर्ष औसतन 0.74 प्रतिशत की कमीदर्ज की जा रही है। यह आंकड़ा भविष्य की भयावह तस्वीर समझने के लिए पर्याप्त है। यदि जलाशय में पानी पहुंचाने वाली नदियां और बरसाती धाराएं अपने साथ मिट्टी और तलछट लाती रहें तथा जलाशयों में गाद जमा होती रहे, तो कुछ वर्षों बाद अच्छी बारिश होने पर भी हमारे पास पानी रखने की पर्याप्त क्षमता नहीं होगी। यानी एक तरफ वर्षा की अनिश्चितता और दूसरी तरफ घटती भंडारण क्षमता। देश एक साथ दोहरी चुनौती का सामना कर रहा है। और यह समस्या पुराने जलाशयों में अधिक गंभीर हो सकती है। राष्ट्रीय रजिस्टर ऑफ स्पेसिफाइड डैम्स 2025 के अनुसार देश में 6,628 निर्दिष्ट बड़े बांध हैं। इनमें 6,545 बांध पूर्ण और कार्यशील हैं तथा 83 निर्माणाधीन हैं। इन बांधों की सकल जल भंडारण क्षमता करीब 330 अरब घन मीटर है। इनमें से 1,681 बांध 50 वर्ष से अधिक पुराने हैं और 291 बांध 100 वर्ष से भी अधिक पुराने हैं। यानी देश के लगभग 26 प्रतिशत निर्दिष्ट बांध आधी सदी से अधिक पुराने हैं। उम्र अपने आप में किसी बांध को असुरक्षित नहीं बनाती, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ संरचनात्मक रखरखाव, जलाशय की क्षमता, गाद, जलग्रहण क्षेत्र में बदलाव और संचालन व्यवस्था की नियमित समीक्षा अधिक जरूरी हो जाती है। सरकार के अनुसार, वर्ष 2025 में 6,524 बांधों का मानसून-पूर्व और 6,553 बांधों का मानसून-पश्चात निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद तीन बांधों को सबसे गंभीर श्रेणी-1 (कैटेगरी-1) तथा 216 बांधों को श्रेणी-2 (कैटेगरी-2) में रखा गया। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि बांधों की सुरक्षा को केवल उनके निर्माण के समय ही नहीं, बल्कि उनके पूरे जीवन-चक्र के दौरान प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। नियमित निरीक्षण, समयबद्ध रखरखाव और आवश्यकतानुसार पुनर्वास से ही बांधों की सुरक्षा और उनकी उपयोगिता लंबे समय तक सुनिश्चित की जा सकती है। भारत ने बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 और बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना जैसे कदमों के माध्यम से इस दिशा में संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया है। अब आवश्यकता इस बात की है कि इन व्यवस्थाओं का प्रभाव राज्यों और स्थानीय स्तर पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे। दरअसल, जल संकट का स्थायी समाधान केवल मानसून की अच्छी बारिश नहीं है। मानसून निश्चित रूप से राहत देगा, लेकिन जल सुरक्षा केवल बारिश से नहीं आएगी। इसके लिए जलग्रहण क्षेत्रों का संरक्षण, गाद नियंत्रण, पुराने बांधों का पुनर्वास, वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और पानी के विवेकपूर्ण उपयोग को एक साझा राष्ट्रीय कार्यक्रम बनाना होगा। आखिरकार सवाल यह नहीं है कि आसमान से कितना पानी बरसेगा; सवाल यह है कि धरती पर गिरने वाली हर बूंद में से हम कितनी बूंदें आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रख पाएंगे।

(लेखक ग्रामीण विकास विभाग इग्नू में सहायक आचार्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित

दर्शन

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी




संकलित

प्रेरणा

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहां से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडों को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर-भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नही। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

अंतर्मन



आज की पाती

बुढ़ापा भी सुरक्षित करे सरकार

हाल ही में जो केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन अर्थात ईपीएफओ के लिए जो वेतन की सीमा पंद्रह हजार से बढ़ाकर पच्चीस हजार की, उससे देश के उन करोड़ों लोगों को फायदा हो सकता है जो प्राइवेट सेक्टर में नौकरी करते हैं। सरकार के इस फैसले से बहुत से लोगों को यह भी फायदा होगा कि इससे लोगों की पेंशन में भी मामूली बढ़ोतरी हो सकती है, सरकार को प्राइवेट सेक्टर में रोजी-रोटी कमाने वाले लोगों के लिए ऐसे ही सराहनीय फैसले लेने चाहिए, ताकि युवाओं का क्रेज प्राइवेट सेक्टर में नौकरियों के प्रति भी वैसे ही बढ़े जैसे कि सरकारी नौकरियों के प्रति है। इसके अलावा सरकार से यह निवेदन है कि वह वृद्ध हो चुके लोगों के लिए पेंशन की कोई योजना लेकर आए। - *शरद वर्मा, जगदलपुर*

ट्रेंड

कांग्रेस जोकर्स की पार्टी



कांग्रेस कॉमेडियंस और जोकर्स की पार्टी बन गई है। वे हमेशा के लिए बाहर हो गए हैं। रेस्ट इन पीस। राहुल और कांग्रेस पार्टी नैतिक दिवालियापन के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। उसे अच्छे बुरे का कोई ख्याल नहीं है। **-किरेन रिजिजू,** केंद्रीय मंत्री

हॉस्टल के लिए पैसा नहीं



इंदौर में एक छात्रा ने मुझसे पूछा, सरकार के पास दीया जलाने के लिए पैसा है, हॉस्टल के लिए क्यों नहीं? गांव से शहर पढ़ने आने वाली छात्राओं को हॉस्टल नहीं मिलने पर पीजी में रहना पड़ता है। किराए और सुरक्षित रहने का खर्च इतना ज्यादा है कि कई लड़कियां पढ़ाई छोड़ देती हैं। **-राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद

अरावली पर गंभीर खतरा



खनन, रियल एस्टेट व अन्य परियोजनाओं की अनुमति देने के लिए अरावली को फिर से परिभाषित करने के मोदी सरकार के कदमों से इस पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। प्रधान न्यायाधीश के नौ फरवरी 2027 को सेवानिवृत्त होने से पहले, हमें शायद पता चल जाएगा कि इन कदमों का क्या होता है। **-जयराम रमेश,** कांग्रेस महासचिव


राहुल पर सवाल



राहुल गांधी की राजनीति उस स्तर पर पहुंच गई है जहां एक बुजुर्ग महिला के प्रति सम्मान भी मजाक का विषय बन जाता है। पीएम मोदी ने भीड़ में एक महिला को खड़े देखा, अपना भाषण रोका व यह सुनिश्चित किया कि उन्हें कुर्सी दी जाए। यही संस्कार है। यही गरिमा है। यही लोगों के प्रति सम्मान है। **-मोहन चरण माझी,** सीएम ओडिशा

करंट अफेयर

सबसे कठिन समय में भी नई शुरुआत की संभावनाएं



अपनी नयी किताब को लेकर उत्साहित भारतीय-अमेरिकी प्रसिद्ध लेखिका मोनिका सैगल को उम्मीद है कि 'नए सिरे से शुरुआत और दूसरे अवसरों'' का उनका संदेश पाठकों को पसंद आएगा। सैगल की इस किताब में सबसे कठिन समय में भी नयी शुरुआत की संभावनाओं की तलाश की गई है। सैगल की 14वीं किताब 'द लोटस ब्लूम्स ट्वाइस : स्टोरीज ऑफ लव, लाइफ एंड रिडेम्पशन' का विमोचन एक अक्टूबर को होगा। यह किताब नए सिरे से जीवन शुरू करने और दूसरे अवसरों पर आधारित लघु कथाओं का संग्रह है, जो 'जीवन के मध्य काल में रचनात्मकता और नवीनीकरण' के विषय को एक स्वाभाविक मंच प्रदान करती है। सैगल इससे पहले कथा साहित्य, पाक कला से जुड़ी किताबें, कविताएं और बच्चों के साहित्य सहित विभिन्न विधाओं में किताबें लिख चुकी हैं। पुरस्कार विजेता लेखिका सैगल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'मुझे उम्मीद है कि किताब पढ़ने के बाद पाठक यह विश्वास लेकर लौटेंगे कि हम जरूरत पड़ने पर जितनी बार चाहें, फिर से उठ खड़े हो सकते हैं। जीवन जब बेहद अंधकारमय लग रहा हो, तब भी उसमें नए सिरे से शुरुआत और उम्मीद की हमेशा संभावना होती है।'

ऑफ बीट

कैसे पता करें एआई का जवाब भरोसेमंद है या नहीं ?



हाल ही में मैंने गूगल पर एक सीधा-सा सवाल टाइप किया कि किशोरों के लिए कितना 'स्क्रीन टाइम' बहुत ज्यादा माना जाता है? कई वर्षों से गूगल ऐसे सवालों के जवाब में वेबसाइट्स के लिंक दिखाता आया है, लेकिन इस बार उसने सीधे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से तैयार किया हुआ जवाब दिया। एआई ने एक संख्या बताई, लेकिन साथ ही जवाब को जटिल बनाते हुए यह भी समझाया कि स्क्रीन पर बिताए जाने वाले समय की अवधि से ज्यादा महत्वपूर्ण यह हो सकता है कि उस समय का इस्तेमाल किस तरह और किस संतुलन के साथ किया जा रहा है। उसने यह भी कहा कि 'बहुत ज्यादा'' स्क्रीन टाइम इस बात पर निर्भर कर सकता है कि किशोर की नींद, व्यायाम, पढ़ाई और मानसिक स्थिति कैसी है। मैंने एक और सवाल पूछा : क्या मुझे रोजाना 'एस्पिरिन' लेनी चाहिए? इस बार एआई के जवाब में चिकित्सकीय जानकारी दी गई, संभावित जोखिमों के बारे में चेताया गया और मेरी उम्र तथा चिकित्सीय इतिहास बताने पर अधिक व्यक्तिगत सलाह देने की पेशकश की गई। दोनों जवाब उपयोगी थे। लेकिन मेरे लिए ज्यादा दिलचस्प बात यह थी कि दोनों सवालों के जवाब देने का तरीका बिल्कुल अलग था।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

महाराजा-2 के सीक्वल पर काम शुरू, निथिलन हैं डायरेक्टर

मुंबई। साल 2024 में आई विजय सेतुपति और अनुराग कश्यप की फिल्म 'महाराजा' सुपरहिट रही थी। इस फिल्म को ना सिर्फ थिएटर्स में प्यार मिला, बल्कि ओटीटी पर भी इसे खूब तारीफें मिलीं। चीन में धमाल मचाने के बाद यह फिल्म अब हॉलीवुड में रीमेक होने जा रही है। इसी बीच मेकर्स ने ऐलान कर दिया है कि वो इस फिल्म का पार्ट-2 बनाने जा रहे हैं। विजय सेतुपति ने हाल ही में बत्था के म्यूजिक लॉन्च इवेंट में कन्फर्म किया कि इस फिल्म की हॉलीवुड रीमेक बन रहा है और वह इस रीमेक मूवी का हिस्सा बनना चाहेंगे। विजय सेतुपति ने कहा, 'निथिलन गजब के डायरेक्टर हैं, उनका राइटिंग सेंस कमाल का है। उन्होंने हाल ही में मुझे महाराजा-2 की कहानी



सुनाई थी, जो कि बहुत खूबसूरत है। शुरू में लोगों को महाराजा खास पसंद नहीं आई थी, लेकिन मुझे हमेशा इस पर यकीन था।'

भारत रत्न पाने वाली पहली संगीतकार, कहलाईं 'संगीत की रानी'

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा की वो महिला संगीतकार जिनके गीतों के धुन को महात्मा गांधी भी पसंद करते थे। उनके संगीत का जादू विदेशों में भी छाया था। इस आर्टिकल में कहानी भारत रत्न से नवाजीं जाने वाली पहली महिला संगीतकार की, जिन्होंने दशकों तक म्यूजिक इंडस्ट्री में काम किया। यह संगीतकार कोई और नहीं, बल्कि एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी हैं। 16 सितंबर 1916 को जन्मीं सुब्बुलक्ष्मी ने कर्नाटक संगीत को दुनियाभर में पहुंचाया। सुब्बुलक्ष्मी बचपन से ही संगीत से जुड़ी थीं। उनकी दादी वॉयलिन वादक थीं। ऐसे में उन्हें भी बचपन से संगीत का गुण सिखाया गया। उन्होंने पंडित नारायणराव व्यास और सेम्मंगुडी श्रीनिवास अय्यर से संगीत की शिक्षा ली और मात्र 11 साल की उम्र में पहली बार पब्लिक परफॉर्मेंस दी।

यूएन में लहराया संगीत का परचम

इसके बाद सुब्बुलक्ष्मी ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने मद्रास म्यूजिक एकेडमी समेत कई इवेंट्स में शानदार परफॉर्मेंस के दम पर सबका ध्यान खींचा। उन्होंने नेशनल-इंटरनेशनल कॉलेज, कॉन्सर्ट्स और इवेंट्स में अपने संगीत का जादू बिखेरा। यहां तक कि वह यूएन जनरल एसेंबली में भी परफॉर्म कर चुकी थीं।

अलग-अलग नामों से बुलाया जाता था

संगीत बनाने के अलावा सुब्बुलक्ष्मी की आवाज भी बहुत मधुर थी। उन्हें भजन गाने के लिए जाना जाता है। सुब्बुलक्ष्मी के सबसे कल्ट गीतों में मीनाक्षी पंचरत्नम, भज गोविंदम, विष्णु सहस्रनाम, हरि तुम हरो और वेंकटेश्वर सुप्रभातम शामिल हैं। उनकी मधुर आवाज और खूबसूरत संगीत के चलते ही सिनेमा में उन्हें अलग-अलग नामों से बुलाया जाता था।



लता बुलाती थीं तपस्विनी

महात्मा गांधी और पंडित जवाहर लाल नेहरू उनके गीत और संगीत के फैन थे। जवाहर लाल नेहरू तो उन्हें 'संगीत की रानी' बुलाया था। यहां तक कि लता मंगेशकर (Lata Mangeshkar) भी उनके हुनर की कायल थीं। उन्होंने एक बार उन्हें 'तपस्विनी' बुलाया था। किशोरी अमोनकर ने उन्हें 'आठवां सुर' कहा था। गीतों और संगीत के अलावा वह अभिनय भी कर चुकी थीं।


सुब्बुलक्ष्मी को मिल चुके ये अवॉर्ड्स

पद्म भूषण, रमन मैग्सेसे अवॉर्ड, पद्म विभूषण, भारत रत्न। इसके अलावा वह संगीत नाटक अकेडमी अवॉर्ड, संगीत कलानिधि, और कालिदास सम्मान से भी नवाजी जा चुकी हैं। आपको बता दें कि पति कल्कि सदाशिवम के निधन के बाद 1997 में उन्होंने पूरी तरह संगीत जगत से दूरी बना ली थी। 7 दशक के लंबे करियर में उन्होंने अपने हर काम से जनता के दिलों पर राज किया है।

बिग बॉस में एंट्री को लेकर सालों बाद खोला राज

डांसिंग क्वीन और एक्ट्रेस नोरा फतेही को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। उन्होंने दिसंबर 2015 में रियलिटी शो 'बिग बॉस 9' में बतौर वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट एंट्री ली थी. लगभग एक महीने घर में रहने के बाद जनवरी 2016 में वह शो से बाहर हो गई थीं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अब नोरा ने खुलासा किया है कि उन्होंने सलमान खान के इस शो में जाने के लिए मेकर्स के सामने एक खास शर्त रखी थी। नोरा फतेही ने स्वीकार किया कि शुरुआत में वह रियलिटी शोज को काफी नीची नजर से देखती थीं और उन्हें लगता था कि ये शो उनके लिए नहीं हैं। हालांकि, बाद में उन्हें अहसास हुआ कि ये शोज उतने बुरे नहीं होते जितना वह सोचती थीं, जिसके बाद ही उन्होंने 'बिग बॉस के घर में जाने का फैसला किया। नोरा ने खुलासा किया, 'मैं वाइल्ड कार्ड एंट्री थी, इसलिए मुझे पता था कि मैं ज्यादा दिन वहां नहीं टिकूंगी. मैं वास्तव में 'झलक दिखला जा' करना चाहती थी। चूंकि दोनों शो एक ही चैनल के थे, तो मैंने मेकर्स के सामने शर्त रखी कि अगर वे मुझे 'झलक दिखला जा' देंगे, तभी मैं 'बिग बॉस' करूंगी। इस तरह डील करके मैंने 'झलक दिखला जा' में भी एंट्री मारी।' एक बातचीत के दौरान नोरा फतेही ने बताया कि जब उन्होंने इंडस्ट्री में काम करना शुरू किया था, तब उन्होंने कई गाने किए, लेकिन एजेंसी की तरफ से उन्हें उनके काम का पैसा नहीं मिल रहा था। उन्होंने बताया, 'मैं अपने ही पैसों के लिए लगातार लड़ रही थी और स्थिति बहुत खराब हो चुकी थी।



अब थिएटर्स में आएगी गोंधल हिंदी डबिंग का काम पूरा

नई दिल्ली। मराठी सिनेमा की क्लासिक मूवी गोंधल अब जल्द ही हिंदी ऑडियंस के लिए थिएटर्स में अवेलिबल होगी। फिल्म की डबिंग का काम पूरा हो चुका है। गोंधल इस साल भारत की तरफ से ऑस्कर में ऑफिशियल एंट्री रहने वाली है। ऑस्कर के लिए भारत की तरफ से बतौर ऑफिशियल एंट्री जा रही मराठी फिल्म 'गोंधल' अब जल्द ही बहुत बड़ी ऑडियंस के लिए उपलब्ध होगी। मेकर्स इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज करने जा रहे हैं। महाराष्ट्र से निकलकर अब देशभर की ऑडियंस तक पहुंचने को तैयार इस फिल्म की डबिंग का काम पूरा हो चुका है, बल्कि अब मेकर्स इस फिल्म की अलग-अलग भाषाओं में रिलीज का ऐलान करने की तैयारी कर रहे हैं। एक खास बातचीत में फिल्म के एडिटर आशीष म्हात्रे ने बताया कि डबिंग का काम खत्म हो चुका है और अब रिलीज डेट का अनाउंसमेंट करने की तैयारी चल रही है। आशीष म्हात्रे ने कहा, 'इस फिल्म का हिंदी, तमिल और तेलुगू वर्जन तैयार किया गया है। तो सभी पर काम किया जा रहा है। प्रक्रिया



पूरी हो चुकी है। कुछ ही दिन में इसके बारे में अनाउंसमेंट कर दिया जाएगा।" मेकर्स ने फिल्म की थिएट्रिकल रिलीज को अपनी रणनीति का सबसे अहम हिस्सा बनाया हुआ है। अभी मेकर्स इस फिल्म को ओटीटी पर लाने के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। म्हात्रे ने बताया, 'उन्होंने (मेकर्स ने) तय किया है कि वो अभी इसे ओटीटी पर रिलीज नहीं करेंगे। क्योंकि वो इसे थिएटर्स में दिखाना चाहते हैं।'



गोलमाल-5 की रिलीज डेट पर बिजनेस दिमाग...

मुंबई। रोहित शेट्टी ने अपनी फिल्म 'गोलमाल 5' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। 8 जनवरी 2027 को रिलीज हो रही फिल्म में अजय देवगन, अरशद वारसी। श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर। कुनाल खेमू और शरमन जोशी जैसे एक्टर्स नजर आने वाले हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं रोहित शेट्टी अपनी इस कल्ट क्लासिक गोलमाल सीरीज की 5वीं फिल्म 8 जनवरी, नॉन फेस्टिवल के मौके पर क्यों रिलीज कर रहे हैं? डायरेक्टर ने इस रिलीज डेट के पीछे तगड़ा दिमाग लगाया है। इसकी गुत्थी सुलझ गई है। आमतौर पर कोई भी फिल्ममेकर अपनी फिल्म को किसी फेस्टिवल या हॉलिडे से मौके पर रिलीज करना पसंद करता है। उसकी बड़ी वजह इन फेस्टिवल और हॉलिडे के सेलिब्रेशन से फिल्म को होने वाला आर्थिक फायदा है लेकिन, रोहित शेट्टी ने 8 जनवरी 2027 के दिन अपनी फिल्म रिलीज करने को तैयारी कर ली है। पहली वजह 24 दिसंबर को रिलीज हो रही शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' को दो हफ्ते का क समय देना है। दूसरी वजह गुजरात है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 8 जनवरी 2027 ऑडियंस शाहरुख खान की किंग और एवेंजर्स डूम्सडे से उभर चुकी होगी।

69 की उम्र में भी हर रोल के लिए तैयार...

नई दिल्ली। अभिनेत्री सोनी राजदान इन दिनों अपनी फिल्म 'ओम का हरि' को प्रमोट करते हुए नजर आ रही हैं। हरीश व्यास के निर्देशन में बनी यह फैमिली ड्रामा और कॉमेडी मूवी शुक्रवार को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई। ऐसे में अब आलिया भट्ट की मां ने एक इंटरव्यू में बात करते हुए कहा कि वह एक कलाकार के तौर पर खुद को किसी तय दायरे में नहीं बांधतीं। वह हर किरदार को उसी उत्साह के साथ निभाती हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, सोनी ने कहा कि उन्हें भरोसा है वह खुद को किसी बिल्कुल अलग माहौल के किरदार में भी ढाल सकती हैं। उन्होंने इसके लिए लोकप्रिय सीरीज 'पंचायत' का उदाहरण दिया। सोनी



ने कहा, 'एक एक्टर के तौर पर मैं हर किरदार को एक ही उत्साह के साथ देखती हूं। हर किरदार मुझसे या किसी भी एक्टर से अलग-अलग चीजों की मांग करता है। मैं उसी नजरिए से किरदार को देखती हूं। मेरे दिमाग में कोई फिल्टर या तय दायरे नहीं हैं।' दिग्गज अभिनेत्री ने इंटरव्यू में आगे कहा, 'अगर आप कल मुझे 'पंचायत' में कास्ट करेंगे, तो मैं उसमें फिट हो सकती हूं। आपको शायद यकीन न हो, लेकिन मैं आपको यकीन दिला दूंगी कि मैं यह कर सकती हूं। आपको बस मुझे वह किरदार देना होगा। मैं वो साड़ियां पहनूंगी और साबित करूंगी कि मैं यह कर सकती हूं।'




बिग बॉस 20 में मेहमान बनकर पहुंचे सिद्धार्थ और तमन्ना

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 20' खूब चर्चा में है। शो के दूसरे हफ्ते के वीकएंड के वार में काफी हंगामा रहा। मेकर्स ने शो के कुछ नए प्रोमो जारी किए हैं। प्रोमो में देखा जा सकता है कि शो में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया आए हैं। उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन किया है। वहीं, दूसरे प्रोमो में सलमान खान ने कुछ ऐसा किया, जिससे सभी प्रतिभागी घबरा गए हैं। नए प्रोमो में सलमान खान प्रतिभागियों से कहते हैं कि कोई खास आया है आपसे मिलने। इसके बाद सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया सलमान खान के साथ डांस करते नजर हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा कहते हैं 'मेरी नई फिल्म 'द वन' आ रही है। इस वन में रात को जाना वर्जित है क्योंकि वहां पर कुछ रहस्य हैं।' इसके बाद सलमान खान पूछते हैं 'रहस्य कब खोल रहे हैं?' इस पर तमन्ना भाटिया जवाब देती हैं '25 सितंबर को रहस्य बाहर आ जाएगा। क्या आपको पता है कि पूरे सोशल मीडिया पर बिग बॉस की बातें हो रही हैं।' इस बीच तमन्ना भाटिया, काजी तौकीर से कहती हैं कि मैं तुमसे वो हुक स्टेप सीखना चाहती हूं। फिर काजी अपना हुक स्टेप करके दिखाते हैं। एक दूसरे शो में सलमान खान यंग डीएसए को बुलाते हैं। इसके बाद ऐसा लगता है कि उनके सीने में जोर का दर्द होने लगा है। सलमान खान अपना सीना पकड़कर जमीन पर गिर जाते हैं। सभी प्रतिभागी उन्हें देखकर डर जाते हैं। जमीन पर लेटे-लेटे सलमान खान काजी तौकीर से कहते हैं 'तौकीर ये मैं जो कर रहा हूं, वो तुम करते हो। एंटरटेनमेंट के लिए।' इसके बाद सलमान खान हंसने लगते हैं।



गौरव ने सुनाया किस्सा, बिग बी लगे मुस्कुराने

नई दिल्ली। 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में हाल ही में कुछ ऐसा हुआ, जिसने अमिताभ बच्चन और शो में मौजूद सभी लोगों को हंसा दिया। दरअसल, शो में कॉमेडियन गौरव गुप्ता और गौरव कपूर के साथ गीतकार और लेखक वरुण ग्रोवर खास मेहमान बनकर पहुंचे थे। इस दौरान 'सूर्यवंशम' की मशहूर खीर का जिक्र हुआ और गौरव कपूर ने ऐसा मजेदार किस्सा सुनाया कि अमिताभ बच्चन भी मुस्कुराने लगे। हालांकि, इस एपिसोड में सिर्फ सूर्यवंशम की खीर का ही जिक्र नहीं हुआ। कॉमेडियन्स ने अमिताभ बच्चन की फिल्म 'शोले' से जुड़ी याद भी ताजा कर दी। तीनों ने अमिताभ बच्चन से उनका मशहूर डायलॉग, 'तुम्हारा नाम क्या है, बसंती?' बोलने को भी कहा। एपिसोड में गौरव गुप्ता, गौरव कपूर और वरुण ग्रोवर खास मेहमान के तौर पर नजर आए। तीनों ने अमिताभ बच्चन के साथ विवज खेला और इस दौरान खूब मस्ती भी की।



हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

बारिश के दिनों में बढ़ जाती है समस्या, नदी के दूसरी ओर बसी है धौरपुर बस्ती

गोद में नौ माह का बच्चा, इरिया और मोरन नदी के संगम को पार कर स्कूल जाती हैं शिक्षिकाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अलग खबर

बलरामपुर जिले वाड्रफनगर क्षेत्र से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जहां शिक्षक अपनी जान खतरे में डालकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। यहां दो शिक्षिकाएं हर दिन दो नदियों के संगम को पार करने के बाद 20 घरों वाले बस्ती में बच्चों को पढ़ाने के लिए जाती हैं। खतरे के बीच नदी को पार कर स्कूल जाने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

यह पूरा मामला बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम धौरपुर का है। धौरपुर स्थित प्राथमिक शाला में शिक्षिका कर्मिला टोप्पो और संध्या हलदार की पदस्थापना की गई है। शिक्षिकाएं वर्ष 2014 से स्कूल में पदस्थ है और नियमित रूप से स्कूल जाती है। धौरपुर गांव इरिया और मोरन नदी के संगम के दूसरी ओर बसा हुआ है। पहले से ही इस मार्ग पर आवागमन की समस्या वर्षभर बनी रहती है



लेकिन बारिश के समय यह नदी अपने उफान पर होती है। दो नदियों का संगम होने के कारण पानी का बहाव भी काफी तेज होता है इसके बाद भी दोनों महिलाएं प्रतिदिन उफनती नदी को पार कर दूसरी ओर जाती है। महिला शिक्षकों को प्रतिदिन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, ऐसा इसलिए क्यों कि पहले तो उन्हें लगभग तीन किमी तक पैदल पथरीले रास्ते से चलना पड़ता है और उसके बाद सामने बड़ी नदी पड़ती है जिसे पार करना उनकी मजबूरी है।

कलेक्टर ने की सराहना

महिलाओं के जज्बे का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि इनमें से एक शिक्षिका कर्मिला टोप्पो अपने साथ 9 महीने के मासूम बच्चे को लेकर ड्यूटी करने आती है। महिला शिक्षक अपने बच्ची को गोद में लेकर नदी पार करती है। ऐसे में इन महिलाओं के जज्बे की गांव में जमकर सराहना की जा रही है। कठिनाइयों के बीच अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण की जिले में जमकर सराहना की जा रही है। इसके साथ ही जिले की कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी को इन शिक्षिकाओं के समर्पण की जानकारी मिली, तो उन्होंने दोनों की जमकर सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि अपने काम के प्रति ऐसी निष्ठा और ईमानदारी पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।

गांवों से दूर सुविधाएं

बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर ब्लॉक के ग्राम मढ़ना का आश्रित ग्राम है धौरपुर। इस गांव की बसाहट लगभग 15 से 20 घरों की है। इसके साथ ही गांव में स्थित प्राथमिक शाला में बच्चों की दर्ज संख्या कुल 9 है। महिलाएं कठिनाइयों को पार कर स्कूल पहुंच रही है तो वहीं दूसरी और क्षेत्र के ग्रामीणों को भी इसी तरह अपनी जरूरतों के लिए खतरे से जूझना पड़ता है।

खबर संक्षेप

केंद्रीय विश्वविद्यालय का छात्र चार दिन से लापता

बिलासपुर। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय जीजीयू का 22 वर्षीय छात्र चार दिन से लापता है। उसके परिवार ने कोनी पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। छात्र की पहचान समीट कुमार के रूप में हुई है। वह विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग में अध्ययनरत है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक उसके ठिकाने के बारे में कोई सुराग नहीं मिला है।

धमाके के साथ फटा फ्रिज घर में फैली आग, दहशत

धमतरी। लालबगीचा वार्ड निवासी में बबीता साहू के घर में फ्रिज में जोरदार धमाका हुआ। पूरे घर में आग लग गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना शनिवार शाम की है। लालबगीचा वार्ड में गौरा चौरा के पास एक मकान में फ्रिज जोरदार धमाके के साथ फट गया। इस घटना के बाद पूरे घर में आग फैल गई।

सरकारी स्कूलों में आज से तिमाही परीक्षा, फंड का अभाव बना दिक्कत

ना छपे पर्चे, ना मिलेंगी कॉपियां बोर्ड पर सवाल लिखेंगे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खास खबर

अंचल सहित प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में 21 सितंबर से पहली बार एक साथ तिमाही परीक्षा आयोजित होने जा रही है, लेकिन इस बार की व्यवस्था ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक तरफ जहां सरकार शिक्षा व्यवस्था को हाईटेक बनाने और गुणवत्ता सुधारने के बड़े-बड़े दावे कर रही है। वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत यह है कि विद्यार्थियों के मूल्यांकन के लिए प्रश्नपत्र तक नहीं छपवाए गए हैं। इस बार छात्रों के हाथों में छपे हुए प्रश्नपत्र नहीं होंगे, बल्कि संबंधित स्कूलों के शिक्षक कक्षा के ब्लैक बोर्ड पर प्रश्न लिखेंगे।

सवाल उतारने में बीतेगा वक्त

एकल शिक्षकीय या कम शिक्षकों वाले प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में एक ही शिक्षक के कंधों पर कई कक्षाओं की जिम्मेदारी है। ऐसे में संबंधित शिक्षक को एक कक्षा से दूसरी कक्षा में दौड़-दौड़कर ब्लैक बोर्ड पर अलग-अलग विषयों के सवाल लिखने पड़ेंगे, जब तक शिक्षक दूसरी या तीसरी कक्षा में जाकर प्रश्न लिखेगा, तब तक पहली कक्षा के बच्चे खाली बैठकर समय गंवाते रहेंगे। इस अफरा-तफरी के बीच शिक्षक न तो ठीक से प्रश्न पत्र लिखवा पाएंगे और न ही कक्षाओं में अनुशासन व नकल रोकने के लिए सही तरीके से निगरानी रख पाएंगे।



इतना ही नहीं विद्यार्थियों को उत्तर लिखने के लिए भी अपनी पुरानी या चालू कॉपियों के पन्ने फाड़कर उत्तर पुस्तिका खुद तैयार करनी होगी। परीक्षा के नाम पर सामने आई इस लचर व्यवस्था से न केवल शिक्षक असमंजस में हैं, बल्कि अभिभावकों और जानकारों के बीच भी भारी नाराजगी देखी जा रही है। प्रश्न पत्र छपवाने के बजाय ब्लैक बोर्ड पर सवाल लिखवाने का सीधा असर विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर पड़ेगा। तीन घंटे की निर्धारित परीक्षा में बच्चों का आधा समय केवल बोर्ड से देखकर प्रश्नों को अपनी उत्तर पुस्तिका में उतारने और समझने में ही बर्बाद हो जाएगा। लंबे और जटिल प्रश्नों को ब्लैक बोर्ड पर लिखने से छात्रों की लिखने की गति धीमी होगी और वे तय समय-सीमा में अपने उत्तर पूरे नहीं कर पाएंगे। शासन स्तर पर शिक्षा का बजट बढ़ाने और सरकारी स्कूलों को निजी संस्थानों के समकक्ष खड़ा करने के दावे लगातार किए जाते हैं। इसके बावजूद एक सामान्य तिमाही परीक्षा के लिए बुनियादी सामग्री, जैसे मुद्रित प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं, मुहैया न करा पाना प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है।

तैयारी की पोल खुली

शिक्षा विभाग की इस व्यवस्था से समूचे शिक्षा जगत में भारी असंतोष पनप रहा है। शिक्षक संघों और जानकारों का मानना है कि परीक्षा केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाएगी। जिससे वास्तविक मूल्यांकन संभव नहीं होगा। बच्चों के भविष्य के साथ किए जा रहे इस तरह के प्रयोगों से सरकारी स्कूलों में घटती छात्र संख्या और गिरते स्तर की समस्याओं को और बढ़ावा मिलेगा। अब देखना यह होगा कि उठते सवालों के बीच विभाग अपनी इस व्यवस्था पर पुनर्विचार करता है या फिर इसी अव्यवस्था के बीच प्रदेश के लाखों नौनिहाल अपनी तिमाही परीक्षा देने को मजबूर होंगे।

9वीं से 12वीं तक छपेंगे पेपर

मिली जानकारी अनुसार शिक्षा विभाग 9वीं से 12वीं तक की तिमाही परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र छपवा कर भेजे जाएंगे। वहीं पहली से आठवीं की परीक्षा ब्लैकबोर्ड में प्रश्न उतार कर कराई जाएगी। बताया गया कि 9वीं से 12वीं तक के बच्चों से परीक्षा शुल्क लिया जाता है यहीं कारण है कि उन्हें परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

राष्ट्रीय गांड़ा महासमाज की पहली नियुक्ति, अमित दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष



रायपुर। देशभर में एकजुट कर सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से गठित राष्ट्रीय गांड़ा महासमाज ने अपनी पहली संगठनात्मक नियुक्ति करते हुए दिल्ली के रियल एस्टेट कारोबारी एवं समाजसेवी अमित तांडी को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रीय गांड़ा महासमाज की स्थापना के बाद पहली बार संगठन के संस्थापक अधिवक्ता भगवानू नायक, राष्ट्रीय प्रभारी बनमाली छुरा एवं राष्ट्रीय युवा प्रभारी आशीष तांडी दिल्ली पहुंचे। दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर समाज के लोगों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इसके पश्चात दिल्ली स्थित एक निजी होटल में नुआखाई मिलन समारोह एवं सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रतिनिधियों ने नुआखाई की परंपरा के अनुरूप एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।राष्ट्रीय गांड़ा महासमाज के संस्थापक अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, "दिल्ली केवल देश की राजधानी नहीं, बल्कि पूरे भारत की आवाज का प्रमुख केंद्र है। दिल्ली से उठने वाली आवाज देश के कोने-कोने तक पहुंचती है। इसलिए राष्ट्रीय गांड़ा महासमाज ने संगठन विस्तार की शुरुआत दिल्ली से करने का निर्णय लिया है।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि

Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

नर्सिंग स्टाफ/ऑपरेटर

आवश्यकता है- बीएससी नर्सिंग स्टॉफ / नर्सिंग हेल्पर स्टॉफ मेल/ फिमेल -6 फ्रेशर या अनुभवी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर-1 (हॉस्पिटल के कार्य हेतु) रहने की सुविधा संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009. (आरे-583)

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676. (आरे-309)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समैन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, पता:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड, रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577 , 9425522576.(आरे-209)

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन संपर्क:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोलबाजार, 9329103178.(आरे-OM)

हरिभूमि क्लासीफाईड

मैकेनिक/सुपरवाइजर

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम के लिए इलेक्टिक स्कूटी मैकेनिक, सुपरवाइजर, सेल्स के लिए लड़कों की आवश्यकता हैं, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क चावला इलेक्ट्रिक, मेन रोड, तेलीबांधा, रायपुर मोबाइल 9907960900. (आरे-292)

एच आर मैनेजर

Wanted- Required an HR manager for a textile manufacturing plant at Raipur (C.G.)- capable of handling 200-250workers as well as implementing HR policy. Email resume at: vacancy.spintex@gmail.com(आरे-ghos)

सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- एक सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है वेतन 10000 से स्टार्ट ओम ज्वैलर्स शॉप नंबर 64 बी प्रिया सिंगार सदन के सामने इंदिरा मार्केट दुर्ग (आरे न.-4173)

ड्रायवर

आवश्यकता है- स्कूल बस चलाने हेतु रायपुरा चौक, कुशालपुर, पचपेड़ी नाका, भनपुरी से ड्राइवरों की आवश्यकता हैं वेतन योग्यतानुसार लायसेंस हवी बैच अनुभवी को प्राथमिकता जय महामाया ट्रेवल्स ऊपरवारा नया रायपुर मो.9993944771, 9977909698.(आरे-211)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

दुकान कार्य

आवश्यकता है- जनरल दुकान में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता हैं। वेतन 11,000 रूपये प्रतिमाह, अपने परिचय पत्र के साथ मिले- श्री कृष्णा मार्केटिंग, पेटी लाईन, गोल बाजार,रायपुर, फोनः 7224926767. (आरे-006)

केयर टेकर

आवश्यकता है- जानवरों की सेवा करें और बढ़िया वेतन कमाए। कुत्ते के आश्रम में जिम्मेदार स्टाफ चाहिए। कुत्तों को खाना देना, देख-भाल, मल मूत्र सफाई का कार्य रू. 10,000 मासिक वेतन, रहना व खाना उपलब्ध। चंदखुरी रायपुर, छत्तीसगढ़ 7225888800. (आरे-007)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु (10वी -12वीं)पास लड़कों हेतु जो कानपुर में रहकर काम कर सके वेतन 12000 + कमीशन +बोनस +प्रमोशन + किराया, ट्रेनिंग के बाद कमाए 15000- 20000/- महीना- 8770508791, 7580821223. (आरे-140)

नर्सिंग स्टाफ/मार्केटिंग

आवश्यकता है- रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर (R.M.) 01 पद, अनुभवी नर्सिंग स्टॉफ (महिला /पुरुष) 05 पद, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (P.R.O) 01 पद, ड्राईवर (रात्रिकालीन) 01 पद पता- मातृ स्मृति हॉस्पिटल, एकता नगर, गुढ़ियारी, रायपुर संपर्क:- 8839474743, 8269340044. (आरे-078)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

कुक/घरेलु स्टाफ

आवश्यकता है- वीआईपी चौक, तेलीबांधा में शुद्ध शाकाहारी भोजन बनाने व घर की साफ़-सफाई हेतु अनुभवी कुक/घरेलू स्टाफ (पुरुष) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। संपर्क: 9300593000. (आरे-112)

पंप कर्मी

आवश्यकता है- लड़कियों एवं लड़कों की आवश्यकता है पेट्रोल पंप में कार्य करने के लिये इच्छुक उम्मीद्वार अपने बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें:- डागा पेट्रोल पंप फाफाडीह चौक रायपुर मो 8109135400, 9179380728.(आरे-666)

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप पर काम करने के लिए महिला एंव पुरूष कर्मचारियों की आवश्यकता है। संपर्क करें जय जवान पेट्रोल पंप मरीन ड्राइव के पास तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.) मो . - 9827141707.(आरे-4181)

सेल्स/ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- 1. Male staff for furniture fitting. 2. Male staff for sales. 3. Female staff for office handling and tele calling. Address - Durian Furniture ,Radhika Nagar, besides Central Bank of India. Near supela police station, Bhilai Contact no. 9301419553, 7805961516.(आरे-212)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

कुक

आवश्यकता है- शंकर नगर, न्यू दिल्ली स्वीट्स के पीछे खाना बनाने हेतु महिला की आवश्यकता है। संपर्क 7400700030. (आरे-0148)

Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ - फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे:-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515. (आरे-4171)

Property प्रापर्टी

मकान / प्लाट

मकान बेचना है- ग्राम अमलेश्वर के महादेव वाटिका में स्थित रहवासी कॉलोनी में भूखंड- 12, 1300 स्क्वायर फीट जमीन पर निर्माण कार्य किया गया मकान बेचना है। नोटः- केवल वास्तविक खरीददार ही संपर्क करें। संपर्क- 9873043842. (आरे-208)

प्लॉट बेचना है - सकरी हाईवे रोड से 50मी. गायत्री मन्दिर के सामने सर्वसुविधायुक्त पूर्ण विकसित कॉलोनी प्लॉट साईज 252×53= 13356 वर्गफुट डायवर्टेड आवासीय नार्थ फेस 2/3 टुकड़ों में बेचना है सम्पर्क करें- 7898855268. (RO-41750)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध। बिजनेस, कृषि, होम एवं प्रॉपर्टी लोन। 1% वार्षिक ब्याज एवं 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें। डाउन सिविल स्कोर वालों के लिए भी सुविधा। संपर्क:- 9350674841, 9350674841. (आरे-072)





आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

3.65 लाख रुपए का मशरूका जब्त

कुरूद में 21.51 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़े गए तीन आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



पुलिस ने हेरोइन (चिट्टा) के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 21.51 ग्राम हेरोइन, नकदी, दो मोटरसाइकिल और चार मोबाइल फोन समेत कुल 3 लाख 65 हजार रुपए का मशरूका जब्त किया है।

19 सितंबर की शाम करीब 6.20 बजे सूचना मिली कि इन्वेन्चर स्कूल तिराहा मेघा रोड के पास कुछ युवक हेरोइन लेकर ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देने के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। तलाशी में आरोपियों के पास से 21.51 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया।

धमतरी के दो युवक भी गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में घनश्याम सिन्हा उर्फ घंसू सिन्हा (24) निवासी कलारपारा कुरूद, ढालेन्द्र रजक उर्फ बाउ (24) और सूरज रजक (29) दोनों निवासी नयापारा धमतरी शामिल हैं। पुलिस ने हेरोइन की अनुमानित कीमत 1 लाख 2 हजार रुपए, नकद 8 हजार रुपए, दो मोटरसाइकिल 1.60 लाख रुपए और चार मोबाइल 95 हजार रुपए बताए हैं।

पुलिस को सामने देख भागने लगे तस्कर पकड़े जाने के डर से गांजा में लगा दी आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांजा तस्करी कर रहे लोगों ने वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस द्वारा वाहन रुकवाने पर पहले तो तस्करों ने भागने का प्रयास किया लेकिन, सफल नही होने पर गांजा में आग लगाकर वाहन को लॉक करके भागने लगे। लेकिन, पुलिस और एएनटीएफ की टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। ओडिशा की ओर से एक संदिग्ध काले रंग की वेगनआर कार क्रमांक एमपी 18 जेडएच 8555 बसना की ओर आ रही है। सूचना पर थाना बसना और एएनटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा थाना बसना के सामने रोड पर नाकाबंदी कर निगरानी की जा रही थी, तभी सामने से आती दिखी एक कार जो एकाएक पुलिस नाकाबंदी को देखकर कार का चालक वाहन को जल्दबाजी में वापस मोड़ कर तीव्र गति से भगाने लगा, जिस पर तैनात पुलिस व एएनटीएफ की टीम ने उक्त संदिग्ध कार का पीछा किया। तेजी से भागते हुए संदिग्ध कार के चालक ने कार को ग्राम चोरभट्ठी से मेदनीपुर जाने वाले मार्ग पर रोक दी और पुलिस से बचने और साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से आरोपियों ने कार के अंदर गांजे से भरी बोरियों में आग लगा दी।

बलांगीर से गांजा लेकर जा रहे थे शहडोल

पूछताछ में खुलासा हुआ कि तस्कर ओडिशा के बलांगीर निवासी विनोद राणा से यह गांजा खरीदकर अपने साथी शिवा सिंह के साथ शहडोल (मप्र) ले जा रहे थे। पुलिस ने मामले में पकड़े गए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट और बीएनएस की धाराओं के तहत कार्यवाही की गई।

दो आरोपी गिरफ्तार

सुलभ सिंह परिहार पिता भारत सिंह परिहार (29) निवासी छोटी घोरहटी, थाना नागौद, जिला सतना(म.प्र.) एवं सागर कुशवाहा पिता मोतीलाल कुशवाहा (25) निवासी कोनी टोला थाना नागौद, जिला सतना (मप्र) शामिल है। शिवा सिंह, निवासी शहडोल (मप्र) फरार हो गया।

जैकेट के शेष

छत्तीसगढ़ में महिला ....

प्रतिशत दर्ज किया गया है। इसी प्रकार देश की राजधानियों का सर्वे भी किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर भी देश की राजधानियों की तुलना में ऊपर दिखाई देता है। रायपुर में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की पूरी आबादी का एलएफपीआर 61.5 तथा डब्लूपीआर 59.4 फीसदी है। रिपोर्ट में राज्य की राजधानियों के बीच एलएफपीआर और डब्लुपीआर दोनों के लिहाज से रायपुर तीसरे स्थान पर है।

एलएफपीआर और डब्लूपीआर क्या है : एलएफपीआर यानि लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट आबादी में उन लोगों का प्रतिशत है जो या तो काम कर रहे हैं, या काम तलाश रहे हैं अथवा काम करने के लिए उपलब्ध हैं। डब्लुपीआर यानी वर्कर पापुलेशन रेशियो आबादी में उन लोगों का प्रतिशत है जो वास्तव में किसी आर्थिक गतिविधि में लगे हुए हैं। सरल भाषा में कहें तो एलएफपीआर बताता है कि कितने लोग श्रम बाजार में हैं, जबकि डब्लुपीआर बताता है कि वास्तव में कितने लोग काम कर रहे हैं। दोनों के बीच का अंतर बेरोजगारी या काम की तलाश या उपलब्धता की स्थिति को समझने में मदद करता है।

रायपुर भी देश ....

इब्लूपीआर 63.2 फीसदी है। इस तरह रायपुर इस तुलना में तीसरे स्थान पर आता है। यह आंकड़ा खास इसलिए है क्योंकि पहली बार जिला स्तर पर उपलब्ध कराए गए श्रम बाजार के आंकड़ों में राजधानी रायपुर की स्थिति को दूसरे राज्यों की राजधानियों के साथ सीधे देखा जा सकता है।

देश के दूसरे ...

दर वाले जिले को दिखाया गया है। इस तुलना में हिमाचल प्रदेश का हमीरपुर 80.9 फीसदी महिला एलएफपीआर के साथ ऊपर है। ओडिशा का मयूरभंज 71.8 फीसदी और जम्मू-कश्मीर का बडगाम 71.4 फीसदी है। इसके बाद छत्तीसगढ़ का सरगुजा 69 फीसदी पर है।

सरगुजा में 10 ....

रही हैं अथवा काम के लिए उपलब्ध हैं। वास्तविक रूप से आर्थिक गतिविधि में लगी महिलाओं का अनुपात डब्लूपीआर से पता चलता है, जो सरगुजा में 68 फीसदी है। यानी रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि सरगुजा में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र की 100 महिलाओं में करीब 69 महिलाएं श्रम बाजार से जुड़ी हुई थीं और करीब 68 महिलाएं किसी आर्थिक गतिविधि में लगी थीं।

जीएसटी में ऐसे ....

किया तो पता चला कि जीएसटी का नोटिस मिलने के बाद उन्हें अपने नाम से कंपनी संचालित होने की जानकारी मिली।

जीएसटी की जांच में सामने आया था कि लोहा कारोबारी अमन अग्रवाल ने वर्ष 2023 से 2025 के बीच प्रदेश के अलग-अलग जिलों में स्थित बोगस फर्मों के माध्यम से करीब 144 करोड़ रुपए की फर्जी खरीदी की थी। इसके आधार पर उसने इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लिया और उसे अन्य जिलों के व्यापारियों को पास ऑन कर करीब 26 करोड़ का अवैध फायदा उठाया। फर्म खोलने उसने कम आय वर्ग के लोगों के पहचान पत्र का इस्तेमाल कर उन लोगों के नाम से कंपनियां बनाईं। **ऐसे हासिल किए दस्तावेज** : जिन लोगों के नाम पर फर्म खोले गए , संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि उन लोगों ने लोन लेने अलग-अलग लोगों के माध्यम से अपने आधार कार्ड तथा पेन कार्ड दिए थे। कारोबारी ने उन्हीं दस्तावेजों की कॉपी हासिल कर फर्जी हस्ताक्षर कर उनके नाम से बैंक में अकाउंट खुलवाकर फर्म बनाकर फर्जी जीएसटी नंबर हासिल किए थे। **इनके नाम से भी इतने करोड़ का कारोबार** : महेश फकीरा सोनी, बिलासपुर, कोनी - पेशा सफाई कर्मी, उनके नाम पर हरीपुर में मेसर्स महावीर इंटरप्राईजेस के नाम पर फर्म। उनके द्वारा मेसर्स अगस्त्य इंटरप्राइजेस को 12.67 करोड़ का माल विक्रय कर 2.27 करोड़ का आईटीसी हस्तांतरण विकास यद्दु, महादेव घाट रोड रायपुरा - पेशे से चाय ठेला उनके नाम पर दुर्ग, पाटन में अगस्त्य इंटरप्राइजेस के नाम पर फर्म। कारोबारी को 22.47 करोड़ **का माल बिक्री कर 4.04 करोड़ का आईटीसी लाभ** : प्रताप सिंह वर्मा, धमतरी - पेशा मजदूरी। उनके नाम पर दुर्ग पाटन में मेसर्स विनायक वेंचर्स के नाम पर फर्म अगस्त्य इंटरप्राइजेस को 17.95 करोड़ का विक्रय करते हुए 1.36 करोड़ का आईटीसी का हस्तांतरण

ऐसे लगाया ...

एंटरप्राइजेस के नाम से कागजों में माल की खरीदी की। इसके बाद कारोबारी ने कागजों में खरीदी माल को तीसरी पार्टी को कागजों में बेच दिया। उन कंपनियों के नाम पर आईटीसी लाभ लेकर शासन के खजाने को 26 करोड़ रुपए का चूना लगाया।

अफजल अंसारी ....

रहा था। अंसारी ट्रेडर्स से कारोबारी ने 30.71 करोड़ रुपए का माल खरीदी करना बताया था। बेचे गए माल के एवज में अंसारी ट्रेडर्स का 5.52 करोड़ रुपए का आईटीसी हस्तांतरण किया गया था। अफजल अंसारी शास्त्री मार्केट के समाने सुन्नी हन्फी ट्रस्ट के पार्किंग में 12 हजार रुपए मासिक वेतन पर काम करता है।

हाफिज इसराइल ....

है। वे घर-घर जाकर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने का काम करते हैं। ट्यूशन पढ़ाकर उन्हें हर माह 12 से 15 हजार रुपए की आमदनी होती है। हाफिज इसराइल ने बताया कि वे कभी अमन अग्रवाल से मिले नहीं है और न ही उसे वे जानते हैं।

गुटखा फैक्ट्री पर ....

के आधार पर रविवार को करीब 10 से 12 अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम तीन वाहनों में मौके पर पहुंची और फैक्ट्री तथा गोदाम में जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने गोदाम के भीतर रखे सामान की बारीकी से जांच की। टीम को गुटखा निर्माण से संबंधित मशीनें और बड़ी मात्रा में तैयार माल मिला। जांच के बाद गुटखा बनाने वाली दो मशीनों को जब्त किया गया। इसके साथ ही करीब 30 बोरा तैयार गुटखा बरामद किए जाने की जानकारी है। प्रारंभिक तौर पर जब्त सामान की कीमत लाखों रुपये में बताई जा रही है। हालांकि बरामद गुटखा, मशीनों और अन्य सामग्री की वास्तविक कीमत तथा संभावित टैक्स देनदारी के संबंध में अधिकारियों की ओर से अभी आधिकारिक आंकड़ा सामने नहीं आया है।

सुरेश गुप्ता के ....

रहा है कि गुटखा निर्माण और उसकी बिक्री से जुड़े कारोबार में जीएसटी सहित अन्य कर संबंधी नियमों का पालन किया जा रहा था या नहीं। टीम द्वारा कारोबार से जुड़े खरीद-बिक्री के दस्तावेज, टैक्स रिकॉर्ड, स्टॉक और अन्य कागजात की जांच की गई। अधिकारियों द्वारा बरामद स्टॉक और दस्तावेजों का मिलान किया गया। जांच में यदि स्टॉक और दस्तावेजों के बीच किसी तरह की अनियमितता सामने आती है तो उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

सीएम साय ने ....

पर अपना निर्णय नहीं करता, बल्कि यह देखता है कि देश को आगे कौन ले जा रहा है, उसके भविष्य और अवसरों के लिए कौन काम कर रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय के चुनाव परिणामों को भी इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। आज का युवा विकास, राष्ट्रहित और अपने बेहतर भविष्य को लेकर सजग है। लोकतंत्र में जनता और विशेषकर युवाओं का मत ही सबसे महत्वपूर्ण होता है और उनके निर्णय का सभी को सम्मान करना चाहिए।

बिश्नोई-अमन साव ....

अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, पूर्व महापौर के पास पिछले तीन से चार दिनों के बीच फिरौती के लिए तीन कॉल आए। कॉल विदेशी नंबर से किए गए थे। कॉल करने वाले ने पहले दिन एजाज ढेबर को 50 करोड़ रुपए फिरौती देने कहा, हल्के में लेने पर दूसरे दिन किसी अन्य अज्ञात नंबर से पूर्व महापौर को कॉल किया गया। दूसरे दिन किए गए कॉल में अज्ञात ने अपने आपको अमन साव तथा विश्नोई गैंग से जुड़ा होना बताया।

फिरौती के लिए ....

में अन्य कैदियों के साथ जान-पहचान हुई थी। आशंका जताई जा रही है, स्थानीय बदमाशों से मिले इनपुट के आधार पर अज्ञात बदमाशों ने पूर्व महापौर को फिरौती के लिए कॉल किया होगा।

चंद्रशेखरन के नए ....

चंद्रशेखरन के नए कार्यकाल को मंजूरी दे दी। इस मतदान को समूह के सबसे बड़े शेयरधारक ने अवैध करार दिया है। टाटा संस में लगभग दो-तिहाई हिस्सेदारी रखने वाले परोपकारी ट्रस्टों के समूह के प्रमुख नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन के कार्यकाल को पांच साल बढ़ाने के खिलाफ अकेला वोट दिया था। जबकि निदेशक मंडल में टाटा ट्रस्ट्स के दूसरे नामित निदेशक वेणु श्रीनिवासन ने इस विस्तार का समर्थन किया था।

विदेश मंत्री जयशंकर और चुनाव आयुक्त संधु को भी एसआईआर के नोटिस, आडवाणी, सिब्बल का भी नाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में एसआईआर के दौरान मचे घमासान के बीच खबर है कि चुनाव आयुक्त एसएस संधू, विदेश मंत्री एस जयशंकर और भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को नोटिस भेजा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इनके अलावा कांग्रेस नेता और वरिष्ठ सांसद कपिल सिबल, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी और विदेश सचिव विक्रम मिसरी को भी नोटिस भेजे गए हैं।



सिब्बल और मिसरी को क्यों जारी किए गए नोटिस?

रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव आयुक्त एसएस संधू को नाम की वर्तनी में अंतर के कारण नोटिस जारी किया गया है। यानी मतदाता सूची में दर्ज नाम और दूसरे उपलब्ध रिकॉर्ड में नाम के बीच वर्तनी का अंतर सामने आया है। वहीं, कपिल सिब्बल और विदेश सचिव विक्रम मिसरी को इसलिए नोटिस जारी किए गए हैं, क्योंकि उनके नाम एसआईआर के पिछले रिकॉर्ड से मेल नहीं खा रहे हैं। सूची में आडवाणी की बेटी प्रतिभा आडवाणी का भी नाम है।

विदेश मंत्री को क्यों भेजा गया नोटिस?

रिपोर्ट में कहा गया है कि विदेश मंत्री जयशंकर और उनकी पत्नी केएस जयशंकर को भी नोटिस भेजे गए हैं। जानकारी के मुताबिक, इनके नाम चुनावी रिकॉर्ड के सत्यापन के दौरान सामने आए हैं। यहां समझना जरूरी है कि नोटिस जारी होने का मतलब मतदाता सूची से नाम कटना नहीं है। दरअस, एसआईआर के दौरान रिकॉर्ड का मिलान किया जाता है। ऐसे में पुराने रिकॉर्ड और मौजूदा जानकारी के बीच अंतर आने पर नोटिस जारी किया जाता है।

सीएम रेखा गुप्ता के माता पिता की उम्र में अंतर

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को भी नोटिस भेजे गए हैं। पुरानी मतदाता सूची के हिसाब से मुख्यमंत्री गुप्ता और उनके माता-पिता की उम्र के बीच अंतर 15 साल से कम था। उन्होंने सही दस्तावेज जमा कर दिए हैं। वहीं, केजरीवाल को नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के वोटर रिकॉर्ड को पिछली एसआईआर से जुड़ा नहीं होने पर नोटिस मिला है। उनकी पत्नी सुनीता, माता-पिता और बेटे को भी नोटिस भेजा गया है।

क्या है नोटिस जारी किए जाने का मतलब?

एसआईआर के दौरान मतदाता के रिकॉर्ड का विस्तृत सत्यापन किया जाता है। इस दौरान पुराने रिकॉर्ड से नाम का मिलान नहीं होना या नाम की वर्तनी में अंतर सामने आने पर नोटिस जारी किया जाता है। यानी केवल नोटिस जारी होना वोटर पात्रता पर अंतिम फैसला नहीं है। नोटिस मिलने पर आप दस्तावेजों के जरिए गड़बड़ी को सही करा सकते हैं। आपको आपत्ति दर्ज कराने के लिए भी समय दिया जाता है।

पेज एक के शेष

एशियन गेम्स के पहले...

राइफल इंडिविजुअल्स इवेंट में 252.4 अंक के साथ सिल्वर जीता। वे 0.6 अंक से गोल्ड मेडल चूक गईं। जापान की हिनाता ताइची ने 253.0 पॉइंट्स लेकर गोल्ड जीता। सोनम मस्कर, एलावेनिल वलारिवन और विदर्सा कोचलुमकल की तिकड़ी ने महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में 1897 अंक हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। इस बीच, सुचिका तरियाल ने मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स की ट्रेडिशनल कैटेगरी (-60 **kg**) के सेमीफाइनल में पहुंचकर मेडल पक्का किया।

शूटिंग क्वीन एलावेनिल...

एलावेनिल वलारिवन का जन्म 2 अगस्त 1999 को तमिलनाडु के कुड्डालोर में हुआ था, वलारिवन ने जूनियर और सीनियर इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करके भारतीय शूटिंग में अपनी पहचान बनाई।

सोनम बोलीं- यह पदक मां-पापा...

मुकाम तक नहीं पहुंच पातीं। सोनम ने कहा कि भारत का इस स्तर पर प्रतिनिधित्व करना शानदार अनुभव है। मुझे रजत पदक जीतने पर गर्व है।

नक्सलियों को पता था आएंगे कर्मा...

नक्सली तीन दिन तक कांदानार के जंगलों में ठहरे। वहां हमले में लूटे गए हथियारों का प्रदर्शन किया गया और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं महेंद्र कर्मा तथा नंद कुमार पटेल को मारने में सफलता मिलने का दावा किया गया। अदालत के आदेश में दर्ज इन गवाहियों को क्रमवार देखें तो हमले से पहले की तैयारी में रेकी, रिहर्सल, टीमों का गठन और एम्बुश की रणनीति का उल्लेख मिलता है।

बिंदु क्रमांक 185, सन्नु पोटाम ने...

सुरेन्दर और जयलाल के शामिल होने का उल्लेख है। इसके बाद देवा ने सभी को अलग-अलग टीमों में बांटकर आईडी लगाने और मोर्चा संभालने की जिम्मेदारी सौंपी थी। क्रमांक 186 में इसी गवाही की अगली कड़ी दर्ज है। इसके मुताबिक एम्बुश पॉइंट पर नेताओं का काफिला पहुंचने के बाद देवा ने निर्देश दिया था कि बाहर से किसी भी आम नागरिक की गाड़ी को हमले वाले क्षेत्र के अंदर नहीं आने दिया जाए।

बिंदु क्रमांक 189-190, हिड़मा ने बताया-हमले...

जनमिलिशिया के सदस्य शामिल थे। नक्सलियों का प्लान नौ दिनों तक एम्बुश लगाने का था, लेकिन तीन दिन के भीतर ही वे सफल हो गए। 25 मई को जैसे ही महेंद्र कर्मा के सुकमा से जगदलपुर की ओर आने की खबर मिली, सुरक्षा बलों और नेताओं के काफिले को निशाना बनाकर ब्लास्ट और फायरिंग की गई। हमले की रणनीति में रास्ता रोकने की बात भी गवाही में सामने आती है।

बिंदु क्रमांक 191, देउनाग ने कहा-रास्ता...

बंद कर दिया गया और इसके तुरंत बाद आईईडी ब्लास्ट किया गया। गवाही में यह भी कहा गया है कि अगली सुबह नक्सली सोनाधर ने मोबाइल दिखाकर स्वीकार किया था कि ये हथियार फायरिंग और लूट के दौरान लाए गए थे।

कांग्रेस अनुशासन समिति ने 20 नेताओं का...

मुंगेली जिले से विनय चोपड़ा पार्षद, गरियाबंद जिले से गोरेलाल सिन्हा, राघोवा महादिक, भविष्य प्रधान, ऋतिक सिन्हा, भानुप्रताप साहू और सुशील सोनी के नाम शामिल हैं। कोंडागांव जिले से सगीर खान का नाम है। वहीं राजनांदगांव से सिद्धार्थ डोंगरे, राजेश गुप्ता, जितेश सिमनकर, शकूर चौहान, सुनीता सिन्हा, आशीष सोनकर, शशांक डोंगरे, श्यामबती सिन्हा और अंजू बंजारे का नाम शामिल है।

पीएम मोदी की मिमिक्री पर...

इसे लेकर भाजपा हमलावर है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवान ने इसे बुजुर्ग मां का अपमान करार दिया। उन्होंने लिखा, एक तरफ सम्मान और अपनापन, दूसरी तरफ बुजुर्ग मां का मजाक।

पंजाब आज नशे के गंभीर संकट से गुजर रहा, नशे ने कई परिवार उजाड़ दिए

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह आज 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज 21 सितंबर को एक दिवसीय पंजाब दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह तलवंडी साबो में तख्त श्री दमदमा साहिब में मत्था टेकने के साथ ही भाजपा की 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' में शामिल होंगे। इसके अलावा मैसरखाना में जनसभा और बठिंडा में किसानों व स्वयं सहायता समूह की दीदियों से सीधा संवाद करेंगे। शिवराज सिंह चौहान सुबह 10 बजे तलवंडी साबो के रविदासिया चौक स्थित दाना मंडी में 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' का उद्घाटन करेंगे और इसमें शामिल होंगे।



केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पंजाब आज नशे के गंभीर संकट से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि नशे ने कई परिवार उजाड़ दिए हैं और कई नौजवानों की जिंदगी तबाह और बर्बाद कर दी है। उन्होंने कहा कि, अब इस समस्या के खिलाफ समाज और जनता को मिलकर निर्णायक लड़ाई लड़ने की जरूरत है।

100% टैरिफ, 0% रीढ़, मोदी सरकार पर सुरजेवाला का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव और सांसद रणदीप सुरजेवाला ने रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रूस और ईरान पर प्रतिबंधों से जुड़े कानून पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद कहा कि भारत एक संप्रभु गणराज्य है और उसे अपने राष्ट्रीय हितों तथा जनता के लिए वहनीय कीमत पर किसी भी देश से ऊर्जा खरीदने का अधिकार है। उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रस्तावित अतिरिक्त टैरिफ का असर इस्पात, एल्युमिनियम, तांबा, कपड़ा और अन्य निर्यात क्षेत्रों पर पड़ सकता है। हालांकि, संभावित वास्तविक प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिकी प्रशासन कानून के तहत किन देशों, उत्पादों और दरों को लागू करता है।

मित्रता का मतलब अधीन हो जाना नहीं

सुरजेवाला ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में लिखा, "100% टैरिफ, 0% रीढ़!" उन्होंने आरोप लगाया कि वाशिंगटन के साथ भारत की मित्रता का मतलब यह नहीं है कि देश के राष्ट्रीय हित अमेरिकी प्रशासन की मांगों के अधीन हो जाएं।

नितिन नवीन संगठन के साथ करेंगे चुनावी रणनीति पर चर्चा

चुनावी मंथन करने भाजपा अध्यक्ष का दो दिवसीय यूपी दौरा आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 21 और 22 सितंबर 2026 को दो दिवसीय उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण प्रवास पर रहेंगे। आगामी यूपी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण है। इस प्रवास के दौरान नवीन यूपी में चुनाव तैयारियों को लेकर विभिन्न संगठनात्मक बैठकों, सार्वजनिक कार्यक्रमों और सम्मेलनों का नेतृत्व करेंगे। वे ऐतिहासिक स्थलों और प्रमुख मंदिरों में दर्शन कर आशीर्वाद भी प्राप्त करेंगे। प्रवास के दूसरे दिन, 22 सितंबर को नवीन प्रातः मेरठ में क्षेत्र के प्रबुद्धजनों एवं समाज के विशिष्ट नागरिकों के साथ संवाद बैठक करेंगे। सहारनपुर में दोपहर 2:15 बजे वे पश्चिम क्षेत्र के पूर्व सांसदों व विधायकों से संवाद करेंगे, जिसके तुरंत बाद प्रदेश एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों तथा जिला महामंत्रियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर चुनावी रणनीति का गहन मंथन करेंगे।



प्रवास के पहले दिन युवा सम्मेलन

प्रवास के पहले दिन, 21 सितंबर 2026 को नितिन नवीन क्रांतिधरा मेरठ पहुँचकर सबसे पहले इंडियन नेशनल आर्मी शहीद स्मारक एवं उपवन में अमर बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके उपरांत, वे पूर्वाह्न 11:30 बजे मांगल्य ऑडिटोरियम में आयोजित विशाल 'युवा सम्मेलन' को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात इसी परिसर में भाजपा 'शक्ति केंद्र सम्मेलन (पश्चिम क्षेत्र)' को संबोधित करेंगे। दिन के उत्तरार्ध में नवीन पश्चिम क्षेत्र के पूर्व पदाधिकारियों, सांसदों, विधायकों और समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ विशेष बैठकें कर चुनाव की तैयारियों को परखेंगे।

पावरग्रिड POWERGRID

नोटिस

1. विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62 के साथ पठित धारा 79(1)(डी) तथा केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (कारोबार संचालन) विनियम, 2023 के विनियम 15(1)(ए) एवं विनियम 23 के साथ पठित केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ के नियम एवं शर्तें) विनियम, 2024 के अंतर्गत, DOCO से 31.03.2029 तक टैरिफ निर्धारण हेतु याचिका, जो पश्चिमी क्षेत्र में "गुजरात के खावड़ा क्षेत्र में संभावित RE जोन से विद्युत निकासी हेतु पारेषण प्रणाली, चरण–IV (7 GW) – भाग E4" के अंतर्गत Padghe GIS में 1x1500 MVA, 765/400 kV ICT (4th) साथ ही संबंधित 765 / 400kV ICT बे तथा टाई बे, 01 संख्या 765kV भावी बे (dia completion हेतु) तथा 01 संख्या 400kV भावी बे (dia completion हेतु) से संबंधित है।
उपर्युक्त पारेषण प्रणाली के लाभार्थी निम्नलिखित हैं: (1)MPPMCL, जबलपुर (2)MSEDCL, मुंबई (3)GUVNL, वडोदरा (4) विद्युत विभाग, गोवा सरकार, पणजी (5) DNHDDPCL, सिलवासा (6) CSPDCL, रायपुर (7) CTUIL
2. टैरिफ विवरण:
परियोजना की SCOD: 09.07.2025
परियोजना की FR –अनुमोदित लागत: ₹22441.00 लाख
अनुमानित पूर्णता लागत: ₹21536.25 लाख

2024–29 टैरिफ ब्लॉक के लिए पारेषण टैरिफ (₹लाख में)

परिसंपत्ति संख्या	परिसंपत्ति का नाम एवं स्थान	COD	2024-25	2025-26	2026-27	2027-28	2028-29
1	परिसंपत्ति 1: पड्घे GIS में 1x1500 MVA, 765/400kV ICT (चौथा), उससे संबद्ध 765kV एवं 400kV ICT बे तथा टाई बे, 01 संख्या 765kV भावी बे (dia completion हेतु) तथा 01 संख्या 400kV भावी बे (dia completion हेतु)	21.06.2026	NA	NA	2534.04	3556.60	3632.84

4. टैरिफ निर्धारण हेतु प्रस्तुत आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर उपलब्ध है।
5. आवेदन में निहित टैरिफ निर्धारण के प्रस्तावों पर सुझाव एवं आपत्तियाँ, यदि कोई हों, किसी भी व्यक्ति द्वारा, जिसमें लाभार्थी भी शामिल हैं, सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, छठी, सातवीं एवं आठवीं मंजिल, टावर–बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली – 110029 (या आयोग का कार्यालय जिस अन्य पते पर स्थित हो) के समक्ष इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर दायर की जा सकती हैं। इसकी एक प्रति आवेदक को उसके कॉरपोरेट कार्यालय के उपर्युक्त पते पर भी भेजी जाए।

स्थान: गुरुग्राम हस्ता./-
दिनांक: 14.09.2026 वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
केन्द्रीय कार्यालय: सौदामिनी, प्लॉट नं. 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम, हरियाणा-122001
वेबसाइट: www.powergrid.in, सीआईएन: L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/Notice-56/Advt-77/2026-27/BA&C/4

रिपोर्ट पर जयराम रमेश ने उठाया सवाल

एनजीटी में पर्यावरणीय पक्ष की 16 अपीलें खारिज, उद्योग पक्ष में 30 को राहत!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में पर्यावरण और जनहित से जुड़े मामलों के निपटारे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने 19 सितंबर को जारी से साउथ एशियन रिपोर्टर फॉर एनवायरमेंट लॉज (सरल) की एक अध्ययन रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2026 के पहले छह महीनों में एनजीटी के समक्ष पर्यावरणीय या जनहित पक्ष की ऐसी एक भी अपील नहीं थी, जिसमें मेरिट के आधार पर फैसला उसके पक्ष में गया हो।

6 माह में 119 अपीलों का हुआ निस्तारण

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में कहा कि जनवरी से जून 2026 के बीच प्राधिकरण की पांचों पीठों के समक्ष कुल 119 अपीलों का निस्तारण हुआ। सरल के विश्लेषण के मुताबिक इनमें से 52 अपीलें सीमा, विचारणीयता, अधिकार क्षेत्र या अन्य प्रक्रियात्मक आधारों पर खारिज अथवा निस्तारित हुईं और मेरिट के आधार पर इन पर फैसला नहीं हुआ। शेष 67 अपीलों पर मेरिट के आधार पर सुनवाई और फैसला हुआ।



उद्योग मालिकों के अनुकूल मिला आदेश

रिपोर्ट के अनुसार, मेरिट पर सुनी गई 67 अपीलों में से 51 उद्योग, परियोजना प्रवर्तकों या संपत्ति मालिकों की ओर से दायर की गई थीं। इनमें 30 मामलों में संबंधित पक्षों के पक्ष में आदेश हुआ, यानी उन्हें अनुकूल आदेश मिला। इसके विपरीत पर्यावरणीय या जनहित पक्ष ने 16 अपीलें दायर की थीं इन सभी 16 मामलों में अपील खारिज हुई तथा किसी मामले में भी संबंधित पक्ष को अनुकूल फैसला नहीं मिला।

मोदी सरकार ने एनजीटी को किया कमजोर : रमेश

जयराम रमेश ने कहा कि एनजीटी की स्थापना जून 2010 में संसद के कानून के जरिए पर्यावरणीय न्याय को प्रभावी और त्वरित बनाने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले एक दशक में मोदी सरकार के कार्यकाल में एनजीटी को कमजोर किया गया है। उन्होंने कहा कि एनजीटी को फिर से अपनी स्वतंत्रता और पर्यावरणीय न्याय के उद्देश्य को मजबूती से स्थापित करना होगा।

राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए ऊर्जा और प्रगति से भरा रहेगा। करियर में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जहां आपका नेतृत्व कौशल चमकेगा।

वृष आज स्थिरता और संतुलन का दिन रहेगा। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें, अनावश्यक खर्च से बचें। बातचीत से समस्याएं हल होंगी।

मिथुन आज अवसरों और रचनात्मकता से भरा दिन है। संचार कौशल बढ़ेगा, नए विचारों से करियर में तरक्की संभव। उत्साह बनाए रखें।

कर्क आज भावनात्मक संतुलन और आत्म-निरीक्षण का दिन रहेगा। परिवार में खुशियां रहेंगी, लेकिन कार्यस्थल पर दबाव हो सकता है।

सिंह आज ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरा दिन है। करियर में सफलता के नए अवसर मिल सकते हैं, नेतृत्व क्षमता चमकेगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

कन्या आज व्यावहारिकता और मेहनत का दिन रहेगा। कार्यस्थल पर पुराने काम पूरे होंगे, लेकिन नई योजनाओं में सावधानी बरतें।

तुला आज संतुलन और रिश्तों पर फोकस रहेगा। प्रेम और वैवाहिक जीवन में गहराई आएगी, लेकिन छोटी बातों पर ध्यान दें। करियर में टीम वर्क फायदेमंद होगा।

वृश्चिक आज गहनता और परिवर्तन का दिन है। करियर में चुनौतियां आएंगी, लेकिन मेहनत से सफलता मिलेगी। परिवार में भावनात्मक मुद्दे हल होंगे।

धनु आज साहस और नई शुरुआत का दिन रहेगा। यात्रा या शिक्षा से जुड़े काम फायदेमंद होंगे। करियर में प्रगति संभव। परिवार में खुशियां रहेंगी।

मकर आज अनुशासन और मेहनत का दिन है। करियर में स्थिरता रहेगी, लेकिन नई योजनाओं में देरी हो सकती है। परिवार में शांति बनी रहेगी।

कुंभ आज नवीन विचारों और सामाजिक गतिविधियों का दिन रहेगा। दोस्तों और नेटवर्क से फायदा हो सकता है। करियर में रचनात्मकता दिखाएं।

मीन आज आध्यात्मिकता और आत्म-चिंतन का दिन है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, योग-ध्यान लाभकारी रहेगा। करियर में छोटे बदलाव फायदेमंद।

शब्द पहेली - 6354



बाएँ से दाएँ
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

ऊपर से नीचे
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

शब्द पहेली- 6353 का हल

	म	हा	भा	र	त		प	र	वा	ना
त	न		रू		मा	हि	र		र	ग
न		त	र	क	श		ख	र		वा
ब	न्ध	क			बी	यी		न	ज	र
द		दी		दा	न		फां		ल	
न	ज	र	बं	द		न	सी	ब	वा	ला
	रु		दी		म	न		च		प
श	री	र		जं	हा			प	गा	र
रा		न	म		सा	ग	वा	न		वा
फ	ल		स	ज	ग		च		आ	ह
त	क्ष	शि	ला		र	द्द	क	र	ना	

सूडोकु नवताल - 6364

कठिन

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
							3	5
	6						7	

खबर संक्षेप

एयरटेल क्लाउड के ग्राहकों की संख्या करीब 40 हुई



नई दिल्ली। भारती एयरटेल के घरेलू क्लाउड मंच ने एक साल के भीतर करीब 40 ग्राहक जोड़े हैं और इनमें विनिर्माण क्षेत्र की कंपनियों की हिस्सेदारी लगभग एक-चौथाई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, क्लाउड कारोबार अगस्त 2025 में शुरू होने के बाद से लगातार विस्तार कर रहा है।

नियुक्ति के पांच सप्ताह बाद मूंदड़ा का इस्तीफा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल में शामिल होने के महज एक महीने बाद अलका मूंदड़ा ने स्वतंत्र निदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया है। सूचीबद्धता नियमों के तहत स्वतंत्रता के मानदंडों का उल्लंघन करती है। आईओसी ने बताया कि पेट्रोलियम मंत्रालय को लिखे पत्र में मूंदड़ा ने बताया कि उनके बेटे माधव मूंदड़ा, 2020 से राजस्थान के उदयपुर में आईओसी का एक खुदरा बिक्री केंद्र 'स्वर्ण गंगा केएसके' संचालित कर रहे हैं।

बिकवाली से बीते सप्ताह तेल-तिलहनों के दाम टूटे



नई दिल्ली। पैसे की तंगी के कारण कांडला बंदरगाह पर आयातकों की तरफ से लागत से नीचे दाम पर बिकवाली के चलते बीते सप्ताह लगभग सभी तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट देखी गई, जबकि मूंगफली तेल की निरंतर मांग के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि ऊंचे दाम के कारण सरसों खप नहीं रहा और इसकी मांग प्रभावित रहने से बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट रही।

आशियाना हाउसिंग 1000 करोड़ रुपए करेगी निवेश

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी आशियाना हाउसिंग के प्रबंध निदेशक विशाल गुप्ता ने कहा है कि कंपनी चालू वित्त वर्ष में आवासीय परियोजनाओं के विकास के लिए जमीन खरीदने पर करीब 1,000 करोड़ रुपये निवेश करेगी। देश की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियों में शामिल आशियाना हाउसिंग मुख्य रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवासीय परियोजनाएं विकसित करती है। गुप्ता ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद घरों की मांग मजबूत बनी हुई है।

लिक्विड डिजिटल का आईपीओ 23 को खुलेगा

नई दिल्ली। डिजिटल मार्केटिंग समाधान प्रदाता कंपनी लिक्विड डिजिटल इंडिया लिमिटेड ने रविवार को कहा कि उसका 39 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 23 सितंबर को अभिदान के लिए खुलेगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि आईपीओ के लिए 51 से 54 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया है। यह तीन दिवसीय निर्गम 25 सितंबर को बंद होगा।

एफएमसीजी कंपनियां त्योहारी सीजन में नहीं बढ़ाएंगी कीमतें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कच्चे माल की बढ़ती कीमतों और भू-राजनीतिक परिस्थितियों से लागत पर दबाव बढ़ने के बावजूद देश की प्रमुख एफएमसीजी (रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली) कंपनियां त्योहारी सीजन के दौरान अपने उत्पादों की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी करने से बच सकती हैं। कंपनियों का जोर फिलहाल उपभोक्ता मांग और बिक्री की मात्रा बनाए रखने पर है। उद्योग से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, कंपनियां जून तिमाही में ही लागत बढ़ने के असर को कम करने के लिए चुनिंदा उत्पादों की कीमतों में करीब दो से पांच प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर चुकी हैं। ऐसे में दिवाली तक कीमतों में और बड़ी वृद्धि की संभावना कम है। एफएमसीजी क्षेत्र को चीनी, खाद्य तेल, कॉफी, कोको और पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले कच्चे तेल आधारित उत्पादों की बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है।

कंपनियां उपभोक्ता की मांग और बिक्री बढ़ाने पर देगी जोर

आगे भी परिस्थितियों पर रखेंगी नजर : डाबर

डाबर इंडिया के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) अंकुश जैन ने कहा कि कंपनी ने भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण बढ़ी लागत के असर को कम करने के लिए पिछले कुछ माह में उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि कंपनी आगे भी परिस्थितियों पर नजर रखेगी और प्रतिस्पर्धी माहौल को ध्यान में रखते हुए फैसले करेगी।

दोनों बाजार में मांग उत्साहजनक बनी हुई : पारले

वहीं, पारले प्रोडक्ट्स के मुख्य विपणन अधिकारी (सीएमओ) मयंक शाह ने कहा कि ज्यादातर एफएमसीजी कंपनियां फिलहाल कीमतें बढ़ाने के बजाय उन्हें स्थिर रखना पसंद करेंगी। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण दोनों बाजारों में मांग उत्साहजनक बनी हुई है और कंपनियां त्योहारी मौसम में मांग की इस गति को बनाए रखना चाहती हैं।



जिंस की कीमतों में नरमी से कंपनियों को राहत

शाह के अनुसार, कम से कम दिवाली तक एफएमसीजी उत्पादों की कीमतों में किसी बड़ी बढ़ोतरी की संभावना नहीं है। कुछ सरकारी उपायों के कारण चीनी जैसी कुछ प्रमुख जिंस की कीमतों में नरमी से भी कंपनियों को राहत मिली है। कुल मिलाकर, एफएमसीजी कंपनियों की मौजूदा रणनीति लागत बढ़ने के बावजूद कीमतों को यथासंभव स्थिर रखने और बिक्री की मात्रा बढ़ाने की है।

कंपनियां लागत का बड़ा हिस्सा खुद वहन कर रही

हालांकि, कंपनियां लागत नियंत्रण, परिचालन दक्षता और उत्पाद पोर्टफोलियो में बदलाव के जरिये बढ़ी हुई लागत का एक बड़ा हिस्सा खुद वहन कर रही हैं। इससे उनके मुनाफे पर दबाव बना हुआ है, लेकिन कंपनियां फिलहाल कीमत बढ़ाने के बजाय बिक्री की मात्रा में वृद्धि पर ध्यान दे रही हैं।

भारत जल्द बुनियादी ढांचे में इस्तेमाल होने वाले चिप भी बनाएगा

भारत का सेमीकंडक्टर अभियान कार, टीवी और बिजली ढांचे के लिए चिप पर केंद्रित : वैष्णव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत अगले कुछ वर्षों में सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में ऐसी क्षमता विकसित करना चाहता है, जिससे कार, टेलीविजन और रेफ्रिजरेटर जैसे रोजमर्रा के उत्पादों के साथ-साथ बिजली क्षेत्र के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में इस्तेमाल होने वाले चिप भी देश में डिजाइन और निर्मित किए जा सकें।


भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के प्रयास कर रहा है। सरकार चिप की असेंबली और परीक्षण से आगे बढ़कर डिजाइन, विनिर्माण, उपकरण और सामग्री के क्षेत्र में क्षमता विकसित करना चाहती है। सेमीकंडक्टर कार्यक्रम के दूसरे चरण के तहत सरकार ने घरेलू पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार और वैश्विक निवेश आकर्षित करने के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता जताई है।

सरकार ने हाल में कहा था कि सेमीकंडक्टर योजना के दूसरे चरण के लिए निवेशकों से चार लाख करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है।

वैष्णव ने कहा कि अगले पांच वर्षों के भीतर भारत को कार, बिजली प्रणालियों, टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर और अन्य घरेलू उपकरणों के लिए चिप डिजाइन और विनिर्माण करने में सक्षम होना चाहिए। वैष्णव ने कहा, कार, स्कूटर और मोटरसाइकिल में इस्तेमाल होने वाले कई चिप का विनिर्माण हमारे देश में हो रहा है। हमें इनमें से कई चिप को भारत में ही डिजाइन और निर्मित करने में सक्षम होना चाहिए। मंत्री ने कहा कि बिजली क्षेत्र में भी ऐसी ही क्षमता विकसित की जानी चाहिए। 1



वैश्विक चिप मूल्य श्रृंखला में अपनी मौजूदगी बढ़ाने का प्रयास



हम चिप को नहीं तैयार उत्पाद को देखते हैं

वैष्णव ने कहा, "हम वास्तव में चिप को नहीं देखते, हम तैयार उत्पाद देखते हैं। जब हम टीवी खरीदते हैं, तो उसके अंदर लगे चिप को नहीं देखते, लेकिन वही चिप पूरे उपकरण को संचालित करता है। उन्होंने सेमीकंडक्टर को टेलीविजन का 'दिमाग' और 'दिल' बताया। उन्होंने कहा, "इस दिशा में आगे बढ़ना बहुत अच्छा होगा।"

टीवी, फ्रिज व अन्य घरेलू उपकरण के चिप भारत में बने

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "बिजली क्षेत्र में कई चिप इस्तेमाल होते हैं, मसलन पारेषण लाइन, ट्रांसफॉर्मर और कन्वर्टर में। हमें ऐसे कई चिप का विनिर्माण करने में सक्षम होना होगा, जिन्हें भारत में ही डिजाइन और बनाया जाए।' उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में वैष्णव ने कहा कि टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर और अन्य घरेलू उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले कई चिप भी भारत में ही डिजाइन और निर्मित किए जाने चाहिए।

भारत के पास चिप डिजाइन प्रतिभा, लेकिन बिक्री कौशल का अभाव

भारत के पास दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्तर के चिप डिजाइन करने वाली इंजीनियरिंग प्रतिभा मौजूद है, लेकिन देश में इन उत्पादों को वैश्विक स्तर पर बेचने के लिए जरूरी विपणन और परिचालन कौशल की कमी है। उद्यम पूंजी फर्म एंदिया पार्टनर्स के प्रबंध साझेदार सतीश आंद्रा ने यह बात कही।

भारत ने क्वालकॉम आदि के लिए चिप डिजाइन किए

आंद्रा ने कहा कि भारत में स्थित इंजीनियरों ने क्वालकॉम, इनफिनिओन, एनएक्सपी, टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स और रेनेसास जैसी दिग्गज कंपनियों के लिए ऐसे चिप डिजाइन किए हैं, जिनकी वैश्विक स्तर पर अरबों इकाइयों की आपूर्ति हुई है। उन्होंने बताया कि देश में हालांकि उत्पाद की विशिष्टताएं लिखने, उसे सही ढंग से स्थापित करने, उसका विपणन करने और विदेशी ग्राहकों तक पहुंचने के लिए वितरकों के साथ काम करने जैसे कौशलों की अभी कमी है।

महानगरों से आगे बढ़ी भर्ती की प्रक्रिया : रिपोर्ट

दूसरे और तीसरी श्रेणी के शहर बने नए भर्ती प्रतिभा केंद्र

मुंबई। देश के छोटे शहर अब बड़े प्रतिभा केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं और पिछले दो वर्षों में ज्यादातर नियोक्ताओं ने दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से नियुक्तियों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष सामने आया है। कार्यबल प्रबंधन और मानव संसाधन समाधान प्रदाता जीनियस एचआरटेक लिमिटेड की रिपोर्ट के अनुसार भारत में भर्ती का परिदृश्य अब पारंपरिक महानगरों से आगे बढ़ रहा है।



सर्वेक्षण में शामिल 69 प्रतिशत संगठनों ने बताया कि उन्होंने पिछले दो वर्षों के दौरान दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से अपनी नियुक्तियों में 30 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी की है। यह रिपोर्ट अगस्त में विभिन्न क्षेत्रों के 1,729 नियोक्ताओं के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। इनमें वित्त एवं बीएफएसआई, एफएमसीजी, इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), विनिर्माण, दूरसंचार, खुदरा और ई-कॉमर्स जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनियां अपनी प्रतिभाओं का दायरा बढ़ाने और अधिक विकेंद्रीकृत भर्ती रणनीतियों को अपनाने के लिए छोटे शहरों का रुख कर रही हैं। यह रुझान आने वाले समय में और तेज होने की उम्मीद है।

ध्यान विशिष्ट कौशल विकसित करने पर हो

जीनियस एचआरटेक के चेयरमैन आर पी यादव ने कहा, "दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों को अब केवल महानगरों के विकल्प के रूप में नहीं देखा जा रहा है, बल्कि वे अपने आप में रणनीतिक प्रतिभा बाजार बन रहे हैं।

बीएमसी छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव में 500 से ज्यादा विशेषज्ञ जुटे



रायपुर। बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) के चौथे छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का शुभारंभ शनिवार को नया रायपुर स्थित मेफेयर लेक रिजॉर्ट में हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कॉन्क्लेव के दौरान सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया भी मौजूद रहे। 18 से 20 सितंबर तक चले इस कॉन्क्लेव में देश-विदेश के 500 से अधिक कैंसर विशेषज्ञ, चिकित्सक और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञओं ने हिस्सा लिया। इनमें 11 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ भी शामिल हैं। 'कैंसर उपचार में संतुलन की पुनर्स्थापना' विषय पर आयोजित कॉन्क्लेव में स्तन, स्त्री रोग और मूत्र-जनन तंत्र के कैंसर के उपचार पर विशेषज्ञों ने चर्चा की। वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर उपचार के विकल्प चुनने, मरीज-केंद्रित इलाज, किफायती स्वास्थ्य सेवाओं और कैंसर की रोकथाम पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में 20 से अधिक विशेषज्ञ पैनल चर्चाएं, सजीव सर्जिकल प्रदर्शन और व्यावहारिक कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

सर्वाइकल कैंसर मुक्त राज्य बनाने प्रयास : सीएम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम संभव है और छत्तीसगढ़ को सर्वाइकल कैंसर मुक्त बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बीएमसी के वार्षिक कॉन्क्लेव को कैंसर उपचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बताया। कैंसर उपचार में योगदान के लिए डॉ. रवि कन्नन को वेदावती अग्रवाल ऑरेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। बीएमसी की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही और कंसल्टेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. दिवाकर पांडे ने भी कैंसर रोकथाम और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप शोध के महत्व पर विचार रखे।

सोने के अगले सप्ताह सीमित दायरे में बने रहने के आसार

नई दिल्ली। अमेरिकी डॉलर और बांड प्रतिफल में उतार-चढ़ाव, पश्चिम एशिया संघर्ष के घटनाक्रम तथा कच्चे तेल के रुख के बीच आगामी सप्ताह में सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है और यह सीमित दायरे में कारोबार कर सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। मौद्रिक नीति और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से भरे सप्ताह के बाद अब निवेशकों का ध्यान नए आर्थिक आंकड़ों पर रहेगा। इनमें प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़े शामिल हैं। विश्लेषकों ने कहा कि सप्ताह के अंत में जारी होने वाले अमेरिकी आवास बाजार, टिकाऊ उपभोक्ता सामान के ऑर्डर और उपभोक्ता धारणा से जुड़े आंकड़ों पर भी पैनी नजर रखी जाएगी। इससे मौद्रिक नीति के भावी परिदृश्य और सर्राफा की मांग के संकेत मिल सकेंगे। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर डिलिवरी वाला सोना पिछले सप्ताह 1,597 रुपये यानी 1.04 प्रतिशत चढ़कर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

टाइटन प्रीमियम व लक्जरी घड़ी कारोबार का कर रही विस्तार

बेंगलुरु। प्रमुख घड़ी विनिर्माता टाइटन कंपनी अपने प्रीमियम और लक्जरी घड़ी कारोबार का विस्तार कर रही है और वृद्धि की रणनीति के तहत छोटी तथा उभरती घड़ी कंपनियों में निवेश या उनका अधिग्रहण करने के विकल्प पर विचार कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। टाटा समूह की कंपनी को इस साल त्योहारी मौसम में उपभोक्ता मांग मजबूत रहने की उम्मीद है।



टाइटन कंपनी की मुख्य विपणन अधिकारी रंजनी कृष्णास्वामी ने कहा कि इस साल शादी का मौसम जल्दी शुरू होने और दिवाली देर से पड़ने से भी मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कृष्णास्वामी ने यह भी माना कि कंपनी बढ़ती मांग के अनुरूप अपनी आपूर्ति क्षमता बढ़ाने के लिए काम कर रही है। कृष्णास्वामी ने कहा, "हम बहुत मजबूत मांग देख रहे हैं। त्योहारी मौसम की शुरुआत काफी अच्छी रही है। हम बहुत आशावादी हैं और सच कहें तो मांग पूरी करने के लिए जरूरी क्षमता सुनिश्चित करने में हमें चुनौती आ रही है।"

टाइटन अवसरों का मूल्यांकन कर रही

वृद्धि की रणनीति के तहत अधिग्रहण के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि टाइटन ऐसे अवसरों का मूल्यांकन कर रही है जो कंपनी की दीर्घकालिक वृद्धि की योजनाओं के अनुरूप हों और विभिन्न क्षेत्रों तथा बाजारों में उसकी मौजूदगी को मजबूत करने में मदद करें।

सुपरटेक की अटकी परियोजनाओं पर एनसीएलएटी हुआ सख्त

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने सार्वजनिक क्षेत्र की निर्माण क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी द्वारा सुपरटेक लिमिटेड की अटकी आवासीय परियोजनाओं में निर्माण कार्य दोबारा शुरू करने में देरी को लेकर चिंता जताई है। एनसीएलएटी की तीन सदस्यीय पीठ ने रियल एस्टेट कंपनी के लिए अंतरिम समाधान पेशेवर की नियुक्ति में हो रही देरी पर भी संबंधित अधिकारियों को



फटकार लगाई। सुपरटेक फिलहाल कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया में है। आईआरपी की नियुक्ति के लिए नाम सुझाने की प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया है।

कच्चे तेल की धार तय करेगी घरेलू शेयर बाजार की दिशा

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों, पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और वैश्विक बाजार के रुख से तय होगी। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस और



ईरान पर प्रतिबंधों से संबंधित नए कानून पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद भारतीय बाजार के लिए व्यापार मोर्चे पर एक नई अनिश्चितता पैदा हुई है।

छूट से आसान हुआ बजट, क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो के अंतिम दिन भी बंपर बुकिंग

■ प्लॉट, फ्लैट और स्वतंत्र मकानों की रही मांग

रायपुर। क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो-2026 के तीन दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन रविवार को भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। छुट्टी का दिन होने के कारण रायपुर के अलावा आसपास के शहरों से भी खरीदार एक्सपो में पहुंचे। प्लॉट, फ्लैट और स्वतंत्र मकान खरीदारों की पहली पसंद रहे, जबकि कारोबारी वर्ग ने कमर्शियल स्पेस में रुचि दिखाई। दिनभर स्टॉलों पर पूछताछ और बुकिंग का सिलसिला चलता रहा। गणेशोत्सव के शुभ मुहूर्त पर प्रॉपर्टी खरीदने पहुंचे परिवारों में खासा उत्साह नजर आया। आयोजकों के अनुसार रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी में 50 फीसदी छूट ने खरीदारों के बजट को आसान किया। एक्सपो में बैंक और वित्तीय संस्थानों के स्टॉल भी लगाए गए थे, जहां होम लोन से जुड़ी जानकारी और ऋण प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

किराए से अपना घर लेने की ओर बढ़े लोग : एक्सपो में ऐसे खरीदार भी पहुंचे, जो लंबे समय से किराए के मकान में रह रहे हैं और अपना घर खरीदना चाहते हैं। कई परिवारों ने लोकेशन, बजट और पजेशन टाइमलाइन को ध्यान में रखते हुए प्रोजेक्ट्स की जानकारी ली। वहीं युवा खरीदारों में आधुनिक सुविधाओं वाले फ्लैट और अपार्टमेंट प्रोजेक्ट्स को लेकर अधिक रुचि दिखाई दी।

बजट अनुसार प्रॉपर्टी का विकल्प : क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज लाहोटी, चेयरमैन मृणाल गोलछा, सचिव



अभिषेक बछावत और प्रोग्राम चेयरमैन अशोक मूंदड़ा ने बताया कि एक्सपो में अलग-अलग बजट और जरूरत के अनुसार प्रॉपर्टी के विकल्प उपलब्ध कराए गए। उनका कहना है कि रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी में 50 फीसदी छूट से खरीदारों को आर्थिक राहत मिली।

एक ही जगह कई प्रोजेक्ट्स की जानकारी : एक्सपो में अविनाश ग्रुप, रहेजा ग्रुप, वॉलफोर्ट, क्लासिक, भारद्वाज, रजत, श्री स्वास्तिक, अष्टविनायक, आरती ग्रुप, सिंघानिया बिल्डकॉन, आनंदम, समृद्धि, वीजीआर, पायनियर होम्स, सृष्टि, वुड्स एस्टेट, वीवी टावर, वर्धमान, आरसीपी, ओम एक्सोटिका, चैतन्य ग्रुप, कृष्णा, टू डेवलपर्स, मोनिका रियल बिल्डकॉन, वेदांता विहार और मोक्ष वार्या समेत कई बिल्डर्स ने अपने प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए।

कंपनियां सार्वजनिक निर्गम से 3,825 करोड़ रुपए जुटाएगी


अगले सप्ताह छह कंपनियां लाएंगी अपना आईपीओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्राथमिक बाजार में अगले सप्ताह भी काफी गतिविधियां देखने को मिलेंगी। सप्ताह के दौरान छह कंपनियां मुख्य मंच के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये कुल 3,825 करोड़ जुटाने के लिए बाजार में उतरेंगी। इनमें एलिवेट कैंपसेस और वर्मोरा ग्रैनिटो प्रमुख रूप से शामिल हैं। ये सभी आईपीओ सार्वजनिक अभिदान के लिए 22 से 28 सितंबर के बीच खुलेंगे। ज्यादातर निर्गम 23 सितंबर को खुलेंगे। इन दो निर्गम के साथ बेंगलुरु की ए-वन स्टील्स इंडिया लि., अरमी इन्फोटेक लि., स्वस्तिका इन्फ्रा और एड्रॉयट इंडस्ट्रीज (इंडिया) के आईपीओ भी सप्ताह के दौरान खुलेंगे। हिलहाउस इन्वेस्टमेंट समर्थित

ए-वन स्टील्स का 405 करोड़ जुटाने का लक्ष्य

एकीकृत इस्पात विनिर्माता ए-वन स्टील्स इंडिया 24 से 28 सितंबर के दौरान 405 करोड़ जुटाने का लक्ष्य लेकर बाजार में उतरेगी। कंपनी ने शेयर का मूल्य दायरा 385-405 तय किया है। इसमें 355 करोड़ का नया निर्गम और प्रवर्तकों की ओर से 50 करोड़ तक की बिक्री पेशकश शामिल है। अरमी इन्फोटेक का 300 करोड़ का आईपीओ 23 से 25 सितंबर तक खुलेगा।



स्वस्तिका का आईपीओ 23 से खुलेगा

कंपनी ने इसके लिए 350-375 प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। इसमें पूरी तरह नए शेयरों की पेशकश की जाएगी। स्वस्तिका इन्फ्रा का 161 करोड़ का आईपीओ 23 से 25 सितंबर को खुला रहेगा। इसका मूल्य दायरा 175-185 प्रति शेयर है। कंपनी बिजली वितरण और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए ईपीसी समाधान उपलब्ध कराती है।

एलिवेट कैंपसेस 23 सितंबर को 2,100 करोड़ का आईपीओ लेकर आएगी। कंपनी ने इसके लिए प्रति शेयर 343-362 का मूल्य दायरा तय किया है। तीन दिन का यह निर्गम 25 सितंबर को बंद होगा और इसके शेयरों की सूचीबद्धता 30 सितंबर को प्रस्तावित है। आईपीओ में पूरी तरह नए शेयर जारी किए जाएंगे और इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल नहीं है। वर्मोरा ग्रैनिटो का 708 करोड़ का आईपीओ 22 से 24 सितंबर तक खुलेगा। इसके लिए मूल्य दायरा 140-148 प्रति शेयर तय किया गया है। निर्गम में 320 करोड़ तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि निवेशक कत्सुरा इन्वेस्टमेंट्स करीब 388 करोड़ मूल्य के 2.62 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश लाएगी।

एशियाई खेल : भारत की बांग्लादेश पर 114 रन की बड़ी जीत

फाइनल में भारत, शेफाली का तूफानी शतक



बांग्लादेश 81 रन पर ढेर
शेफाली का पहला टी20 शतक

एजेंसी ▶▶| निशिन

गत चैंपियन भारत ने एशियाई खेलों की महिला टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में लगातार दूसरी बार जगह बनाकर पदक पक्का किया। महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को 114 रन से करारी शिकस्त देकर स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाकर भारत के लिए एक और पदक सुनिश्चित किया। शेफाली वर्मा ने 49 गेंद में नाबाद 100 रन की पारी खेलकर टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना पहला शतक जड़ा, जिससे भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 195 रन का मजबूत स्कोर बनाया। इसके जवाब में बांग्लादेश ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 15.4 ओवर में 81 रन पर आउट हो गई।

दीप्ति और नंदनी ने चटकाए 3-3 विकेट

बांग्लादेश के खिलाफ रन के लिहाज से यह भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। भारत की तरफ से दीप्ति शर्मा ने 7 जबकि नंदनी शर्मा ने 25 रन देकर 3-3 विकेट चटकाए। श्रीचरणी ने भी 7 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। भारत अब मंगलवार को स्वर्ण पदक के मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा। पिछले एशियाई खेलों में भी फाइनल इन्हीं दोनों टीम के बीच हुआ था। दोनों टीम पिछले रविवार को महिला टी20 एशिया कप के फाइनल में भी आमने-सामने थीं, जिसमें भारत ने 72 रन से जीत दर्ज की थी।

दीपिका ने लगाई गोल की झड़ी उज्बेकिस्तान को 19-0 से हराया



एजेंसी ▶▶| काकामिलगहारा

दीपिका ने शानदार खेल का नमूना पेश करते हुए 8 गोल दागे, जिससे भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों के पूल बी में अपने पहले मैच में कमजोर उज्बेकिस्तान को 19-0 से करारी शिकस्त दी। यह एकतरफा मुकाबला होने की उम्मीद थी और ठीक वैसा ही हुआ क्योंकि उज्बेकिस्तान की रक्षापंक्ति भारत के लगातार हमलों का कोई जवाब नहीं दे पाई। दोनों टीमों के बीच का अंतर मैदान पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था क्योंकि शुरुआत से ही भारत ने गोल वर्षा शुरू कर दी थी। भारत के लिए दीपिका (8वें, 22वें, 25वें, 33वें, 36वें, 38वें, 41वें, 54वें मिनट) ने गोल की झड़ी लगा दी, जबकि लालरेम्सियामी (7वें), इशिका (11वें, 42वें, 54वें), बलजीत कौर (12वें), नेहा (18वें), नवनीत कौर (23वें, 45वें), लथंतलुआंगी (43वें, 51वें) और साक्षी राणा (43वें) ने भी गोल किए। भारत सोमवार को अपने अगले मैच में इंडोनेशिया से भिड़ेगा।

टीम इंडिया की इंडोनेशिया पर 13-1 से आसान जीत, दिलप्रीत ने दागे 4 गोल

काकामिगाहारा। स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह ने 4 गोल करके अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई, जिससे मौजूदा चैंपियन भारत ने पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के पूल ए के अपने पहले मैच में इंडोनेशिया को 13-1 से हरा दिया। दिलप्रीत (18वें, 19वें, 37वें और 49वें मिनट) ने चार फील्ड गोल किए, जबकि शिलानंद लाकड़ा (6वें और 35वें मिनट) और सुखजीत सिंह (38वें और 48वें मिनट) ने दो-दो गोल दागे। गोल करने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अभिषेक (12वें मिनट), राजिंदर सिंह (19वें मिनट), मनदीप सिंह (21वें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (28वें मिनट) और जुगराज सिंह (47वें मिनट) शामिल थे। इंडोनेशिया की तरफ से एकमात्र गोल औलिया अल अर्द्ध ने 33वें मिनट में किया। भारत मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ अपना अगला मैच खेलेगा।



टेकबॉल : पदक से चूकी क्विम्सी



नागोया। क्विम्सी डिसूजा को एशियाई खेलों की टेकबॉल प्रतियोगिता में दोहरा झटका लगा जब वह महिला एकल में कांस्य पदक से चूक गईं और कुछ ही मिनटों बाद मोहम्मद अनस बेग के साथ मिश्रित युगल में तीसरे स्थान के मुकाबले में भी हार गईं। क्विम्सी ने महिला एकल के कांस्य पदक के मैच में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में वह स्थानीय खिलाड़ी युइना सकामोटो से 0-2 (11-12 11-12) से हार गईं। इसके बाद मिश्रित युगल मुकाबले में भारतीय जोड़ी को वियतनाम के होआंग मिन्ह टैन गुयेन और जिया निह ट्रिन्ह से 0-2 (9-12 6-12) से हार का सामना करना पड़ा।

महिला बैडमिंटन : भारत क्वार्टर फाइनल में, कजाखस्तान को हराया



नागोया। भारत ने बैडमिंटन के महिला टीम स्पर्धा में कमजोर रैंकिंग वाले कजाखस्तान को 3-0 से हराकर रविवार को एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली, जहां उसके सामने मेजबान जापान की कड़ी चुनौती होगी। इचिनोमिया सिटी म्यूनिसिपल जिम्नेजियम में भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू, उन्नति हुड्डा और तन्वी शर्मा ने बिना कोई गेम गंवाए मुकाबला अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज सिंधू ने पहले मुकाबले में कमिला स्मागुलोवा को महज 24 मिनट में 21-7, 21-9 से शिकस्त दी। कजाखस्तान की कमिला की विश्व रैंकिंग 426 है। इसके बाद विश्व की 24वें नंबर की खिलाड़ी उन्नति ने अलिस्सा कुलेशोवा (विश्व रैंकिंग 866) को 22 मिनट में 21-7, 21-10 से हराया। विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर मौजूद तन्वी शर्मा ने डायना नामेनोवा (विश्व रैंकिंग 1067) को 21-5, 21-10 से हराकर भारत की जीत पर मुहर लगा दी। भारत को अब मेजबान जापान के खिलाफ भारत को कहीं कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा।

टेबल टेनिस : भारत ने सिंगापुर को दी मात



टोयोटा। भारतीय महिला टीम ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता के ग्रुप एफ के अपने दूसरे मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए सिंगापुर को 3-2 से हराया जबकि पुरुष टीम को ग्रुप एफ के अपने दूसरे मुकाबले में ईरान के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम एक समय 1-2 से पिछड़ रहा था, लेकिन श्रीजा अकुला और यशस्विनी घोरपड़े ने अहम मैच जीतकर टीम को यादगार जीत दिलाई। भारत की ओर से मुकाबले की शुरुआत यशस्विनी ने की। उन्होंने जियान जेंग को 11-7, 11-3, 8-11, 11-9 से हराकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। दीया चितले भी तान झाओ से 7-11, 4-11, 11-7, 5-11 से हार गईं और सिंगापुर ने 2-1 की बढ़त बना ली। भारत के लिए चौथा मैच करो या मरो का था। श्रीजा ने पहले मैच की हार से उबरते हुए जियान जेंग को 6-11, 11-3, 11-7, 11-4 से शिकस्त दी और मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया।

मार्शल आर्ट : सुचिका ने किया पहला पदक पक्का

नागोया। सुचिका तारियाल ने महिला पारंपरिक मिश्रित मार्शल आर्ट (एमएमए) के 60 किलोग्राम वर्ग में मंगोलिया की अल्तांचिमेग बैगलमा को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से आइची-नागोया एशियाई खेलों में भारत का पहला पदक पक्का किया। यह 36 वर्षीय खिलाड़ी अब सोमवार को सेमीफाइनल में उतरेगी। इस प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में पहुंचने पर पदक पक्का हो जाता है क्योंकि अंतिम चार में हारने वाली दोनों खिलाड़ियों को कांस्य पदक मिलता है।



खबर संक्षेप

वापसी पर ध्यान केंद्रित अहम : चोपड़ा

नई दिल्ली। स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने एशियाई खेलों से बाहर होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया, लेकिन कहा कि इस झटके को 'स्वीकार करना' और जल्द वापसी पर ध्यान केंद्रित करना अहम है। चोपड़ा ने कहा, 'यह निश्चित रूप से मुश्किल है। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह आसान है। मेरे लिए यह थोड़ा सामान्य हो गया है क्योंकि मेरे करियर में ऐसा कई बार हुआ है। कई बार ऐसा हुआ जब मैं पूरी तरह तैयार था और अचानक चोट लग गई। 'चोपड़ा ने कहा कि इस बार की चोट इसलिए ज्यादा निराशाजनक थी क्योंकि उन्हें लगा था कि वह पहले की परेशानी से उबरकर आखिरकार अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आए हैं।



क्रिकेट की लोकप्रियता जापान में बढ़ाने का अवसर

नई दिल्ली। जापान क्रिकेट संघ (जेसीए) के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) एलन कर को उम्मीद है कि भारत के खिलाफ होने वाला पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला उनके देश में क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा और जापान को वैश्विक क्रिकेट समुदाय में अपनी पहचान मजबूत करने की दिशा में आगे ले जाएगा। मौजूदा टी20 विश्व चैंपियन भारत मंगलवार को सानो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान पर जापान के खिलाफ मैदान में उतरेगा। कर ने कहा, खिलाड़ी काफी उत्साहित हैं। हमारे लिए इस तरह का मौका ज्यादा नहीं आता। उन्हें उम्मीद है कि भारत के खिलाफ यह मुकाबला भविष्य में जापान में अन्य शीर्ष क्रिकेट खेलने वाले देशों की मेजबानी का रास्ता खोल सकता है।कर ने कहा, हम इसे अपने भविष्य के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों का हिस्सा मान रहे हैं।



विमेंस वनडे : भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया पर बनाई बढ़त

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

तेजल हसबनिस और अनुष्का शर्मा ने आक्रामक अर्धशतक जबकि निकी प्रसाद के हरफनमौला खेल की बदौलत भारत ए ने खेले गए पहले महिला वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ए को 4 विकेट से हरा दिया।

इस जीत के साथ भारत ने तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। यह जीत मेजबान टीम के लिए राहत लेकर आई क्योंकि इससे पहले उसे टी20 सीरीज में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। हसबनिस ने 82 गेंद में 81 रन की शानदार पारी खेली जिसमें पांच चौके और छह छक्के जड़े थे। उन्होंने उभरती हुई खिलाड़ी अनुष्का (55 रन, 61 गेंद, छह चौके,



एक छक्का) के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 126 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इस साझेदारी की बदौलत भारत ने 236 रन के लक्ष्य को 41.1 ओवर में हासिल कर लिया।

हसबनीस और अनुष्का ने किया डटकर सामना : हालांकि लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और 9.1 ओवर में उसका स्कोर 3 विकेट पर 46 रन था।टीम ने सलामी बल्लेबाज तनीषा सिंह, प्रिया पूनिया और कप्तान यास्तिका भाटिया के विकेट गंवा दिए। लेकिन हसबनीस और अनुष्का ने 21 ओवर तक ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का डटकर सामना किया और 5 रन प्रति ओवर से ज्यादा की रफ्तार से रन बनाकर भारत को सुरक्षित स्थिति में पहुंचाया। फिर 33.2 ओवर में भारत का स्कोर पांच विकेट पर 195 रन था और जीत बिल्कुल करीब थी।

इंडिया ए टीम के हेड कोच बने बालाजी



नई दिल्ली। भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए इंडिया ए टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। यह सीरीज पुडुचेरी में खेली जानी है। आईपीएल में कोचिंग का लंबा अनुभव है, जहां वे पहले सीएसके और तमिलनाडु की टीमों के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। लक्ष्मीपति बालाजी का इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट में करियर शानदार रहा है। उन्होंने भारत के लिए 8 टेस्ट, 30 वनडे और 5 टी20 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने अपनी सटीक लाइन-लेंथ और स्विंग से कई अहम सफलताएं हासिल कीं।

जिम्बाब्वे को हराकर ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज की क्लीन स्वीप



एजेंसी ▶▶| हरारे

जोश इंग्लिस के दूसरे वनडे शतक के बाद नाथन एलिस ने सुनिश्चित किया कि उनकी यह पारी बेकार नहीं जाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे वनडे में रोमांचक मुकाबले में 1 विकेट से जीत दर्ज कर तीन मैच की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली।

ऑस्ट्रेलिया ने 49.5 ओवर में यह जीत हासिल की। इंग्लिस की 102 गेंदों पर 103 रनों की शानदार पारी के बाद नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे एलिस ने 44 गेंद में नाबाद 36 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट पर 272 रन के स्कोर तक पहुंचाकर जीत दिलाई। एलिस की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया जबकि एक समय ऐसा लग रहा था कि टीम यह मुकाबला हार जाएगी। इससे पहले टॉस जीतकर जिम्बाब्वे ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 271 रन बनाए थे। जिम्बाब्वे की टीम जीत की उम्मीद लगाए थी, जब कप्तान सिकंदर रजा ने 42वें ओवर में इंग्लिस को क्लीन बोल्ड कर दिया। उस समय ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 45 रन और चाहिए थे। ब्रैड इवांस (10 ओवर में 47 रन देकर चार विकेट) ने 46वें ओवर में एडम जम्पा को आउट करके ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9 विकेट पर 245 रन कर दिया।

लेकिन एलिस और स्पेंसर जॉनसन (नाबाद सात रन) ने आखिरी विकेट के लिए 27 रन (अटूट) की रोमांचक साझेदारी की।

4,788 रन के साथ महिला टी20 में शीर्ष पर स्मृति



एजेंसी ▶▶| निशिन

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बांग्लादेश के खिलाफ एशियाई खेलों के सेमीफाइनल के दौरान न्यूजीलैंड की दिग्गज सूजी बेट्स को पछाड़कर महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गईं।

महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गईं। उनके नाम अब 4,788 रन हैं। सूजी बेट्स 4,758 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं जबकि भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर 4,287 रन के साथ तीसरे और श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू 4,282 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं।

■ न्यूजीलैंड की दिग्गज सूजी बेट्स को पछाड़ा

स्मृति के सभी प्रारूपों में सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय रन

स्मृति महिला क्रिकेट में सभी प्रारूपों को मिलाकर भी सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं। उन्होंने हाल में महिला एशिया कप के दौरान पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज के 10,868 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा था। स्मृति के नाम अब सभी प्रारूपों में 10,987 अंतरराष्ट्रीय रन हैं, जिसमें टेस्ट में 788, एकदिवसीय में 5,411 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 4,788 रन शामिल हैं। बेट्स 10,740 रन के साथ सभी प्रारूपों में तीसरे स्थान पर हैं।

स्मृति के नाम सर्वाधिक शतक का रिकॉर्ड

स्मृति के नाम महिला क्रिकेट में सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय शतक का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने हाल में महिला एशिया कप के ग्रुप चरण में हांगकांग, चीन के खिलाफ शतक जड़कर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था। बांग्लादेश के खिलाफ स्मृति की आक्रामक शुरुआत ने भारत को महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय के उसके सबसे तेज पावरप्ले में से एक तक पहुंचाया।

रणजी : हैदराबाद की कप्तानी संभालेंगे सिराज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आगामी घरेलू सीजन में रणजी ट्रॉफी के लिए हैदराबाद क्रिकेट संघ ने मोहम्मद सिराज को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी है। सिराज वनडे सीरीज खत्म होने के बाद ही अपनी घरेलू टीम के साथ जुड़ेंगे और उसमें भी वह शुरुआती दो मैचों में ही कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

हैदराबाद क्रिकेट संघ ने बताया कि मोहम्मद सिराज को आगामी रणजी ट्रॉफी सीजन के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें उनके अनुपस्थित होने या उपलब्ध ना होने की स्थिति में उपकप्तान सीवी मिलिंद कप्तानी की जिम्मेदारी को संभालेंगे। इसके अलावा टीम में अनुभवी बल्लेबाज तन्मय अग्रवाल, राहुल सिंह और



विकेटकीपर राहुल रादेश और साई प्रज्ञय रेड्डी को भी शामिल किया गया है। 15 सदस्यीय टीम में चुने गए अन्य खिलाड़ियों में तनाय त्यागराजन, अनिकेत रेड्डी और अजय देव गौड़ ही भी शामिल हैं।

शतरंज ओलंपियाड : महिला टीम को पोलैंड से मिली हार

प्रज्ञानानंदा और गुकेश की जीत से नीदरलैंड पस्त

एजेंसी ▶▶| समरकंद

भारतीय पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 46वें शतरंज ओलंपियाड के पांचवें दौर में नीदरलैंड को 3-1 से मात दी जबकि शीर्ष वरीय भारतीय महिला टीम को पोलैंड के हाथों अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा।

पुरुष वर्ग में शीर्ष बोर्ड पर आर. प्रज्ञानानंदा और चौथे बोर्ड पर विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने जीत दर्ज कर टीम की सफलता में अहम योगदान दिया। प्रज्ञानानंदा ने शुरुआती तीन बाजियां अपेक्षाकृत कम रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के खिलाफ ड्रॉ खेली थीं, लेकिन अहम मुकाबले में उन्होंने बेहतरीन खेल दिखाते हुए शानदार फॉर्म में चल रहे अनीश गिरी को शिकस्त दी।

गुकेश ने 5 बाजियों में दर्ज की चौथी जीत

गुकेश ने एर्विन ला'आमी को हराकर पांच बाजियों में अपनी चौथी जीत दर्ज की। दूसरे बोर्ड पर अर्जुन एरिगैसी और जोरडेन वान फॉरेस्ट के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा। तीसरे बोर्ड पर निहाल सरीन को लूक वान वेली के खिलाफ ज्यादा परेशानी नहीं हुई और उनकी बाजी भी ड्रॉ रही। लगातार पांचवीं जीत के साथ भारतीय पुरुष टीम ने ओलंपियाड में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतने की अपनी उम्मीदों को मजबूत बनाए रखा है।



महिला टीम के लिए पांचवां दौर निराशाजनक

शीर्ष वरीय भारतीय महिला टीम के लिए पांचवां दौर निराशाजनक रहा। दूसरे बोर्ड पर आर. वैशाली को एलेक्जांद्रा माल्त्सेव्स्काया के हाथों हार का सामना करना पड़ा जबकि बाकी तीन बाजियां ड्रॉ रहीं। इसके परिणामस्वरूप भारत को 1.5-2.5 से हार झेलनी पड़ी। विश्व के सबसे बड़े शतरंज आयोजन में अभी छह दौर बाकी हैं, ऐसे में भारतीय महिला टीम के सामने इस झटके से उबरकर वापसी करने की चुनौती होगी।



दिमाग पर हुई नई रिसर्च ने खोला 50 करोड़ साल पुराना राज

जिसे अब तक एक ही अंग मानते थे वो निकला दो हिस्सों का मेल !

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

क्या आप भी यही सोचते हैं कि हमारा दिमाग एक सिंगल यूनिट की तरह काम करता है? जवाब अगर हां, है तो आप गलत हैं। सालों से मेडिकल साइंस जिस थ्योरी को सच मानता आया था, उसे वैज्ञानिकों ने पूरी तरह पलट दिया है। एक नई और चौंकाने वाली रिसर्च में यह यह खुलासा हुआ है कि इंसानी दिमाग कोई एक अकेले एक अंग नहीं, बल्कि दो अलग-अलग हिस्सों से मिलकर बनता है, जिनका विकास 50 करोड़ साल पहले स्वतंत्र रूप से हुआ था। इस ऐतिहासिक खोज के सामने आने के बाद मेडिकल साइंस में बड़ा बदलाव हो सकता है, साथ ही पैदाइशी या गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के इलाज की दिशा में भी एक नई उम्मीद भी जगी है।

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स की अगुवाई में हुई एक नई स्टडी के मुताबिक, इंसानी दिमाग एक ही तरह की शुरुआती कोशिकाओं से नहीं बनता. इसके आगे और पीछे के हिस्से दो अलग-अलग सेल सिस्टम से विकसित होते हैं।



लैब में पहली बार बने पश्च मस्तिष्क के न्यूरॉन्स

इस नई खोज से वैज्ञानिकों की उस पुरानी उलझन को भी सुलझा लिया है, जो सालों से उन्हें परेशान कर रही थी कि लैब में इंसानी पश्च मस्तिष्क की कोशिकाएं उगाना इतना मुश्किल क्यों था? रिसर्चर्स को पता चला कि वे जिस सेल को आगे के हिस्से का समझकर लैब में तैयार कर रहे थे, वे असल में शुरू से ही पूरी तरह अलग थीं। इस नई जानकारी के बाद, स्टैनफोर्ड की टीम ने स्टेम सेल की सहायता से आखिरकार लैब में काम करने वाले इंसानी हिंडब्रैन मोटर न्यूरॉन्स तैयार कर लिए।

दिमाग के दो अलग रास्ते

इंसानी दिमाग के मुख्य रूप से तीन हिस्से होते हैं अग्रस्तिष्क, मध्य मस्तिष्क और पश्च मस्तिष्क.

अग्रस्तिष्क - इसका काम भाषा, तर्क, सोच और चेतना जैसी इंसानी क्षमताओं को संभालना।

पश्च मस्तिष्क - इसका काम सांस लेने, दिल की धड़कन, नींद, भूख और चेहरे की मांसपेशियों जैसी बुनियादी चीजों को कंट्रोल करता है।

अभी तक वैज्ञानिक यह मानते थे कि दिमाग के ये सभी हिस्से शुरुआती दौर में एक ही तरह की कोशिकाओं से बनते हैं। लेकिन, नई स्टडी ने साबित कर दिया है कि भ्रूण के विकास के शुरुआती चरण में ही दिमाग का अगला और पिछला हिस्सा दो अलग-अलग सेल ग्रुप से विकसित होता है। ये दोनों रास्ते बिल्कुल अलग हैं और कभी आपस में नहीं मिलते।

इलाज की जगी नई उम्मीद

यह खोज एएलएस और एसएमए जैसी बीमारियों के रिसर्च में बहुत मददगार साबित हो सकती है, जिनमें बेनस्टेम के न्यूरॉन्स धीरे-धीरे काम करना बंद कर देते हैं। वैज्ञानिक सीधे मरीजों से ये कोशिकाएं नहीं ले सकते, लेकिन अब इन्हें लैब में उगाकर बीमारियों के कारणों का पता लगाया जा सकेगा और नए इलाज टेस्ट किए जा सकेंगे। अब वैज्ञानिक यह पता लगाने में जुटे हैं कि क्या नर्वस सिस्टम के बाकी हिस्से और रीढ़ की हड्डी का भी ऐसा ही पुराना इतिहास रहा है।इस खोज को मेडिकल साइंस में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर माना जा रहा है, जिससे भविष्य में न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के इलाज में क्रांतिकारी बदलाव आ सकते हैं।

जापान ने खेतों में बचे धान के कचरे से बनाया ऑर्गेनिक एथेनॉल

टोक्यो। जापान में अब खेतों में छूटे और बेकार समझे जाने वाले धान को फेंका नहीं जा रहा, बल्कि इससे हाई-क्वालिटी ऑर्गेनिक एथेनॉल बनाकर कॉस्मेटिक्स, साबुन और रोजमर्रा के सामान तैयार किए जा रहे हैं। जापान की बायोटेक कंपनी फर्मेनस्टेशन ने इवाते के ओशू इलाके में यह अनोखा सिस्टम तैयार किया है, जहां खाली पड़े खेतों में उगे और अनयूज्ड धान को फर्मेंटेशन और डिस्टिलेशन तकनीक से रिफाइन करके एथेनॉल में बदला जाता है।

इस पूरे प्रोसेस की सबसे खास बात यह है कि धान से एथेनॉल निकालने के बाद भी कुछ भी बर्बाद नहीं होता। डिस्टिलेशन के बाद बचे हुए गाढ़े हिस्से को राइस मोरोमी कहा जाता है। इसका इस्तेमाल लोकल मुर्गियों और मवेशियों के पौष्टिक चारे के रूप में होता है। फिर इन्हीं मवेशियों का गोबर खेतों में जैविक खाद बनकर लौट आता है।

धान (चावल) से बना यह एथेनॉल और मोरोमी अब आपकी अलमारी तक पहुंच चुके हैं। इनका इस्तेमाल रूम स्प्रे, हैंड सैनिटाइजर, फेस वॉश और कई तरह के ऑर्गेनिक स्किनकेयर प्रोडक्ट्स बनाने में धड़ल्ले से हो रहा है।

मैथ्स के डर ने बनाया जीनियस! सबसे कम उम्र का प्रोग्रामर बना 8 साल का बच्चा

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

क्या आपने कभी सोचा है कि जिस उम्र में बच्चे कार्टून देखने या पार्क में खेलने की जिद करते हैं, उस उम्र में कोई बच्चा कोडिंग सीखकर दुनिया का सबसे कम उम्र का प्रोफेशनल प्रोग्रामर बन जाए? जी हां, ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में रहने वाले 8 साल के नोआ विलियम्स ने कुछ ऐसा ही कारनामा कर दिखाया है। उनकी यह कहानी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है, जहां एक छोटी सी परेशानी ने एक बच्चे को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तक पहुंचा दिया।



कहानी शुरू होती है जब नोआ सिर्फ 6 साल के थे। बाकी बच्चों की तरह नोआ को भी मैथ्स के लंबे-लंबे कैलकुलेशन और होमवर्क से चिढ़ थी। उन्हें मैथ्स के पैटर्न समझने में दिक्कत होती थी। लेकिन, नोआ ने हार मानने के बजाय एक गजब का जुगाड़ निकाला। उन्होंने सोचा कि क्यों न एक ऐसा प्रोग्राम बनाया जाए जो उनका सारा मैथ्स का होमवर्क झटपट सॉल्व कर दे।

7 साल की उम्र में मेंसा आईक्यू टेस्ट में गाड़े झंडे

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अनुसार, नोआ का दिमाग आम बच्चों से अलग और बेहद तेज है। जब वे महज 7 साल के थे, तब उन्होंने दुनिया की सबसे कठिन मानी जाने वाली आईक्यू सोसाइटी मेंसा का टेस्ट दिया। नोआ ने इस टेस्ट में 99.9 परसेंटाइल स्कोर करके सबको हैरान कर दिया। उनकी इस जीनियस प्रतिभा ने यह साबित कर दिया था कि वह आने वाले समय में टेक वर्ल्ड में बड़ा धमाका करने वाले हैं।

130 से ज्यादा पक्षियों की आवाजें निकालता है 12 साल का बच्चा

न्यूयार्क। अमेरिका के ओक्लाहोमा में रहने वाला 12 साल का सैमुअल हेंडरसन इन दिनों अपनी एक अनोखी कला की वजह से इंटरनेट पर छाया हुआ है। सैमुअल पक्षियों की ऐसी सटीक आवाजें निकालता है कि इंसान तो क्या, चिड़िया की आवाज पहचानने वाला मोबाइल ऐप भी धोखा खा जाता है। ऑटिज्म से पीड़ित यह बच्चा अब तक 130 से भी ज्यादा पक्षियों की बोलियों की नकल कर सकता है।

सैमुअल की मां लोरी हेंडरसन बताती हैं कि वह बचपन में बोलना सीखने से पहले ही अपने आसपास की आवाजों की नकल करने लगा था। एक बार ओक्लाहोमा सिटी चिड़ियाघर में उसने एक डस्टबिन पर बैठी 'ग्रेट-टेल्ड ग्रैकल' चिड़िया की आवाज सुनी और उसकी नकल उतारी।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

PRADIKSHA HERBAL दर्द अनेक, उपचार एक!
प्रदिक्षा आर्थो ऑयल


घुटने का दर्द, साइटिका, गाठिया, हड्डियों का दर्द, मांसपेशियों में सूजन, जकड़न, आमवात, संधिवात और मोच में भी लाभदायक एक बार अवश्य आजमायें।
Custmer Care - 9112637000, 9823286830



Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Raipur: Ashram Chowk (GE Road) VANDANA BAJAJ 7714083955,9713540079, Telibandha 7714083955 •Devpuri Raipur ARUN BAJAJ 9770420235, Fafadih 7400654116 Mowa 7400654117 • **Balod** 9039097311• **Baloda Bazar** ARUN BAJAJ 9009399506 • **Bhatapara** ARUN BAJAJ 7828353259 • **Bhilai** AVN BAJAJ 7771844400, 9201645550 • **Durg** VENKATESH BAJAJ 4060122,8982005707 • **Dhamtari** TIRUPATI BAJAJ 9516872343, 7987872343 • **Kanker** TIRUPATI BAJAJ 7587841176 • **Bhanupratappur** TIRUPATI BAJAJ 9977911298 • **Jagdalpur** T M BAJAJ 9986433880, 9425592466 • **Mahasamund** BHAWANI BAJAJ 9424205048, 224789 •**Saraipali** BHAWANI BAJAJ 9424211576 • **Rajnandgaon** KAKKAD BAJAJ 9301111111 **Dongargarh** KAKKAD BAJAJ 9028597766 • **Kawardha** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906 **Pandatarai** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906 • **Khariagarh** 9993988333.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com